राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

खंबरों की बुलंद आवाज

# उज्ज्वल दुनिया

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 12 | पृष्ठ 12 | अंक 08 | रांची, मंगलवार, 10 मार्च 2026 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com



**सु-विचार**

भारतीय क्रिकेट इतिहास में 10 मार्च 1985 का दिन एक यादगार उपलब्धि के रूप में दर्ज है। इसी दिन सुनील गावस्कर की अगुवाई में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को 8 विकेट से हराकर बेंसन एंड हेजेज क्रिकेट वर्ल्ड चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था।










### झारखंड विधानसभा : आईएएस-आईपीएस अधिकारियों की कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग

# राज्य सरकार ने दिया जांच का आश्वासन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को दो शीर्ष अधिकारियों (आईएएस और आईपीएस) के बीच कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग को लेकर सदन में चर्चा हुई। संसदीय कार्य सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जिस ऑडियो रिकॉर्डिंग का जिक्र किया जा रहा है, वह फिलहाल सरकार के पास उपलब्ध नहीं है। यदि यह रिकॉर्डिंग सरकार को उपलब्ध कराई जाती है तो सरकार इस पर संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कराएगी। वित्त मंत्री यह जवाब भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से उठाए गए सवाल के दौरान दे रहे थे। बाबूलाल मरांडी ने सदन में कहा कि पिछले दिनों झारखंड के दो वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई बातचीत की कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग राज्यभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्डिंग पूरे राज्य में घूम रही है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि अभी तक सरकार के पास नहीं पहुंची है। मरांडी ने कहा कि यदि सरकार के पास यह रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं है, तो वह अगले दिन सदन में इसे उपलब्ध करा देंगे। उन्होंने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि यदि राज्य के वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की बातचीत की रिकॉर्डिंग सार्वजनिक हो सकती है, तो भविष्य में विधानसभा अध्यक्ष और विधायकों की बातचीत भी सामने आ सकती है। ऐसे में इस मामले की गंभीर जांच आवश्यक है। उन्होंने राज्य सरकार से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान विधायक नवीन जायसवाल सहित अन्य सदस्यों ने भी चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए मामले की जांच की आवश्यकता पर जोर दिया।

## मुख्यमंत्री से विधानसभा की महिला सदस्यों ने की मुलाकात



### महिला दिवस की दी शुभकामनाएं

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में विधानसभा की महिला सदस्यों ने मुलाकात की और उन्हें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी सभी महिला सदस्यों को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उपस्थित महिला जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया और राज्य के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उनकी भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और सुरक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस दौरान विधानसभा की महिला सदस्यों ने भी मुख्यमंत्री को राज्य में महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने सुझाव साझा किए। मुलाकात के दौरान महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाने तथा राज्य के विकास में उनकी भूमिका को और मजबूत बनाने पर भी चर्चा की गई।

## राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने लोक भवन, राँची में शिष्टाचार भेंट की



रांची। राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोक भवन, राँची में शिष्टाचार भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की जानकारी दी। उक्त अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री ने राज्यपाल महोदय को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, दावोस तथा यूनाइटेड किंग्डम की अपनी हालिया यात्रा के संबंध में भी अवगत कराते हुए कहा कि इस दौरान राज्य की निवेश-उन्मुख नीतियों तथा सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को वैश्विक समुदाय के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। इस यात्रा के परिणामस्वरूप राज्य को विभिन्न निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए, जो औद्योगिक विविधीकरण, रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर माननीया विधानसभा सदस्य श्रीमती कल्पना सोरेन एवं राज्य के मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार भी उपस्थित थे।

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 12 को



**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक 12 मार्च को प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार के मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। मंत्रिपरिषद् की बैठक विधानसभा के बजट सत्र की दूसरी पाली के बाद होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना है। यह जानकारी सोमवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी।

### मुख्यमंत्री से पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ने की शिष्टाचार भेंट, बजट की प्रति सौंपी



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य में सड़क अवसंरचना के विकास और विभाग की आगामी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। भेंट के दौरान प्रधान सचिव सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री को पथ निर्माण विभाग के आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की प्रति भेंट की। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री को वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभाग द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

## झारखंड के गिरिडीह में बिहार एसटीएफ ने दो नक्सलियों को किया गिरफ्तार



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गिरीडीह।** गिरीडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में बिहार के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और गिरीडीह पुलिस के संयुक्त अभियान में भाकपा (माओवादी) संगठन के दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान पंकज यादव (जमुई, बिहार) और पवन सिंह (सतगावा, कोड़रमा) के रूप में हुई है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीपीओ) जीतवाहन उरांव ने सोमवार को गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों के खिलाफ नक्सली गतिविधियों से जुड़े कई मामले दर्ज हैं और वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद बिहार एसटीएफ दोनों को अपने साथ ले गई है। पुलिस के अनुसार, दोनों नक्सलियों के खिलाफ बिहार के जमुई जिले के चरकापत्थर थाना में नक्सली घटना से संबंधित मामला दर्ज है। बिहार पुलिस के मुताबिक, दोनों भाकपा माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य हैं और कई नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ बिहार के जमुई, चकाई, चरकापत्थर और चंद्रदीप थाना क्षेत्रों में मामले दर्ज हैं। इसके अलावा झारखंड के गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड और कोडरमा जिले के सतगांवा थाना में भी नक्सली गतिविधियों को लेकर केस दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपित इन दिनों चरकापत्थर थाना क्षेत्र में दर्ज मामले में जेल से जमानत पर बाहर आए थे। इसके बाद से बिहार पुलिस और एसटीएफ की टीम उनकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस के डर से दोनों नक्सली बेंगाबाद थाना क्षेत्र के गोलगो पंचायत अंतर्गत मंझलाटोल गांव में छिपकर रह रहे थे। गुप्त सूचना मिलने पर पटना एसटीएफ की टीम इंस्पेक्टर अयोध्या प्रसाद के नेतृत्व में बेंगाबाद पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से मंझलाटोल गांव की घेराबंदी कर दोनों नक्सली सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।

## झारखंड का भविष्य बनाने के लिए काम कर रही सरकार : कल्पना

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** विधानसभा बजट सत्र के दौरान सदन में सोमवार को बजट के कटौती प्रस्ताव के पक्ष में विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार की बजट में वृद्धि और विकास होने के बावजूद विपक्ष को परेशानी होती है, जबकि अबुआ सरकार राजनीति नहीं बल्कि झारखंड का भविष्य बनाने के लिए काम कर रही है। जब से गठबंधन की सरकार बनी है, तब से राज्य का बजट 86 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर एक लाख 58 हजार करोड़ रुपये हो गया है। यानी बजट में करीब 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोरोना काल जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद झारखंड की आर्थिक विकास दर प्रभावित नहीं हुई और राज्य ने लगातार प्रगति की है। उन्होंने कहा कि हमारा अबुआ दिशोम बजट सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि झारखंड का भविष्य, आकांक्षा और स्वाभिमान है। बजट केवल कागजों या आंकड़ों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। राज्य की आधी आबादी युवा, बुर्जुग माताएं बहने हर वर्ग के लिए यह बजट है। बजट की बड़ी राशि, युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने में खर्च की जाएगी।

### झारखंड विधानसभा : सदन में ईटखोरी को अनुमंडल बनाने की मांग, विशेष सचिवों के वेतनमान पर भी उठा सवाल

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के नौवें दिन सोमवार को कई अहम मुद्दे सदन में उठे। सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल ने चतरा जिले के ईटखोरी प्रखंड को अनुमंडल बनाने की मांग रखी, वहीं विधायक नीरल पूर्ति ने विशेष सचिवों के वेतनमान से जुड़ा मामला उठाया। सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल ने सदन में कहा कि ईटखोरी प्रखंड भौगोलिक क्षेत्र, जनसंख्या और प्रशासनिक जरूरतों के हिसाब से अनुमंडल बनने की सभी शर्तें पूरी करता है।

## कोयला घोटाला मामले में धनबाद के कायला कारोबारी एलबी सिंह से ईडी की पूछताछ



**रांची।** धनबाद के प्रसिद्ध कोयला व्यापारी एलबी सिंह से सोमवार को रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ की जा रही है। ईडी द्वारा जारी समन के आधार पर वे पूछताछ के लिए कार्यालय पहुंचे, जहां आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अधिकारियों ने उनसे कोयला घोटाले से जुड़े मामलों और उनकी व्यापारिक गतिविधियों के संबंध में सवाल-जवाब शुरू किया। ईडी ने कोयला घोटाले की जांच के दौरान की गई छापेमारी और अन्य कोयला व्यापारियों से पूछताछ में मिले तथ्यों के आधार पर एलबी सिंह को समन जारी किया था। पहली बार नोटिस मिलने के बाद एलबी सिंह ने अपनी बीमारी का हवाला देते हुए ईडी से पेश होने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था। इसके बाद ईडी ने उन्हें आज (9 मार्च) को रांची कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया था। जारी समन के अनुसार, एलबी सिंह रांची स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे।

## झारखड विधानसभा:बीओआई के साथ एमओयू की सुविधाओं पर सवाल

### सारंडा में उग्रवादी गतिविधियों पर चर्चा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के नौवें दिन सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) के साथ राज्य सरकार के हुए एमओयू से मिलने वाली सुविधाओं को लेकर सदन में चर्चा हुई। वहीं सारंडा क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विस्तृत बहस हुई। विधायक अमित कुमार यादव ने सदन में सवाल उठाते हुए पूछा कि बैंक ऑफ इंडिया के साथ हुए एमओयू के तहत मिलने वाली सुविधाएं क्या राज्य के मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सचेतकों और विभिन्न बोर्ड, निगम तथा आयोगों के अध्यक्षों के साथ काम करने वाले निजी सचिवों और सहायकों को भी मिलेंगी। उन्होंने विशेष रूप से बाहरी कोटा से नियुक्त कर्मियों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें भी जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा, आवास ऋण और शिक्षा ऋण जैसी सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए। इस पर जवाब देते हुए संसदीय कार्य सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि राज्य सरकार और बैंक ऑफ इंडिया के बीच हुए एमओयू के तहत सरकारी और संविदा कर्मियों को बीमा और ऋण की सुविधाएं दी जा रही हैं, बशर्ते उनका सैलरी अकाउंट बैंक ऑफ इंडिया में हो। उन्होंने कहा कि इसी आधार पर मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा विभिन्न बोर्ड, निगम और आयोगों के अध्यक्षों के साथ काम करने वाले बाहरी कोटा के कर्मी भी इन सुविधाओं के पात्र होंगे। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि ये सुविधाएं संबंधित कर्मियों को तब तक मिलती रहेंगी, जब तक वे अपने पद पर कार्यरत रहेंगे और उनका सैलरी अकाउंट बैंक ऑफ इंडिया में रहेगा। इसी दौरान सदन में सारंडा क्षेत्र में बढ़ती उग्रवादी गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई। विधायक सरयू राय ने सरकार से कई सवाल उठाते हुए कहा कि गृह विभाग की ओर से दिए गए उत्तर में अनुलग्नक संलग्न होने की बात कही गई थी, लेकिन वह उपलब्ध नहीं कराया गया।

## ईरान में अमेरिकी-इजराइली हमले में मारे गए खामेनेई के बेटे मोजतबा को चुना गया सर्वोच्च नेता



**तेहरान।** अमेरिका-इजराइल के सैन्य अभियान में 28 फरवरी को मारे गए ईरान की इस्लामिक क्रांति के लीडर और सर्वोच्च नेता दिवंगत अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामेनेई को उनका उत्तराधिकारी चुन लिया गया। मोजतबा इस्लामिक क्रांति के लीडर और देश के सर्वोच्च नेता होंगे। 88 सदस्यीय एक्सपर्ट्स असेंबली (मजलिस-ए-खोबरेगान-ए-रहरी) ने मोजतबा का देश के सर्वोच्च नेता के रूप में चुनाव किया। एक्सपर्ट्स असेंबली को ईरान की सबसे ताकतवर धार्मिक विशेषज्ञ सभा भी कहा जाता है। तेहरान की अर्ध सरकारी न्यूज एजेंसी तसनीम ने आज सुबह यह जानकारी साझा की। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की एक्सपर्ट्स असेंबली ने अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामेनेई को इस्लामिक क्रांति का नया लीडर चुना। असेंबली ने कहा कि मोजतबा के पिता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई ने 1989 में इमाम खुमैनी की मौत के बाद 37 साल तक ईरान का नेतृत्व किया।

### सऊदी अरब में मिसाइल हमले से एक भारतीय की मौत, बांग्लादेशी नागरिक भी मारा गया

**रियाद।** सऊदी अरब में बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच एक रिहायशी परिसर पर मिसाइल गिरने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जबकि एक बांग्लादेशी नागरिक भी इस घटना में मारा गया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार हमले में कम से कम 12 अन्य बांग्लादेशी नागरिक घायल हुए हैं। बताया गया है कि यह घटना अल-खर्ज इलाके में हुई, जहां एक आवासीय परिसर पर मिसाइल गिरने से इमारत को भारी नुकसान पहुंचा और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सऊदी सिविल डिफेंस अनुसार हमले के बाद राहत और बचाव दल मौके पर पहुंच गए और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले ईरान की सैन्य इकाई इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया था कि उसने अल-खार्ज समेत कई स्थानों पर रडार सिस्टम को निशाना बनाया है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि रिहायशी परिसर पर गिरने वाली मिसाइल उसी हमले से जुड़ी थी या नहीं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को देखते हुए विदेश मंत्रालय ने पहले ही सऊदी अरब में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है।

# जिंदल स्टील पतरातू में चेयरमैन नवीन जिंदल का जन्मदिन 'फिटनेस डे' के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया

उज्जवल दुनिया संवाददाता



पतरातू। जिंदल स्टील के चेयरमैन सह कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के सांसद ठंर्प्रील्ल खल्र्ला' का जन्मदिन सोमवार को जिंदल स्टील पतरातू में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिंदल समूह द्वारा 9 मार्च को फिटनेस डे के रूप में मनाते हुए स्वास्थ्य, खेल और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6 बजे जिंदल क्लब में आयोजित योग सत्र से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर फिट और स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इसके बाद सभी अधिकारी, पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने मिलकर केक काटकर चेयरमैन का जन्मदिन मनाया। वहीं जिंदल आशा के बच्चों ने भी केक काटकर चेयरमैन को शुभकामनाएं दीं, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और आनंद का माहौल बन गया। इस दौरान आर्चरी, फुटबॉल सहित कई खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर चेयरमैन के जन्मदिन की खुशियां साझा कीं तथा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिंदल स्टील पतरातू के प्लांट प्रमुख के. बी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि चेयरमैन नवीन जिंदल का व्यक्तित्व, कार्यशैली और दूरदर्शी नेतृत्व हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि चेयरमैन सदैव फिटनेस, अनुशासन और सकारात्मक सोच को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि कर्मचारियों में टीम भावना और उत्साह भी पैदा करते हैं। उपस्थित लोगों ने चेयरमैन नवीन जिंदल के दीघार्यु, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनका जीवन विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर जिंदल स्टील पतरातू के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर इस प्रेरणादायक कार्यक्रम को सफल बनाया।

## सेंटेविटा अस्पताल में उत्साह के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




रांचीः अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेंटेविटा अस्पताल में महिलाओं के योगदान और सशक्तिकरण को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल की महिला डॉक्टरों, नर्सों और कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेंटेविटा अस्पताल की कार्यकारी निदेशक श्रीमती रेशमा साहू थीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनका समर्पण ही मरीजों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करता है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और समान अवसरों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान महिला कर्मचारियों द्वारा नृत्य, गायन एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर सेंटेविटा अस्पताल ने महिला सशक्तिकरण और कार्यस्थल पर समान अवसर प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर यह भी उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर श्रीमती रेशमा साहू को 'प्रभात खबर' एवं मॉल ऑफ रांची द्वारा आयोजित ₹वूमेन ऑफ इम्पैक्ट अवार्ड झारखंड₹ से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके समर्पण, नेतृत्व और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## परमजीत कौर वूमेन ऑफ सब्सटेंस नेटवर्क अवॉर्ड से सम्मानित




उज्जवल दुनिया संवाददाता

कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड की निदेशक सह प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर को प्रतिष्ठित वूमेन ऑफ सब्सटेंस नेटवर्क एंड अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। महिला दिवस के अवसर पर रविवार को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में श्रीमती कौर को शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण योगदान एवं सामुदायिक विकास हेतु निरंतर समर्पित भाव से काम करने के लिए इस सम्मान से नवाजा गया। दिल्ली पश्चिम के माननीय सांसद श्री कमलजीत शेरावत, भारत सरकार में पूर्व कोयला मंत्री श्री संतोष बागरोदिया, पूर्व मंत्री एवं आंध्र प्रदेश विधानसभा की सदस्या श्रीमती कुंदरु पुष्पलीला सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया।श्रीमती कौर पिछले पैंतीस वर्षों से अधिक समय से शिक्षा के क्षेत्र में कौशल विकास और नवाचारों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

## ग्रामीण उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण का उत्सव बना राजकीय हस्तकरघा एवं सरस मेला 2026

उज्जवल दुनिया संवाददाता



रांची, मोराबादी मैदान ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में रांची के मोराबादी मैदान में राजकीय हस्तकरघा एवं सरस मेला 2026 का उद्घाटन किया गया। यह मेला राज्य के कारीगरों, बुनकरों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और उन्हें व्यापक बाजार से जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी, बुनकर, कारीगर तथा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएँ उपस्थित रहीं। मेले में देशभर से आए कारीगरों और उद्यमियों के 650 स्टॉल लगाए गए हैं, जहाँ खादी, हस्तकरघा, हस्तशिल्प और ग्रामीण उत्पादों की विविधता देखने को मिल रही है। यह सरस मेला आगामी 20 दिनों तक चलेगा, जिससे लोगों को देश के विभिन्न राज्यों की कला, संस्कृति और शिल्प परंपराओं को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। मेले में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ कुछ विदेशी स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र हैं। यहाँ खादी और हस्तकला से जुड़े उत्पादों के साथ ग्रामीण उद्योगों की समृद्ध परंपरा को प्रदर्शित किया जा रहा है। मेले के दौरान पारंपरिक लोक नृत्य, गायन व वादन, हिंदी गायन, नृत्य नाटिका, आधुनिक फोक गायन तथा बैंड की प्रस्तुति भी आयोजित की जाएगी, जो मेले को सांस्कृतिक रूप से और भी जीवंत बनाएगी। इस अवसर पर जेएसएलपीएस, पलाश, मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग, झारक्राफ्ट, झारखंड हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प निदेशालय सहित विभिन्न सरकारी संस्थाओं के स्टॉल भी लगाए गए हैं, जहाँ राज्य की योजनाओं और उत्पादों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा, प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से महिला उद्यमियों का इस मेले में आना हमारे लिए गर्व और प्रेरणा की बात है। सरकार का स्पष्ट प्रयास है कि झारखंड के पारंपरिक उद्योग, हस्तशिल्प और घरों में महिलाओं द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों को बड़े बाजार से जोड़ा जाए, ताकि उन्हें उनके परिश्रम का उचित मूल्य मिल सके और उनका उद्यम आगे बढ़े। इसी सोच के साथ उद्योग विभाग और JSLPS के माध्यम से 'पलाश' ब्रांड की स्थापना की गई। यह पहल माननीय मुख्यमंत्री जी के उस विजन का हिस्सा है, जिसमें झारखंड की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का लक्ष्य है। आज खरछढर से जुड़ी लाखों महिलाएँ सखी मंडलों के माध्यम से न केवल आजीविका कमा रही हैं, बल्कि अपने कौशल, मेहनत और नवाचार के दम पर नए उद्यम खड़े कर रही हैं। पलाश ब्रांड के तहत झारखंड के हस्तशिल्प, हथकरघा, खाद्य उत्पाद और वन आधारित उत्पाद अब देश के बड़े बाजारों तक पहुँच रहे हैं।

## जिले भर में जन सेवा के भाव से पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी : ब्रजेश कुमार पासवान

रामगढ़। रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर में नव नियुक्त सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान का प्रधान डाकघर में कार्यरत कर्मचारियों ने स्वागत किया ।डाकघर परिसर में सहायक डाक अधीक्षक ने कहा कि डाकघर की सेवाओ को जिले भर में जन सेवा के भाव से पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी ।उन्होंने जिले भर के सभी सरकारी,गैर सरकारी विद्यालयों में जाकर सभी विद्यार्थियों का शून्य बैलेंस में खाता खोलने के लिए जिले भर के डाक कर्मचारी को निर्देश दिए ।उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम घर के सभी सदस्यों का डाकघर में खाता खुलवाने के लिए हर संभव तत्पर रहें ।उन्होंने डाक कर्मचारियों के साथ बैठक कर डाक विभाग की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने के लिए कहा ।इस अवसर पर मुख्य रूप से डाक निरीक्षक रामगढ़ पूर्वी आशीष कुमार पांडे, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय, नरेंद्र कुमार सिंह,रामखेलावन चौधरी ,अरुण कुमार सिंह, चंद्रशेखर कुमार,प्रशांत कुमार सिंह,शम्भू दत्त सिंह,कुंदन कुमार,त्रिदेव प्रियदर्शी,बबन कुमार राय,राजकपूर,शुभम कुमार,रणजीत कुमार रजवार,आशीष कुमार झा,अंकित कुमार,अभिषेक कुमार,भारती टुडू,चंदन कुमार,अमन कुमार ,विकाश कुमार,रंजन कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे ।सभी ने सहायक डाक अधीक्षक का स्वागत करते हुए अपनी शुभकामनाएँ दी ।

# एसबीयू में पांच दिवसीय एफडीपी का शुभारंभ




आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव क्षमताओं को बढ़ाने का कार्य करता है, न कि मानव रोजगार को समाप्त करने का। समय के साथ हमें अप-टूडेट रहना होगा, जिससे हम परिवर्तनों के साथ कदमताल कर सकें। आज के युवा कई मायनों में अपनी पिछली पीढ़ियों से अलग हैं। अतएव परिवर्तन को ग्रहण करना और इसका वाहक बनना समय की मांग है। यह बातें आज आदित्य बिरला ग्रुप (कॉरपोरेट अफेयर्स) के अध्यक्ष डॉ विनोद के शर्मा ने कही। वे आज सरला बिरला विश्वविद्यालय में 'एआई एंड एमएल फॉर एजुकेटर्स' विषय पर आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं तथा आने वाले समय में निश्चित तौर पर एआई और एमएल का महत्व और बढ़ेगा। झारखंड स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल के सहयोग से झारखंड स्टेट फैकल्टी डेवलपमेंट एकेडमी और डिपार्टमेंट ऑफ हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन के आयोजन तले इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डिपार्टमेंट ऑफ हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन की उपनिदेशक डॉ. विभा पांडेय ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों का क्षमता विकास करना है। उन्होंने बताया कि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा एआई एवं एमएल के क्षेत्र में कई प्रशिक्षण कार्यक्रम और शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. एस. बी. दांडिन ने कहा कि एआई एवं एमएल जैसे अत्याधुनिक विषयों पर आयोजित यह कार्यक्रम शिक्षकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस पहल के लिए झारखंड स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी पाँच दिनों में प्रतिभागियों को इन उभरती तकनीकों के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त होगी। एसबीयू के माननीय कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने अपने संबोधन में कहा कि सरला बिरला विश्वविद्यालय में इस महत्वपूर्ण फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन होना गर्व की बात है। उन्होंने विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। यह कार्यक्रम शिक्षकों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से समृद्ध कर शिक्षण की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एआई एवं एमएल भविष्य की महत्वपूर्ण तकनीकें हैं। उन्होंने बताया कि एआई की आधारशिला जॉन मैकार्थी द्वारा रखी गई थी, जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जनक माना जाता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एआई और मशीन लर्निंग के लिए डेटा अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इन तकनीकों के माध्यम से स्वास्थ्य, कृषि और समाज से जुड़े कई जटिल समस्याओं का समाधान संभव है। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. विश्वजीत करन ने एआई, मशीन लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क एवं लार्ज लैंग्वेज मॉडल जैसे विषयों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए पांच दिवसीय कार्यक्रम में होनेवाले सत्रों के विषय में संक्षेप में जानकारी दी। इंजीनियरिंग एवं एप्लाइड साइंसेज के डीन डॉ. पंकज कुमार गोस्वामी ने बताया कि विश्वविद्यालय में रोबोटिक्स लैब एवं एआई-एमएल से संबंधित कई प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं, जो शोध और नवाचार को बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जटिल समस्याओं के समाधान और निर्णय लेने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। तकनीकी सत्र में कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूल अवधारणा पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि एआई के माध्यम से ऐसे सॉफ्टवेयर विकसित किए जा सकते हैं जो पढ़ने, समझने, अनुवाद करने, सीखने और निर्णय लेने जैसे कार्य कर सकें। उन्होंने एआई के विभिन्न अनुप्रयोगों और सेल्फ-ड्राइविंग कार के उदाहरण भी प्रस्तुत किए। मशीन लर्निंग, नैचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग और लार्ज लैंग्वेज मॉडल पर भी उन्होंने विस्तार से चर्चा की। सत्र के दौरान डॉ. विश्वजीत ने प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की मूल अवधारणाओं से परिचित कराते हुए गुणवत्तापूर्ण डेटा से मॉडल की सटीकता की बात कही। एथिकल एआई पर डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव इसके नैतिक उपयोग पर जोर देते हुए फिशिंग अटैक, साइबर अटैक, स्कैम और डीपफेक जैसे खतरों के प्रति आगाह किया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर श्री आनंद कुमार विश्वकर्मा, सुश्री श्वेता मेहता, श्री निशांत कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीप्ति कुमारी ने किया। सरला बिरला विश्वविद्यालय के माननीय प्रतिकुलाधिपति श्री बिजय कुमार दलान एवं माननीय राज्यसभा सांसद सह निदेशक, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस एफडीपी के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया है।

## एक नजर

### सरस मेला में जेआरजीए फाउंडेशन के स्टॉल पर पहुँचीं मंत्री दीपिका पांडेय सिंह



रांचीः Jharkhand State Livelihood Promotion Society (JSLPS) द्वारा आयोजित सारस मेला में JRGA Foundation के स्टॉल पर झारखंड सरकार की माननीय पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह पहुँचीं और टीम के साथ संवाद किया। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से ह्लझारखंड सिल्क कॉरिडोर झ फॉरेस्ट टू फैशन फॉरवर्डह्व पहल तथा टी.ए.पी.ई (Tie & Dye, Accessories, Printing, Embroidery) आधारित विकेन्द्रीकृत सूक्ष्म विनिर्माण मॉडल की जानकारी दी गई, जिसका उद्देश्य महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से राज्य में रेशम आधारित ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना है। खँ१.१३ की प्रबंध निदेशक Garima Singh (IAS) तथा JSLPS के CEO Ananya Mittal ने भी इस पहल की सराहना करते हुए विकेन्द्रीकृत विनिर्माण और ग्रामीण औद्योगिकीकरण को मजबूत करने में इसकी उपयोगिता बताई। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने President Abhitabh Shrivastava के नेतृत्व में JRGA Foundation के विजन और मिशन की सराहना की और इसे महिलाओं के लिए आजीविका सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

### निवेश की सही जानकारी की कमी से लोग गलत निर्णय लेने को होते हैं प्रेरित : सीए अनीश

रांची। दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की रांची शाखा की ओर से सोमवार को रांची शाखा भवन में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम भारत सरकार के कॉर्पोरेट मंत्रालय के अधीन इंवेस्टर एजुकेशन प्रोटेक्शन फंड अथॉरिटी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कई युवा, विद्यार्थियों और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य निवेशकों को वित्तीय बाजार की सही जानकारी देना और सुरक्षित एवं जागरूक निवेश के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अनीश जैन ने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय साक्षरता अत्यंत जरूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि निवेश से संबंधित सही जानकारी का अभाव कई बार लोगों को गलत निवेश निर्णय लेने के लिए प्रेरित कर देता है।

### 04014/04013 आनन्द विहार टर्मिनस-लौकहा बाजार-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी का संचालन

गोरखपुरः रेल प्रशासन द्वारा होली त्यौहार पर यात्री जनता की मांग पर पूर्व से चलाई जा रही 04014/04013 आनन्द विहार टर्मिनस-लौकहा बाजार-आनन्द विहार टर्मिनस वाया गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचलन आनन्द विहार टर्मिनस से 10 से 15 मार्च,2026 तक तथा लौकहा बाजार से 11 से 16 मार्च,2026 तक 06 अतिरिक्त फेरों के लिये निम्नवत बढ़ाया जा रहा है। 04014 आनन्द विहार टर्मिनस-लौकहा बाजार होली विशेष गाड़ी 10 से 15 मार्च,2026 तक प्रतिदिन आनन्द विहार टर्मिनस से 15.40 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 16.22 बजे, संशोधित समयानुसार मुरादाबाद से 19.05 बजे, बरेली से 20.22 बजे, दूसरे दिन लखनऊ से 01.00 बजे, गोण्डा से 04.20 बजे, गोरखपुर से 07.35 बजे, कप्तानगंज से 08.35 बजे, सिसवा बाजार से 09.15 बजे, बगहा से 10.37 बजे, हरिनगर से 11.07 बजे, नरकटियागंज से 11.35 बजे, सिकटा से 11.58 बजे, रक्सौल से 12.33 बजे, बैरगनिया से 13.32 बजे, सीतामढ़ी से 15.10 बजे, शीशो से 16.35 बजे, सकरी से 17.32 बजे तथा झंझारपुर से 18.35 बजे छूटकर लौकहा बाजार 20.15 बजे पहुंचेगी।04013 लौकहा बाजार-आनन्द विहार टर्मिनस होली विशेष गाड़ी 11 से 16 मार्च,2026 तक प्रतिदिन लौकहा बाजार से 21.30 बजे प्रस्थान कर झंझारपुर से 23.05 बजे, सकरी से 23.45 बजे,दूसरे दिन शीशो से 00.40 बजे, सीतामढ़ी से 03.00 बजे, बैरगनिया से 03.30 बजे, रक्सौल से 05.10 बजे, सिकटा से 05.37 बजे, नरकटियागंज से 06.55 बजे, हरिनगर से 07.17 बजे, बगहा से 07.58 बजे, सिसवा बाजार से 10.44 बजे, कप्तानगंज से 11.20 बजे, गोरखपुर से 12.50 बजे, गोण्डा से 15.25 बजे, लखनऊ से 18.00 बजे, बरेली से 22.12 बजे, तीसरे दिन मुरादाबाद से 00.05 बजे तथा गाजियाबाद से 02.50 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 03.40 बजे पहुंचेगी। ।

### 05140/05139 प्रयागराज रामबाग-अयोध्या कैंट-प्रयागराज रामबाग विशेष गाड़ी का संचालन

गोरखपुरः रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 05140/05139 प्रयागराज रामबाग-अयोध्या कैंट-प्रयागराज रामबाग वाया गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचलन प्रयागराज रामबाग से 11 से 20 मार्च, 2026 तक तथा अयोध्या कैंट से 12 से 21 मार्च, 2026 तक प्रतिदिन 10 अतिरिक्त फेरों के लिये निम्नवत बढ़ाया जा रहा है। 05140 प्रयागराज रामबाग-अयोध्या कैंट होली विशेष गाड़ी 11 से 20 मार्च, 2026 तक प्रतिदिन प्रयागराज रामबाग से 18.05 बजे प्रस्थान कर ज्ञानपुर रोड से 18.55 बजे, माधोसिंह से 19.12 बजे, बनारस से 20.10 बजे, वाराणसी सिटी से 20.35 बजे, सारनाथ से 20.52 बजे, औंड़िहार से 21.20 बजे, दुल्लहपुर से 21.55 बजे, मऊ से 22.35 बजे, बेलथरा रोड से 23.05 बजे, सलेमपुर से 23.28 बजे, भटनी से 23.55 बजे, दूसरे दिन देवरिया सदर से 00.25 बजे, चौरी चौरा से 00.51 बजे, गोरखपुर से 02.00 बजे, खलीलाबाद से 02.45 बजे, बस्ती से 03.12 बजे, बभनान से 03.40 बजे, मनकापुर से 04.08 बजे, कटरा से 04.39 बजे तथा अयोध्या धाम जं. से 05.17 बजे छूटकर अयोध्या कैंट 05.35 बजे पहुँचेगी। 05139 अयोध्या कैंट-प्रयागराज रामबाग होली विशेष गाड़ी 12 से 21 मार्च, 2026 तक प्रतिदिन अयोध्या कैंट से 08.35 बजे प्रस्थान कर अयोध्या धाम जं. से 08.45 बजे, कटरा से 09.04 बजे, मनकापुर से 09.35 बजे, बभनान से 10.03 बजे, बस्ती से 10.35 बजे, खलीलाबाद से 11.03 बजे, गोरखपुर से 12.10 बजे, चौरी चौरा से 12.47 बजे, देवरिया सदर से 13.20 बजे, भटनी से 13.45 बजे, सलेमपुर से 14.00 बजे, बेलथरा रोड से 14.24 बजे, मऊ से 15.00 बजे, दुल्लहपुर से 15.24 बजे, औंड़िहार से 15.58 बजे, सारनाथ से 16.40 बजे, वाराणसी सिटी से 17.03 बजे, बनारस से 17.35 बजे, माधोसिंह से 18.10 बजे, ज्ञानपुर रोड से 18.25 बजे छूटकर प्रयागराज रामबाग 19.30 बजे पहुँचेगी। ।

### गाड़ियों को नियंत्रित एवं पुनर्निर्धारित कर निम्नवत

गोरखपुरः रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के रायवाला-देहरादून खण्ड पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों को नियंत्रित एवं पुनर्निर्धारित कर निम्नवत चलाया जायेगा।

- काठगोदाम से 10, 12, 15, 17, 19, 22, 24, 26, 29, 31 मार्च, 02, 05, 07, 09, 12, 14, 16, 19, 21, 23, 26, 28, 30 अप्रैल, 03, 05, 07, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28, 31 मई, 02, 04, 07, 09, 11, 14,16, 18, 21, 23, 25, 28, 30 जून, 02, 05, 07, 09, 12, 14, 16, 19, 21, 23, 26, 28, 30 जुलाई तथा 02, 04,06, 09, 11 एवं 13 अगस्त,2026 को चलने वाली 14119 काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस पूर्वोत्तर रेलवे पर 30 मिनट तथा शेष उत्तर रेलवे पर नियंत्रित कर चलाई जायेगी।
- बनारस से 10, 12, 15, 17, 19, 22, 24, 26, 29, 31 मार्च, 02, 05, 07, 09, 12, 14, 16, 19, 21, 23, 26, 28, 30 अप्रैल, 03, 05, 07, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28, 31 मई, 02, 04, 07, 09, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28, 30 जून, 02, 05, 07, 09, 12, 14, 16, 19, 21, 23, 26, 28, 30 जुलाई तथा 02, 04, 06, 09, 11 एवं 13 अगस्त,2026 को चलने वाली 15119 बनारस-देहरादून एक्सप्रेस मार्ग में 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

# रेस्टोरेंट हत्याकांड पर डीजीपी ने की उच्चस्तरीय बैठक, अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के दिए निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र अंतर्गत कुटियातू स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई हत्या की घटना को लेकर झारखंड की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने सोमवार को रांची पुलिस के आला अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने घटना में शामिल अपराधियों की जल्द पहचान कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान डीजीपी ने कहा कि अपराधियों को पकड़ने के लिए तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और अन्य उपलब्ध सूचनाओं का व्यापक रूप से उपयोग किया जाए। उन्होंने विशेष टीम गठित कर लगातार छापेमारी अभियान चलाने और कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए।

इस बैठक में एडीजी मनोज कौशिक, रांची के एसएसपी राकेश रंजन, एटीएस एसपी ऋषभ कुमार झा, सिटी एसपी पारस राणा तथा एयरपोर्ट थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में अपराधियों ने टीटॉस रेस्टोरेंट घुसकर गोलीबारी की थी। इस दौरान मनीष गोप नामक व्यक्ति को गोली लग गई थी, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद रांची पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

बताया जा रहा है कि होटल संचालक ने दिसंबर महीने में ही एयरपोर्ट थाना पुलिस को धमकी मिलने की सूचना दी थी। इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण अपराधियों ने एक दिन पहले रेस्टोरेंट में घुसकर होटल संचालक के चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी।

डीजीपी के निर्देश पर चार पुलिसकर्मी निलंबित

इधर, रामगढ़ जिले के रजरप्पा मंदिर में पुलिसकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की घटना पर भी डीजीपी ने संज्ञान लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को देखते हुए डीजीपी ने रामगढ़ पुलिस अधीक्षक को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

निर्देश के बाद पुलिस अधीक्षक ने घटना में शामिल चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया है। मामले में आगे की जांच और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## रांची में ज्वेलरी शॉप से हीरे की अंगूठी लेकर फरार हुआ ग्राहक, सीसीटीवी के आधार पर जांच तेज



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी इलाके में एक ज्वेलरी दुकान से हीरे की अंगूठी चोरी होने का मामला सोमवार को सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक ग्राहक अंगूठी देखने के बहाने दुकान में आया और मौका पाकर हीरे की अंगूठी लेकर चुपचाप फरार हो गया। घटना के बाद दुकानदार की शिकायत पर हिंदपीढ़ी थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस के अनुसार, हिंदपीढ़ी स्थित ह्लमियां तनिष्कह्ल नामक ज्वेलरी शॉप में एक ग्राहक अंगूठी देखने के लिए पहुंचा था। दुकान के कर्मचारी ने उसे कई अंगूठियां दिखाई, जिनमें से एक हीरे की अंगूठी उसे पसंद आ गई। इसी दौरान उसने मौका देखकर अंगूठी अपने पास रख ली और बिना किसी को बताए दुकान से निकल गया। कुछ देर बाद जब दुकानदार और कर्मचारियों ने दुकान में रखे सामानों का मिलान किया, तो एक हीरे की अंगूठी गायब मिली। इसके बाद दुकान के कर्मचारी सूरज ठाकुर ने तुरंत हिंदपीढ़ी थाने में इसकी सूचना दी। सूरज ठाकुर की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोप्त की पहचान की जा सके। हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति का चेहरा साफ दिखाई दे रहा है।

## प्रधान जिला जज ने किया चलंत लोक अदालत का शुभारंभ




**खूंटी।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा), रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक विधिक सेवाएं और विधिक जागरूकता उनके द्वार तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को जस्टिस ऑन व्हील्स (चलंत लोक अदालत) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रसिकेश कुमार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया। इस अवसर पर पीडीजे ने सिविल कोर्ट परिसर से जस्टिस ऑन व्हील्स वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में सभी न्यायिक पदाधिकारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न्याय तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करना है। जस्टिस ऑन व्हील्स वाहन मार्च 2026 के पूरे माह तक खूंटी जिले के विभिन्न प्रखंड और गांवों का भ्रमण करेगा, जिसके दौरान चलंत लोक अदालत और विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से लोगों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता, विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और लोक अदालत के माध्यम से विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार में उपलब्ध मध्यस्थता (मेडिएशन) प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी, जिसके माध्यम से प्रशिक्षित मध्यस्थों की सहायता से आपसी संवाद और सहमति के आधार पर विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान किया जा सकता है एवं लंबी न्यायिक प्रक्रिया से बचा जा सकता है।

इस अभियान के अंतर्गत पैनल अधिवक्ताओं, विधिक सहायता रक्षा परामर्शदाता प्रणाली (एलएसडीए) के सदस्यों और पैरालीगल वॉलंटियर्स को भी इस जस्टिस ऑन व्हील्स कार्यक्रम से संबद्ध किया गया है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को विधिक परामर्श देंगे और उन्हें उपलब्ध विधिक सेवाओं के बारे में जागरूक करेंगे। इस यात्रा के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम गांवों में लोगों से बातचीत करेगी, उनकी विधिक समस्याओं को सुनेगी, जानकारी संबंधी सामग्री वितरित करेगी और उपयुक्त मामलों के निपटारे के लिए चलंत लोक अदालत के माध्यम से सहायता देगी। इस प्रकार यह पहल विधिक जागरूकता को बढ़ावा देने और सभी के लिए न्याय तक पहुंच के उद्देश्य को सुदृढ़ करेगी।

## हत्या मामले में पांच आरोपित गिरफ्तार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**खूंटी।** जिले के कर्रा थाना क्षेत्र के टिमड़ा गांव में जमीन विवाद को लेकर शनिवार की रात हुई सुकरा महतो की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने एक शूटर सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनीष टोप्पो ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।

एसपी ने बताया कि छह मार्च की रात कर्रा थाना क्षेत्र के टिमड़ा गांव में अपराधियों ने गोली मारकर सुकरा महतो की हत्या कर दी थी। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की ओर से कर्रा थाना में मामला दर्ज कराया गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए तोरपा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने आठ मार्च को कार्रवाई करते हुए पांचों आरोपितों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में विकास महतो (26), बिनोद महतो (23), रामप्रसाद महतो उर्फ छोटू (24), सिकन्दर महतो उर्फ सचिन (28) और रामू महतो (24) शामिल हैं। सभी आरोपित कर्रा थाना क्षेत्र के टिमड़ा गांव के ही रहने वाले हैं। इनमें विकास महतो शूटर है, जिसने सुकरा महतो को गोली मारी थी। एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपितों ने हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। उन्होंने बताया कि सुकरा महतो के ससुर का कोई बेटा नहीं था। ऐसी स्थिति में उनके ससुर ने अपनी लगभग 17 एकड़ जमीन अपनी दो बेटियों (जिसमें एक सुकरा महतो की पत्नी भी शामिल है) के नाम लिख दी थी। इसके बाद से सुकरा अपने परिवार के साथ टिमड़ा गांव में ही रह रहे थे। आरोपितों को यह बात नागवार गुजर रही थी कि उनके गोतिया की जमीन बेटियों को मिल गई। उनका मानना था कि जमीन में बेटियों को हिस्सा नहीं मिलना चाहिए था। इसी जमीन को लेकर मामला अदालत तक पहुंच गया था, जहां फैसला सुकरा महतो के पक्ष में आया था। अदालत का फैसला आने के बाद भी आरोपितों में नाराजगी बनी रही और उन्होंने सुकरा के परिवार को मर डालने की योजना बनाई।

इसी रंजिश के चलते आरोपितों ने योजनाबद्ध तरीके से सुकरा महतो की छह मार्च की रात गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों ने सुकरा महतो के बेटे अर्जुन मुंडा को भी गोली मार दी, पर वह बच गया। उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक देसी कट्टा और एक अपाची बाइक ( जेएच 23ए-3806 ) को जंगल से बरामद किया है। पुलिस के अनुसार इस कांड में शामिल अन्य शूटर और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले में शामिल बाकी अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## झारखंड विधानसभा: पोटका में बारिश से प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने उठा मुद्दा

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के नौवें दिन सोमवार को एक ओर जहां पोटका विधानसभा क्षेत्र में भारी बारिश से प्रभावित परिवारों को मुआवजा नहीं मिलने का मुद्दा सदन में उठा। वहीं, दूसरी ओर राज्य में बड़ी संख्या में खाली पड़े सरकारी पदों को लेकर भी सदन में तीखी बहस देखने को मिली। पोटका से विधायक जगत मांझी ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से कहा कि वर्ष 2025-26 में भारी बारिश के कारण उनके विधानसभा क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ था। मुआवजे के लिए कुल 684 आवेदन प्राप्त हुए थे, लेकिन अब तक किसी भी आवेदक को राहत राशि नहीं मिली है। उन्होंने सरकार से पूछा कि इन आवेदनों की स्वीकृति कब तक होगी और प्रभावित परिवारों को मुआवजा कब दिया जाएगा। इस पर जवाब देते हुए मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि पोटका क्षेत्र में भारी बारिश से व्यापक क्षति हुई थी। उपायुक्त द्वारा कराए गए आकलन के आधार पर 335 परिवारों को चिन्हित किया गया था और उन्हें नियमानुसार मुआवजे का भुगतान कर दिया गया है। बाकी आवेदनों के संबंध में उन्होंने कहा कि यदि ऐसे पात्र लोगों की सूची सामने आती है, जिन्हें अब तक मुआवजा नहीं मिला है, तो सरकार उन्हें भी राहत राशि उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को लेकर गंभीर है और धन की कोई कमी नहीं है। सदन की कार्यवाही के दौरान राज्य में खाली पड़े सरकारी पदों का मुद्दा भी जोर-शोर से उठा। विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में स्वीकृत 3,51,000 पदों के मुकाबले लगभग 1,54,000 पद खाली हैं, जो करीब 45 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में रिक्तियां होने से सरकारी कामकाज प्रभावित हो रहा है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या विभागों से अधियाचना नहीं आने के कारण ये पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। विधायक तिवारी ने कहा कि ये पद पुराने समय में जनसंख्या के अनुपात में स्वीकृत किए गए थे और इनके खाली रहने से योजनाओं के क्रियान्वयन और बजट खर्च पर भी असर पड़ रहा है। इस पर मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि सरकार वित्त विभाग के आंकड़ों को आधार मानती है, क्योंकि एचआरएमएस के आंकड़ों में कभी-कभी त्रुटि हो सकती है।

## एक नजर

### मांडर महाविद्यालय में सात दिवसीय 'सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन



**मांडर।** प्रखंड स्थित सोमवार को मांडर महाविद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास और भविष्य की व्यावसायिक चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित सात दिवसीय सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग ( कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम महिंद्रा प्राइड क्लासरूम द्वारा नांदी फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क आयोजित किया गया था। सात दिनों तक चले इस गहन प्रशिक्षण सत्र में कॉलेज के अंतिम वर्ष के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के संचार कौशल( आत्मविश्वास, साक्षात्कार की तैयारी और व्यक्तित्व विकास में निखार लाना था। मुख्य प्रशिक्षक और मार्गदर्शन इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रशिक्षक श्री मणिक कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने अपने अनुभव और प्रभावी शिक्षण विधियों के माध्यम से छात्रों को कॉर्पोरेट जगत की बारीकियों से अवगत कराया। मणिक कुमार ने छात्रों को टीम वर्क, समय प्रबंधन और पेशेवर नैतिकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की सफलता पर राज्य प्रशिक्षण समन्वयक श्री अमित कुमार ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिंद्रा प्राइड क्लासरूम का लक्ष्य युवाओं को न केवल शिक्षित करना है, बल्कि उन्हें रोजगार के योग्य बनाना भी है। मंदार कॉलेज के छात्रों में सीखने का गजब का उत्साह देखा गया। प्रशिक्षण की मुख्य विशेषताएं: व्यावसायिक संचार: प्रभावी ढंग से अपनी बात रखने की कला। व्यक्तित्व विकास: आत्मविश्वास और बॉडी लैंग्वेज में सुधार। ग्रुप डिस्कशन और मॉक इंटरव्यू: वास्तविक साक्षात्कार के अनुभव के लिए अभ्यास। डिजिटल साक्षरता: कार्यस्थल पर तकनीक का सही उपयोग। कॉलेज प्रशासन का आभार समापन समारोह के अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य ने महिंद्रा प्राइड क्लासरूम और नांदी फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के छात्रों के लिए मील का पत्थर साबित होते हैं। उन्होंने प्रशिक्षक मणिक कुमार को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया। छात्रों ने अपनी प्रतिक्रिया में बताया कि इस सात दिवसीय कार्यशाला से उनके दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव आया है और वे अब अपने करियर को लेकर अधिक स्पष्ट और आत्मविश्वासी महसूस कर रहे है

### संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में ग्यारहवीं में नामांकन के लिए एड्मिसन फॉर्म मिलना शुरू

**मांडर।** सत्र 2026-28 के लिए संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में नामांकन फॉर्म 09-03-2026 से मिलना शुरू हो गया है इच्छुक छात्र -छात्रा सुबह 8 बजे से अपराह्न 1 बजे तक कॉलेज परिसर काउंटर से आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस के लिए नामांकन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज क्षेत्र का एक प्रतिष्ठित संस्थान है जिसमे बेहतर शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी शिक्षक-शिक्षिकाओं की टीम, उच्च स्तरीय लैब, पुस्तकालय व्यवस्था उपलब्ध है। साथ ही छात्र-छात्राओं में व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए खेल एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में विशेष मार्गदर्शन दिया जाता है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावृत्ति की व्यवस्था उपलब्ध है। नामांकन में छात्राओं (बालिकाओं)को प्राथमिकता दिया जाएगा।

### आईसीएआर नामकुम में किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी आयोजित



**खूंटी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 08 और 09 मार्च को आईसीएआर, नामकुम (रांची) में किसान मेला और कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य की कृषिए पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं, जबकि विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दीकी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेले में विभिन्न जिलों से आए किसानों, महिला समूहों और कृषि आधारित उद्यमों ने अपने उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में खूंटी जिले के बीएमएमयू तोरपा की ओर से ब्रांड पलाश के अंतर्गत संचालित दीदी बेकरी यूनिट का भी एक स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल में मडुवा (रागी) से निर्मित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की गई, जिनमें निमकी, केक, सेब कुकीज, फ्रूट केक सहित अन्य खाद्य उत्पाद शामिल थे। मेले में पहुंचे अतिथियों और आगंतुकों ने इन उत्पादों की गुणवत्ता और स्वाद की काफी सराहना की। साथ ही स्टॉल पर इन उत्पादों की अच्छी बिक्री भी हुई। कार्यक्रम के दौरान कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दीदी बेकरी यूनिट के कार्यों की सराहना करते हुए इसे कृषि आधारित स्टार्टअप श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हैं, बल्कि स्थानीय कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### झारखंड में 11 मार्च तक बारिश और वज्रपात की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में 11 मार्च तक बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 12 मार्च से मौसम साफ होने की उम्मीद है। सोमवार को रांची सहित कई जिलों में सुबह से ही बादल छाए रहे, जिससे धूप की तपिश कम महसूस की गई।

## रांची सदर अस्पताल में 300 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रांची।** रांची जिले में चल रहे टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोमवार को रांची सदर अस्पताल में 300 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किया गया। यह किट स्वयंसेवी संस्था आरके एचआईवी की ओर से सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार और जिला टीबी (यक्ष्मा) पदाधिकारी डॉ. सिद्धेश्वर बास्की के हाथों मरीजों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि टीबी मरीजों के उपचार के साथ-साथ उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना भी बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि उनका स्वास्थ्य तेजी से बेहतर हो सके। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम), जिला कार्यक्रम समन्वयक राकेश कुमार राय, पीपीएम फजले, डीपीएस, एसटीएस सहित अन्य टीबी कार्यक्रम से जुड़े कर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि स्वयंसेवी संस्था आरके एचआईवी की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी टीबी मरीजों को नियमित रूप से पोषण किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे मरीजों को उपचार के दौरान आवश्यक पोषण मिल सके।

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi), Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

Very Short-Term e-Procurement Notice

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/59/2025-26 | Development of Termic Area with PCC and Parking Tiles and Provision of Sheds for Securities, Gen Set and HT Panel for State Hanger, Hinoo, Ranchi | 9874200 | One Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 16-03-2026 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 23-03-2026 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 24-03-2026 at 11.00 AM | |
| 5 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 6 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |

Note: - Cost of bidding document (Non-Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 374455 Building(25-26)#D

# अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित ऐसे लंबित मामलों की समीक्षा की गई, जिनका निष्पादन अन्य विभागों के समन्वय के अभाव में लंबित है। बैठक के दौरान लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपसी संवाद एवं पत्राचार को प्रभावी बनाया जाए तथा सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए, ताकि जनसामान्य से जुड़े मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने जनता दरबार से प्राप्त मामलों तथा पीजी पोर्टल पर लंबित शिकायतों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही झारसेवा पोर्टल के अंतर्गत लंबित जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र को त्वरित रूप से निर्गत करने पर विशेष बल दिया। इसके अतिरिक्त “सरकार आपके द्वार” कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन की कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग को एनएफएसए से संबंधित कार्यों एवं गोदाम निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने तथा भूमि हस्तांतरण से संबंधित आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली, पेयजल तथा भवन निर्माण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने को कहा। साथ ही पथ निर्माण विभाग, जल जीवन मिशन, लघु सिंचाई विभाग सहित सभी विभागों को संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सभी अधिकारियों से पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की अपेक्षा की गई, ताकि जिले के विकास कार्यों के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में उपायुक्त के अतिरिक्त डीआरडीए, निदेशक मां देवप्रिया, बरही एसडीओ जोहन टुडु, सदर डीसीएलआर राजकिशोर प्रसाद, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## हजारीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद के लिए 10 उम्मीदवार मैदान में...,14 मार्च को होगा मतदान...

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। हजारीबाग की विश्व प्रसिद्ध इंटरनेशनल रामनवमी-2026 को भव्य स्वरूप देने के लिए रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया बड़ा अखाड़ा परिसर से शुरू हो गई है। यह चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से होगा। बड़ा अखाड़ा परिसर में रविवार को हुई बैठक में आम सहमति न बनने के बाद चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। इसवार रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद के लिए दस उम्मीदवार हैं।

**इस प्रकार पूरा होगा चुनावी प्रक्रिया**

**नाम वापसी:** सोमवार शाम 6 बजे तक।

चुनाव चिन्ह आवंटन: मंगलवार को क्रमांक संख्या और सिंबल दिए जाएंगे।

**मतदान:** 14 मार्च शनिवार, सुबह 8 बजे से।

**स्थान:** बड़ा अखाड़ा परिसर, हजारीबाग।

**रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में**

अध्यक्ष के लिए मनीष यादव उर्फ चरका यादव, किशन यादव, पुरुषोत्तम पांडेय, करण यादव उर्फ लड्डू यादव, अजय दास, दीप नारायण यादव, राज कुमार सोनी, दीपक देवराज, खोचु बंगाली और आशीष सिन्हा का नाम सामने आया है। महासमिति और संरक्षण समिति ने सभी रामभक्तों से शांति, सौहार्द और मयार्दा के साथ इस चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने की अपील की है। करीब 101 अखाड़ों के प्रतिनिधि इस प्रतिष्ठित पद के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## बड़कागांव: बी.एम.मेमोरियल स्कूल के छात्रों ने बनाया स्किल डेवलपमेंट आर्ट

उज्जवल दुनिया संवाददाता




बड़कागांव। बड़कागांव बी.एम. मेमोरियल स्कूल में निर्देशक संदीप कुशवाहा के निदेर्शानुसार स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 9 वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषयों पर आधारित - मॉडल तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बनाए गए मॉडलों की शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सराहना की तथा उनसे संबंधित प्रश्न भी पूछे गए।विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया।इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना है।तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल का विकास करने के उद्देश्य से मॉडल निर्माण कार्य करवाया गया। निर्देशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि ऐसे प्रतियोगिता से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता और रचनात्मकता की दिशा में प्रेरित करता हैं।प्राचार्य कैलाश कुमार एवं उप प्राचार्या पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारा विद्यालय में बच्चों के शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए तरह-तरह की क्रियाकलाप कराए जाते हैं।ताकि बच्चों का भविष्य बेहतर हो सके। मौके पर बी.एम.मेमोरियल स्कूल के निदेशक संदीप कुशवाह ,उपनिर्देशक पिंटू कुशवाहा, विद्यालय शिक्षा अध्यक्ष रंजीत कुमार, ब्रह्मदेव सिंह चौहान, आनन्द राज, महेंद्र विश्वकर्मा, मुकेश कुमार दास, सोनू कुमार, कृष्ण यादव, राजेश कुमार, ऋषभ अग्रवाल, शंकर महतो, कुलदीप रंजन, एरिका टोप्पो , देवंती कुमारी, अंजली मिश्रा, गंगा भारती, अफसाना परवीन ,स्नेहा कुमारी, सावित्री टुडू, रेखा कुमारी, अन्नीदिता दास, नीलम बेदिया, विकास ठाकुर, सुभाष प्रसाद,रंजन कुमार, आदित्य कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**झारखंड विधानसभा के बाहर बड़कागांव के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर विधायक ने दिया धरना**

## ड्रग्स, कोयला और बालू के अवैध कारोबार के वर्चस्व को लेकर क्षेत्र में लगातार घट रही आपराधिक घटनाएं

उज्वल दुनिया संवाददाता




बड़कागांव। बड़कागांव झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान सोमवार को सदन के बाहर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने धरना देकर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया और सरकार का ध्यान इन गंभीर घटनाओं की ओर आकृष्ट कराया। उन्होंने बड़कागांव क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाएँ, अवैध तस्करी तथा निर्दोष लोगों पर हो रही कार्रवाई को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए निम्नलिखित मांगों को प्रमुखता के साथ रखते हुए कहा कि बड़कागांव के नापो में हुए दोहरे हत्या कांड में नापो निवासी रोहित साव एवं प्रदीप साव की निर्मम हत्या से पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। इस जघन्य घटना में शामिल सभी अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए ताकि पीड़ित को इंसाफ मिल सके। पुलिस वाहन लिखी गाड़ी से हुई रोहित साव एवं प्रदीप साव की हत्या की सीबीआई या सीआईडी से निष्पक्ष जांच कराई जाए। घटना में जिस प्रकार पुलिस वाहन लिखी गाड़ी का उपयोग होने की बात सामने आई है, वह अत्यंत गंभीर विषय है। इसलिए इस मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच सी बी आई या सी आई डी से कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। बड़कागांव क्षेत्र में चल रहे अवैध ड्रग्स, कोयला एवं बालू की तस्करी पर तत्काल रोक लगाई जाए। क्षेत्र में लंबे समय से अवैध ड्रग्स, कोयला और बालू की तस्करी खुलेआम चल रही है, जिससे कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सरकार और प्रशासन को इस पर तत्काल सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। अवैध तस्करी के वर्चस्व को लेकर बढ़ रही आपराधिक घटनाओं की न्यायिक जांच कराई जाए। अवैध ड्रग्स, कोयला और बालू के अवैध कारोबार के वर्चस्व को लेकर क्षेत्र में लगातार आपराधिक घटनाएँ हो रही हैं। इन सभी घटनाओं की न्यायिक जांच कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आए और दोषियों को कठोर सजा मिल सके।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया




उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोमवार को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की महिला कर्मियों को सम्मानित करते हुए उन्हें गुलाब का फूल भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और सशक्तिकरण के संदेश को मजबूत करना था। इससे पूर्व महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम की शुरूआत आईसेक्ट इंटर कॉलेज की प्राचार्या ममता शर्मा, आईसेक्ट विश्वविद्यालय की एकेडमिक कोआर्डिनेटर डॉ माधवी मेहता, एनएसएस समन्वयक डॉ प्रीति कुमारी, परफॉर्मिंग आर्ट्स डीन कुमारी सीमा व सहायक प्राध्यापिका नागेश्वरी कुमारी के हाथों दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर कई रोचक खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिला कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेलों के दौरान हंसी-मजाक और उत्साह का माहौल देखने को मिला, जिससे कार्यक्रम और भी जीवंत बन गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज और संस्थान के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं को सम्मान और समान अवसर देना ही सच्चे अर्थों में महिला सशक्तिकरण है। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक, समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, उपकुलसचिव राकेश मिश्रा, विजय कुमार व ललित मालवीय, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ एस आर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार सहित अन्य की ओर से सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य और निरंतर प्रगति की कामना की गई।

### डीसी ने किया पर्यटन स्थल खैवा बंदारू जलप्रपात का निरीक्षण

चतरा। जिले में पर्यटन के विकास और संभावनाओं की तलाश करने के उद्देश्य से सोमवार को उपायुक्त कीर्तिश्री ने चतरा और लावालौंग सीमा पर स्थित प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर पर्यटन स्थल खैवा बंदारू जलप्रपात का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जरूरी आधारभूत सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया। खैवा बंदारू जलप्रपात निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए वहां जरूरी मूलभूत व्यवस्थाओं का आकलन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पहुंच पथ की मरम्मती कराने और पर्यटकों के बैठने के लिए बनाए गए क्षतिग्रस्त शेड की मरम्मती और आवश्यकतानुसार नए शेड के निर्माण की दिशा में जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को विकसित कर जिले में पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ाया जा सकता है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। खैवा बंदारू जलप्रपात जाने के क्रम में उपायुक्त ने बाजार टांड़ स्थित आंगनवाड़ी केंद्र भगवनिया का भी निरीक्षण किया और वहां संचालित योजनाओं की जानकारी ली।

# झारखंड: वन विभाग की 32 हजार एकड़ वनभूमि पर अवैध कब्जा

## वन एवं पर्यावरण विभाग वनभूमि पर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की तैयारी में जूटी

अजय निराला/ उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। झारखंड प्रदेश में वन भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर वन एवं पर्यावरण विभाग अब कार्रवाई की तैयारी में जूटी है। जानकारी के मुताबिक विभाग ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है कि राज्य की लगभग 32,000 हजार एकड़ वन भूमि पर वर्तमान में अवैध कब्जा या अतिक्रमण है। इस बहुमूल्य भूमि को वापस पाने और भविष्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की है।

**अभिलेखों का होगा पुनरीक्षण और डिजिटल लैंडबैंक की तैयारी:**

विभाग ने सबसे पहले अपने पुराने सरकारी अभिलेखों के गहन अध्ययन का निर्णय लिया है। इसके साथ ही, विभाग अपना एक लैंडबैंक तैयार करने जा रहा है। वन भूमि का सटीक रिकॉर्ड रखना ताकि भविष्य में अवैध हस्तांतरण को रोका जा सके। इस लैंडबैंक की जमीन का इस्तेमाल व्यापक पौधरोपण और आवश्यक संरचनात्मक विकास के लिए किया जाएगा। विभाग ने अगले 10 वर्षों की कार्ययोजना के तहत इसे एक प्रमुख लक्ष्य के रूप में निर्धारित किया है।

**नेशनल हाईवे और रिसॉट्र्स पर भी है नजर:**

हाल के दिनों में वन भूमि के अवैध हस्तांतरण और जंगलों को काटकर खेती करने के मामले तेजी से बढ़े हैं। विशेष रूप से नेशनल हाईवे के किनारे बने कई लग्जरी रिसॉट्र्स और दुकानों द्वारा वन भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतें मिली हैं।

**अतिक्रमण की गई वन भूमि के प्रमुख क्षेत्र:**

**रांची:** पूर्वी प्रभाग - 2135.014 हेक्टेयर
- वन्यजीव प्रभाग - 56.007 हेक्टेयर

**खूंटी:** वन प्रभाग - 4596.044 हेक्टेयर

**गुमला:** वन प्रभाग - 30.018 हेक्टेयर

**सिमडेगा:** वन प्रभाग - 46.079 हेक्टेयर

**रामगढ़:** वन प्रभाग - 193.853 हेक्टेयर

**बोकारो:** वन प्रभाग - 285.0 हेक्टेयर

**धनबाद:** वन प्रभाग - 893.084 हेक्टेयर

**लातेहार:** वन प्रभाग - 334.399 हेक्टेयर

**चतरा:** उत्तरी वन प्रभाग - 549.553 हेक्टेयर, दक्षिणी वन प्रभाग -1207.007 हेक्टेयर

**हजारीबाग:** वन्य जीव- 5.007 हेक्टेयर
- पूर्वी वन प्रमंडल- 90.231 हेक्टेयर
- पश्चिमी वन प्रमंडल- 450.90 हेक्टेयर

**सारंडा:** वन प्रमंडल- 5827.00 हेक्टेयर

**लोहरदगा:** 137.068 हेक्टेयर

**दुमका:** 76.070 हेक्टेयर

**जामताड़ा:** 76.00 हेक्टेयर

**पोड़ैयाहाट:** 25206.004 हेक्टेयर

**चाईबासा:** दक्षिणी वन प्रमंडल- 588.042 हेक्टेयर

**धालधूम:** वन प्रमंडल- 75.559 हेक्टेयर

**कोडरमा:** 1356.25 हेक्टेयर

**गढ़वा:** - उत्तरी 85.033 हेक्टेयर
- दक्षिणी 126.088 हेक्टेयर

**टाइगर परियोजना:**
- बफर क्षेत्र 0.693 हेक्टेयर
- कोर क्षेत्र 1.006 हेक्टेयर

**गोड्डा:** 8.177 हेक्टेयर

## एक नजर

### बड़कागांव मनरेगा कर्मी 9 मार्च से सांकेतिक एवं 12 मार्च से रहेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल में

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मी आगामी 9 मार्च से 11 मार्च तक सांकेतिक हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया। बावजूद लंबित मांगों की पूर्ति नहीं होने की स्थिति में 12 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने वाले हैं। इस संबंध में बड़कागांव के मनरेगा कर्मियों ने बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल को इस आंदोलन की सूचना दी है। ज्ञात हो कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ प्रदेश कमेटी के निर्णय के अनुसार उक्त हड़ताल के संबंध में निर्णय लिया गया है। पांच माह से अधिक समय से लंबित मानदेय, 30 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी की स्वीकृत होने के बावजूद लागू नहीं करने सहित कई असंगत कार्य परिस्थितियों के विरोध में उक्त हड़ताल में जाने का निर्णय लिया गया है। मनरेगा कर्मियों के हड़ताल में जाने की स्थिति में पूरे प्रखंड में मनरेगा कार्य की ठप होने की पूरी संभावना है एवं मजदूरों को रोजगार नहीं मिलने की स्थिति बन सकती है।

### 11 मार्च को झारखंड किसान सभा सहित कई संगठनों का होगा विधानसभा मार्च: भुवनेश्वर प्रसाद मेहता

उज्जवल दुनिया संवाददाता हजारीबाग। हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि जल-जंगल लूट, सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार, विस्थापन आयोग का गठन, स्पष्ट नियोजन और विस्थापन नीति बनाने के सवाल पर 11 मार्च को झारखंड विधानसभा मार्च और धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस रैली में झारखंड राज्य किसान सभा, झारखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा, झारखंड राज्य स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच और खतियानी परिवार के लोग हिस्सा लेंगे। श्री मेहता ने इस रैली को सफल बनाने के लिये सभी जनकल्याणकारी संगठनों के लोगों से सहयोग करने की अपील की है। 11 मार्च को सुबह 11 बजे पूर्वाहन बिरसा चैक से विधानसभा मार्च के लिये आंदोलनकारी निकलेंगे।

### पलांडू रामनवमी पूजा सह मेला कमिटी का गठन



बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलसवार पंचायत के ग्राम - पलांडू में रामनवमी पूजा सह मेला को लेकर ग्रामीणों की आवश्यक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया सह पूर्व अध्यक्ष शुक्ला तुरी एवं संचालन नारायण प्रसाद के द्वारा किया गया। वहीं बैठक में काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा निम्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। जिसमें पिछले वर्ष का लेखा-जोखा एवं पूर्व कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शुक्ला तुरी, सचिव - नारायण प्रसाद एवं कोषाध्यक्ष - राजेन्द्र प्रसाद महतो को चुना गया। वहीं कार्यकारिणी अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी - ईश्वर कुमार महतो, सह सचिव महावीर रविदास, जयराम महतो, शतीश करमाली,सह कोषाध्यक्ष - छोटेलाल महतो, रामदास तुरी, जागेश्वर महतो, कृष्ण दयाल महतो, संयोजक - छटु गंझू, सह संयोजक - बिमल करमाली, नागेश्वर तुरी, रामदयाल भुइंया, संरक्षक - एतवा तुरी, सुबेदार करमाली, बिजय महतो, संचालक सह मीडिया प्रभारी - अजय कुमार, सह संचालक - प्रदीप महतो, सुनील राज, अजय दास का चयन किया गया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष शुक्ला तुरी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा सह मेला धूमधाम से मनाया जाएगा। साथ ही मेले में शराब व नशे की चीजें बेचने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। मौके पर उपस्थित पूर्व मुखिया सह अधिवक्ता शुक्ला तुरी, राजेन्द्र प्रसाद महतो, एतवा तुरी, सुबेदार करमाली, नारायण प्रसाद, अजय कुमार, ईश्वर कुमार महतो, पारसनाथ प्रसाद, शतीश करमाली, बिजय महतो, पारसनाथ महतो, सुनील राज, ईश्वरी महतो, विकास करमाली, सुरेन्द्र दास, छोटेलाल महतो, जयराम महतो, प्रकाश कुमार, बबलु कुमार , बिजेंद्र कुमार, सन्नु कुमार, टीभर महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### डीवीसी के पास बाइक और ट्रक की टक्कर, तीन युवक घायल



बरही। बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत डीवीसी के समीप सोमवार को बाइक और ट्रक के बीच हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान पडरिमा निवासी पियुष कुमार (18 वर्ष) पिता सुधीर यादव, गोलू गिरी (17 वर्ष) पिता सुनील गिरी तथा अभीषेक गिरी (18 वर्ष) पिता स्व. सुदीप गिरी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों युवक बाइक से अपने गांव पडरिमा से बरही की ओर आ रहे थे। इसी दौरान डीवीसी के पास उनकी बाइक की टक्कर एक ट्रक से हो गई, जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, मनोहर यादव समेत कई लोग अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। इधर पुलिस मामले की जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### केरेडारी के मनरेगा कर्मी बकाया मानदेय को लेकर 9 से 11 मार्च तक रहेंगे सांकेतिक हड़ताल पर

केरेडारी। राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर केरेडारी प्रखंड के मनरेगा कर्मियों ने लंबित मानदेय भुगतान को लेकर हड़ताल की घोषणा की है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी केरेडारी को एक आवेदन सौंपा गया है। आवेदन में बताया गया है कि मनरेगा कर्मियों का पिछले 06 माह से अधिक समय से मानदेय बकाया है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर संघ के प्रदेश कमेटी के निर्णय के अनुसार 9, 10 और 11 मार्च 2026 को सांकेतिक हड़ताल की जायेगी। कर्मचारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई तो 12 मार्च 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। संघ के प्रतिनिधियों का कहना है कि लंबे समय से मानदेय भुगतान लंबित रहने के कारण कर्मियों की स्थिति दयनीय हो गई है। उन्होंने प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की है। इस संबंध में केरेडारी प्रखंड के कई मनरेगा कर्मियों ने आवेदन पर हस्ताक्षर कर हड़ताल के निर्णय का समर्थन किया है।

# पर्व/त्योहारों के दौरान शहर की विधि व्यवस्था संधारण हेतु प्रशासन का फ्लैग मार्च

## विपरीत परिस्थितियों से निपटने के बाबत किया गया मॉक ड्रिल

उज्जवल दुनिया संवाददातां











हजारीबाग। आगामी रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का प्रदर्शन करते हुए फ्लैग मार्च एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के नेतृत्व में आयोजित इस फ्लैग मार्च एवं मॉक ड्रिल में पुलिस बल के जवानों ने शहर के संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान खिरगांव एवं झंडा चौक क्षेत्र में विशेष रूप से मॉक ड्रिल कर संभावित विधि-व्यवस्था की स्थिति से निपटने की तैयारियों का प्रदर्शन किया गया। जिला प्रशासन की ओर से माइकिंग के माध्यम से आम नागरिकों को पर्व-त्योहार के दौरान पालन किए जाने वाले क्या करें एवं क्या न करें। संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। साथ ही सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा, शांति एवं सद्भाव बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की गई। जिला प्रशासन ने उच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि पर्व-त्योहारों के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मॉक ड्रिल के माध्यम से आम जनता को यह भी अवगत कराया गया कि विधि-व्यवस्था में खलल डालने अथवा अफवाह फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा त्वरित एवं कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग करें। इस मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय, एसडीपीओ अमित कुमार, सहायक समाहर्ता आनंद शर्मा,जिला परिवहन पदाधिकारी वैद्यनाथ कामती व अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## फांसी लगाकर विवाहिता की मौत, मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

उज्जवल दुनिया संवाददातां



- पिता ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पति सहित छह लोगों के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी, पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर भेजा जेल

बरही। बरही थाना क्षेत्र के दुलमाहा गांव में रविवार देर रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान रिशु कुमारी (27 वर्ष) पति विकास कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद मृतका के ससुराल पक्ष के लोग शव को लेकर बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और इसकी सूचना मायके पक्ष को दी। अस्पताल में मृतका का अंत्यपरीक्षण कराया गया। इस मामले में मृतका के पिता राजकुमार राम बेला कोल्हुआकला निवासी ने बरही थाना में आवेदन देकर अपनी बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने अपने दामाद विकास कुमार पिता इंद्रदेव राम, सास रीना देवी, ससुर इंद्रदेव राम, देवर आशीष कुमार, ननद नीतू कुमारी सभी दुलमाहा निवासी तथा जीजा मिथिलेश राम पिता देवधारी राम कोनी इटखोरी निवासी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में राजकुमार राम ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी 2019 में विकास कुमार के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में मोटरसाइकिल की मांग करते हुए उनकी बेटी को लगातार प्रताड़ित करते थे। बताया जाता है कि मृतका के दो छोटे बच्चे भी हैं। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। घटना की जानकारी मिलते ही पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने इस मामले में मृतका के पति विकास कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, पुलिस अवर निरीक्षक मृत्युंजय सिंह, रूपलाल यादव, मनोहर यादव, कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, दुलमाहा मुखिया नारायण यादव, टेकलाल यादव, डिलो पासवान, प्रभु यादव, पप्पू चंद्रवंशी, गौतम सिंह, सागर चंद्रवंशी समेत कई लोग उपस्थित थे। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मनरेगा कर्मियों की हड़ताल से चुरचू प्रखंड में योजनाओं काम बाधित

उज्जवल दुनिया संवाददाता



चरही। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर 9 मार्च से चुरचू प्रखंड सहित पूरे राज्य के मनरेगा कर्मी सांकेतिक हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल में बीपीओ, एई, जेई, लेखा सहायक, कंप्यूटर सहायक तथा ग्राम रोजगार सेवक शामिल हैं। हड़ताल के कारण चुरचू प्रखंड में मनरेगा योजनाओं काम बाधित हो गया। जिससे मनरेगा मजदूरों में चिंता और असमंजस की स्थिति बन गई है। संघ के जिला अध्यक्ष सह प्रदेश कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा लंबे समय से मनरेगा कर्मियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण राज्यभर के कर्मियों को हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा कोषांग रांची में कार्यरत कर्मियों को ग्रेड पे का लाभ दिया जाता है, जबकि क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत कर्मियों को यह सुविधा नहीं मिल रही है। सभी क्षेत्रीय कर्मियों को भी अविलंब ग्रेड पे लागू किया जाना चाहिए।इसके अलावा पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी के समक्ष हुए समझौते में मनरेगा कर्मियों के मानदेय में 30 प्रतिशत वृद्धि तथा सामाजिक सुरक्षा लागू करने पर सहमति बनी थी, लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी इसे लागू नहीं किया गया। इससे कर्मियों में आक्रोश है।कर्मियों का यह भी कहना है कि हजारीबाग जिले में अक्टूबर 2025 से मनरेगा कर्मियों का मानदेय भुगतान लंबित है, जिससे उनके सामने पारिवारिक भरण-पोषण की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। कर्मियों ने मानदेय के अविलंब भुगतान की मांग की है। इसके साथ ही बर्खास्त मनरेगा कर्मियों को वापस लेने तथा पिछले 17-18 वर्षों से कार्यरत कर्मियों को ग्रामीण विकास विभाग में समायोजित कर स्थायी करने की भी मांग की गई है। संघ ने कहा की यदि सरकार उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं करती है तो 9 से 11 मार्च तक सांकेतिक हड़ताल के बाद 12 मार्च से पूरे राज्य के मनरेगा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी झारखंड सरकार और ग्रामीण विकास मंत्री की होगी। चुरचू प्रखंड में हड़ताल में शामिल कर्मियों में बीपीओ असीम टोप्पो, एई राहुल रंजन, जेई विक्रम कुमार, लेखा सहायक रीता कुमारी, कंप्यूटर सहायक दिनेश कुमार स्नेही तथा ग्राम रोजगार सेवक जितेंद्र कुमार, संजय कुमार पासवान, उदीयन तोपनो, शिव कुमार राणा, तालेश्वर हंसदा, बिनोद कुमार, निरंजन प्रसाद और घनश्याम राम रवि शामिल हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नाबार्ड का सेमिनार

### स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं हुई है स्वावलंबी और सशक्त: शिप्रा सिन्हा




हजारीबाग। स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद महिलाएं स्वावलंबी और सशक्त हुई है। महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक हालात में जो परिवर्तन आया हैं, उससे प्रेरणा लेने की जरुरत है। उक्त बातें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने कहीं। श्रीमति सिन्हा 9 मार्च को हॉली क्रॉस समाज सेवा केंद्र के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रही थी। हॉली क्रॉस हजारीबाग की पूर्व प्रोवेंशियल सिस्टर रोसिली ने कहा कि 1982 से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये काम कर रहे हैं। वर्ष 1985 से 2010 तक जिला प्रशासन के साथ मिलकर प्रत्येक वर्ष महिला दिवस मनाते रहे। एसएचजी के साथ जुड़कर महिलाएं आगे बढ़ी है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी विकास हुआ है। महिलाओं की आर्थिक विकास में बैंक का अहम योगदान रहा है। नाबार्ड की डीडीएम रीचा भारती ने कहा कि महिलाओं के बीच वित्तीय साक्षरता जरुरी है। इससे धन प्रबंधन, बचत, निवेश और सही वित्तीय फैसले लेने का ज्ञान विकसित होता है। उन्होंने कहा कि नाबार्ड से जुड़कर कार्य कर रही महिलाओं ने समाज में उल्लेखनीय कार्य किया हैं उन्हें सम्मानित कर गर्व महसूस हो रहा हैं। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की कोर्रा शाखा प्रबंधक नाहिद इकबाल ने कहा कि बच्चों के पालन-पोषण, उन्हें पढ़ाने-लिखाने और आगे बढ़ाने में महिलाओं का अहम योगदान रहा है। महिलाएं संगठित होने के साथ-साथ शिक्षित और स्वावलंबी बनीं हैं। प्रेस क्लब, हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। महिलाओं को शिक्षित और सशक्त बनाना एक विकसित समाज के लिये जरुरी है। महिलाओं की आर्थिक प्रगति में नाबार्ड की भूमिका अहम है।

## भाजपाइयों ने हजारीबाग झंडा चौक पर,पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का किया पुतला दहन



उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। भारतीय जनता पार्टी, जिला इकाई ,अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रमेश हेंब्रम की अध्यक्षता में सोमवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम, शहर स्थित झंडा चौक में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष उपस्थित हुए। पुतला दहन कार्यक्रम के मौके पर वक्ताओं ने कहा कि 7 मार्च 2026 को देश के महामहिम राष्ट्रपति एवं देश की पहली महिला आदरणीय द्रौपदी मुर्मू जी , पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग के सिलीगुड़ी क्षेत्र में 9 वें अंतरराष्ट्रीय संथाली सम्मेलन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची थी। जिस कार्यक्रम में विदेश से भी बड़ी संख्या में विदेशी अतिथि भी शामिल हुए थे। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा प्रोटोकॉल का भी पालन नहीं किया गया और एन मौके पर कार्यक्रम स्थल भी बदल दिया गया। जिससे कार्यक्रम कराने में भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। यहां तक की जिस स्थान पर कार्यक्रम करने का स्थान स्थानआवंटित किया गया, वहां चारों तरफ कचरा का अंबार था और पूरा स्थल गंदगी से भरा पड़ा था। शौचालय में पानी की भी व्यवस्था तक नहीं थी। इस तरह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एक संवैधानिक पद पर रहते हुए, जिस प्रकार से संविधान की धज्जियां उड़ाई, जिसकी जितनी भी भरत्सना की जाए बहुत कम होगा।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह के साथ मनाया गया




बड़कागांव। बडकागांव कर्णपुरा महाविद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्राचार्य डॉ. कीर्तिनाथ महतो की अध्यक्षता में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. अन्नु कुमारी ने किया, जिसमें प्राध्यापक, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. महतो ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण किसी भी समाज की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों ने भी महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। अंत में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर प्राध्यापक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थितथे।

## डिग्री कॉलेज टुंडी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



उज्जवल दुनिया संवाददाता

टुंडी : सोमवार को डिग्री कॉलेज टुंडी में 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' का आयोजन महिलाओं को सशक्त और प्रोत्साहित करने हेतु प्राचार्य डॉ॰ इन्द्रजीत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर एक संगोष्ठी भी आयोजित की गई ' कार्यक्रम की शुरूआत बिनोद बिहारी महतो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जाताखुंटी पंचायत की उपमुखिया श्रीमती पूजयंती देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि श्री शक्ति हेमब्रम जी उपस्थित हुए ' वाणिज्य विभाग की प्रोङ्ग रौनक परवीन द्वारा स्वागत वक्तव्य दिया गया । उपमुखिया श्रीमती पूजयंती देवी ने अपने वक्तव्य में कहा कि महिलाओं को अधिकार के साथ -साथ पद के दायित्व का भी भली-भांति निर्वाह किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकती है। श्री शक्ति हेमब्रम जी ने कहा की महिलाएँ अपने अधिकार के प्रति जागरूक होकर अपने आत्मसम्मान के लिए आज अग्रसर हो रहीं है, फ्लस्वरुप एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण सम्भव हो रहा है ' इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा लक्ष्मी कुमारी ने एक कविता प्रस्तुत किया तथा रानी हेंब्रम के द्वारा भाषण दिया गया । अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉङ्ग इंद्रजीत कुमार ने महाविद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें सभी क्षेत्र में बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेना चाहिए । उन्होंने महिलाओं के अधिकारों पर चर्चा करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी तथा महिलाओं को उन्नति के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।यह आयोजन समकालीन चुनौतियों से निपटने में महिलाओं के वैज्ञानिक सोच की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ॰ रानी सिंह ने ?र धन्यवाद ज्ञापन प्रोङ्ग शालिनी डुंगडुंग जी ने किया किया। इस अवसर पर स्नातक की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य क्र स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षककेत्तर कर्मचारी तथा छात्र -छात्राएं भी उपस्थित थे।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी : डॉ ललिता राणा

# गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगोष्ठी

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के विवेकानंद सभागार में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसका विषय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी था। दीप प्रज्वलित और केक काट कर संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग की अभिषद सदस्य और अन्नदा महाविद्यालय में सामाजिक विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ ललिता राणा ने कहा कि वर्तमान काल महिला सशक्तीकरण का बेहतरीन उदाहरण है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। तभी शिवानी सिंह राफेल उड़ा रही हैं। नवाचार, शिक्षा, कृषि समेत हर क्षेत्र में महिला शोधकताओं की संख्या बढ़ रही है। डॉ ललिता राणा ने महिलाओं के सामाजिक उत्थान, सशक्तीकरण और विभिन्न क्षेत्रों में बुलंदियों को छूतीं और ऊंची भरतीं उड़ान का बखूबी वर्णन किया। साथ ही कहा कि भारत की संस्कृति में आदिकाल से महिलाएं सशक्त रही हैं। वैदिक काल महिलाओं के लिए गोल्डेन एरा था। तब विदूषी महिलाएं शास्त्रार्थ करती थीं। मुगलकाल में महिलाओं की जीवन व्यवस्था का सर्वाधिक पतन हुआ। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपनी शक्ति को पहचानें और जीवन में आगे बढ़ते रहें। उन्होंने कई उदाहरण पेश कर आगे बढ़ने के लिए महिलाओं का हौसला बढ़ाया। बतौर विशिष्ट अतिथि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मेरू बीएसएफ कैंप हजारीबाग की प्राचार्या अंकिता शर्मा ने नहीं साथ कोई अकेले हो तुम, सफलता तुम्हारे कदम चूम लेगी...गीत गा कर महिलाओं का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने समाज से महिलाओं के प्रति अवधारणा बदलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह समाज की जिम्मेवारी है कि महिलाओं को समानता का भाव और सुरक्षित वातावरण मिले।महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र ने कहा कि महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव रखें। बगैर आधी आबादी की भागीदारी के मजबूत लोकतंत्र का निर्माण नहीं हो सकता है।

इससे पहले अतिथि सम्मान व परिचय के साथ स्वागत भाषण प्राचार्या डॉ बसुंधरा कुमारी ने दिया। समारोह में प्रशिक्षु सानिया सदाफ, रोशनी कुमारी, शारदा कुमारी और कुमार विवेक विद्यार्थी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने विचार रखे। मंच संचालन प्रशिक्षु हेमलता कुमारी और अविनाश कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि ने किया। राष्ट्रगान के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ। मौके पर पूरा कॉलेज परिवार मौजूद था।

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस सह महिला सम्मान समारोह का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**नावाडीह।** प्रखंड के कृषक पाठशाला सभागार में सोमवार को नाबार्ड बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति नावाडीह के द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस सह महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख पुनम देवी, जिप सदस्य फुलमती देवी, नाबार्ड बोकारो के डीडीएम फिल्मोन बिलुंग, मुखिया किरण देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य किरण देवी एवं सचिव बासुदेव शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सभी अतिथियों को पौधा देकर आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली दर्जनो महिलाओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

नावाडीह प्रखंड प्रमुख पूनम देवी ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र मे अपना कदम बढ़ाकर अपनी पहचान बना रही है गांव पंचायत के विकास से लेकर स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनकर घर की गरीबी मिटाने मे महिलाएं अहम भूमिका अदा कर रही है राज्य की हेमन्त सोरेन की सरकार भी महिलाओ को आगे बढाने के लिए विभिन्न माध्यमों से मजबुत करने का काम कर रही है वही महिलाओ के उत्थान मे कई कल्याण कारी योजना का संचालन किया जा रहा है साथ ही राज्य सरकार के द्वारा महिलाओं के लिए मईया सम्मान योजना जैसे कल्याणकारी योजना देकर महिलाओ को सम्मानित करने का काम किया है। महिलाएं अपने बच्चो को संस्कार युक्त अच्छी शिक्षा देकर घर समाज को सुंदर बनाने का काम करें। उन्होने महिलाओ से अपील करते हुए कहा कि महिला दिवस पर सभी महिलाएं संकल्प ले कि समाज मे फैली दहेज प्रथा को मिटाने के लिए जो भी दहेज की मांग करेगा उसके घर बेटी का विवाह नही करेगे।जिला परिषद सदस्या फूलमती देवी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिला अधिकार आंदोलन का एक बड़ा हिस्सा है, जो लैंगिक समानता, प्रजनन अधिकार और महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दुर्व्यवहार जैसे मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करता है। इसके अलावा महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्यार को दशार्ते हुए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों के उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाओ को सशक्त करने के उद्देश्य से समय समय पर संस्था के द्वारा स्वरोजगार करने हेतु प्रशिक्षण भी दिया जाता है ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सके।

नाबार्ड बोकारो के डीडीएम फिल्मोन बिलुंग ने कहा कि नाबार्ड के द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता प्रदान की जा रही है। स्वयं सहायता समूहों को सशक्त कर उन्हें स्वरोजगार, कृषि आधारित गतिविधियों तथा लघु उद्योगों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण से ही समाज और गांव का समग्र विकास संभव है। नाबार्ड ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहयोग एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है।आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के सचिव बासुदेव शर्मा ने कहा कि संस्था वर्ष 2009 से नावाडीह व चंद्रपुरा प्रखंड में महिलाओं के उत्थान की दिशा मे कार्य कर रही है तथा महिलाओ को समूह मे जोडकर आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है प्रखंड की दर्जनो महिला समूह स्वारोजगार कर गांव का नाम रौशन कर रही है। संस्था के द्वारा कई महिला स्वयं सहायता समूहों को जन वितरण प्रणाली का लाइसेंस भी दिलाने का काम किया है साथ ही समय समय पर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु महिलाओं को सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें प्रशिक्षण भी देने का काम कर रही है ताकि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके।

समारोह में समाज के लिए बेहतर कार्य कर रही पिंकी देवी, पुष्पा देवी, नितु देवी, तुलसी देवी, हेमन्ती देवी, रेणुका देवी, सुनीता देवी, ललिता कुमारी, तारा देवी, मीना देवी, सुशीला हेम्ब्रम, किरण देवी, सहित तीस महिलाओं को मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में छोटी-छोटी बच्चियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। उनके मनमोहक नृत्य एवं प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्साह और आनंद से भर दिया, जिसे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा। मौके पर, मो. मुस्तकीम, पुर्व पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, अनवर अंसारी, भुनेश्वर महतो, बाबुलाल नायक, चंदन कुमार, आशीष मिश्रा, अरुण कुमार, पिंकी देवी, पुष्पा देवी, सरिता मिश्रा, सुहागीनी, कुमारी प्रिती, मनीषा कुमारी, मीना देवी, रीता देवी, आरती देवी, सीता देवी, सुमन देवी, सहित कई महिला उपस्थित थे।

## एक नजर

### आउटसोर्सिंग कंपनियां डीजीएमएस और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निदेर्शों की कर रहा अनदेखी : बबलू सिंह



**धनबाद।** ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह बीसीसीएल के सीएमडी को पत्र लिख पीबी एरिया संख्या-7 के अंतर्गत गोपालीचक नंबर-2,खैरा व पुटकी क्षेत्र में आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा की जा रही ओबी कटिंग से लगातार उड़ रही धूल-गर्दा पर अभिलंब रोक लगाने की मांग। क्षेत्र में दिन-रात उड़ती धूल के कारण लोग सांस लेने में परेशानी,आंखों में जलन और विभिन्न बीमारियों की आशंका से चिंतित हैं।इस गंभीर समस्या का मुख्य कारण आउटसोर्सिंग कंपनियां ओबी कटिंग कर रही हैं,जिससे पूरे इलाके में 24 घंटे धूल-गर्दा का गुबार छाया रहता है। हालात ऐसे हो गए हैं कि घरों के भीतर रखे खाने-पीने के सामान, कपड़े और यहां तक कि पीने के पानी पर भी धूल की मोटी परत जम जाती है। बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। वहीं आसपास के पेड़-पौधे जो की लोगों के जीवन रक्षक हेतु ऑक्सीजन देता है उन्हें पेड़ पौधे पर इतना घुल गर्दा बैठ गया है जो स्वयं ही अपनी अस्तित्व को बचाने हेतु ऑक्सीजन खोज रहे हैं,पर्यावरण पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। मंच के अध्यक्ष बबलू सिंह ने अपने पत्र में कहा कि नियम के अनुसार ओबी कटिंग के समय पर्याप्त मात्रा में पानी छिड़काव करना है और कोयला परिवहन के दौरान नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाना चाहिए,ताकि धूल को नियंत्रित किया जा सके। लेकिन कंपनियों द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। यहां तक कि बीसीसीएल की ओर से ओबी स्थल तक पानी की पाइपलाइन की व्यवस्था तक नहीं की गई है। मंच के अध्यक्ष श्री सिंह ने बीसीसीएल प्रबंधन व जिला प्रशाशन से मांग की है कि जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाकर धूल-गर्दा पर नियंत्रण किया जाए, अन्यथा बाद होकर हमारी संस्था के द्वारा चरणबद्ध आंदोलन करते हुए आउटसोर्सिंग कंपनी का चक्का जाम करने के कार्रवाई करने को मजबूर होगी जिसकी सारी जवाब दे ही आउटसोर्सिंग कंपनी और बीसीसीएलव पर होगी। ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके और उनका जीवन सुरक्षित रह सके। मंच ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। विदित हो कि आश्चर्यजनक रूप से उत्पन्न भयानक काली धुल-गर्दा के आंधी से उक्त क्षेत्र में स्थापित सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले अबोध छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी हो रही है तथा वे अबोध बच्चे कम उम्र में ही विभिन्न प्रकार के बिमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। गोपालीचक 2 नंबर एवं पुटकी 17 नंबर में कार्यरत आउटसोर्सिंग कम्पनियों के किया-कलापों एवं नियमविरूद्ध कार्य करने से दो व्यक्तियों की जान तक जा चुकी है। मंच ने आवेदन की प्रतिलिपि खान सुरक्षा निदेशक, डीजीएमएस धनबाद, क्षेत्रिय पदाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,धनबाद, डीसी धनबाद, जीएम पीबी एरिया, एसएसपी धनबाद को भी दी हैं।

### अस्मिता पेंचक सिलाट लीग: झारखंड की महिला खिलाड़ियों ने जीते पांच पदक




**एग्यारकुंड।** ओडिशा के झारसुगड़ा में 7 से 8 मार्च 2026 तक आयोजित अस्मिता पेंचक सिलाट लीग ईस्ट जोन प्रतियोगिता में झारखंड की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल पांच पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से राज्य का नाम रोशन हुआ।प्रतियोगिता में मिक्की ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया,जबकि कृपा राणा, आस्था,मुस्कान और अंशु ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर झारखंड को गौरवान्वित किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को खेलो इंडिया की ओर से नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा, जो सीधे खिलाड़ियों के बैंक खाते में भेजा जाएगा। इसके तहत गोल्ड मेडल विजेता को 8000 रुपये, सिल्वर मेडल विजेता को 6000 रुपये और ब्रॉन्ज मेडल विजेताओं को 4000-4000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस प्रतियोगिता में झारखंड पेंचक सिलाट संघ की सचिव मिस डौली सिंह ने रेफरी की भूमिका निभाई,जबकि अंजन राणा टीम के मैनेजर रहे। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष किशोर मंत्री, चीफ कोच बिजय कुमार लिम्बु, कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम अब्दुल कादिर, किशन कुमार, दीपा कुमारी, किरण सिंह, संदीप लाल, चंदन कुमार, प्रवीण, सूरज, प्रिंस और कृष्णा सहित सभी सदस्यों ने खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी अस्मिता पेंचक सिलाट नेशनल लीग के लिए बेहतर तैयारी करने और और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस संबंध में जानकारी मिस डौली सिंह ने दी।

### डिग्री कॉलेज टुंडी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



**टुंडी।** सोमवार को डिग्री कॉलेज टुंडी में 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' का आयोजन महिलाओं को सशक्त और प्रोत्साहित करने हेतु प्राचार्य डॉ॰ इन्द्रजीत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर एक संगोष्ठी भी आयोजित की गई ' कार्यक्रम की शुरूआत बिनोद बिहारी महतो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जाताखुंटी पंचायत की उपमुखिया श्रीमती पूजयंती देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि श्री शक्ति हेमब्रम जी उपस्थित हुए। वाणिज्य विभाग की प्रोङ्ग रौनक परवीन द्वारा स्वागत वक्तव्य दिया गया। उपमुखिया श्रीमती पूजयंती देवी ने अपने वक्तव्य में कहा कि महिलाओं को अधिकार के साथ -साथ पद के दायित्व का भी भली-भांति निर्वाह किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकती है। श्री शक्ति हेमब्रम जी ने कहा की महिलाएँ अपने अधिकार के प्रति जागरूक होकर अपने आत्मसम्मान के लिए आज अग्रसर हो रहीं है, फ्लस्वरुप एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण सम्भव हो रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा लक्ष्मी कुमारी ने एक कविता प्रस्तुत किया तथा रानी हेंब्रम के द्वारा भाषण दिया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉङ्ग इंद्रजीत कुमार ने महाविद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें सभी क्षेत्र में बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों पर चर्चा करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी तथा महिलाओं को उन्नति के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।यह आयोजन समकालीन चुनौतियों से निपटने में महिलाओं के वैज्ञानिक सोच की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ॰ रानी सिंह नेर धन्यवाद ज्ञापन प्रोङ्ग शालिनी डुंगडुंग जी ने किया किया।

## बोकारो में रिफ्रैक्टरी उत्पादों की सोर्सिंग पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में सेल रिफ्रैक्टरी यूनिट (एसआरयू) और सेल रिफ्रैक्टरी कंपनी लिमिटेड (एसआरसीएल) के द्वारा रिफ्रैक्टरी उत्पादों और सेवाओं की प्रभावी सोर्सिंग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय विशेष कार्यशाला का शुभारंभ हुआ । इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक प्रभारी, बोकारो इस्पात संयंत्र प्रिय रंजन उपस्थित थे। उनके साथ अधिशासी निदेशक (एसआरयू) पी. के. रथ, अधिशासी निदेशक (एसआरसीएल) डी. के. मिश्रा, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) बनर्जी राजश्री, अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. बी. बी. करुणामय, कार्यकारी अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) सुश्री अनिमा कुशवाहा, कार्यकारी अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) एस. के. भारद्वाज तथा कार्यकारी अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री पीतांबर चौधरी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आरंभ सेल रिफ्रैक्टरी यूनिट की सहायक प्रबंधक स्निग्धा सिंह के स्वागत संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने कार्यशाला की रूपरेखा और इसके उद्देश्यों से अवगत कराया। सत्र को संबोधित करते हुए अधिशासी निदेशक (एसआरयू) पी. के. रथ ने कार्यशाला के महत्व पर बल दिया और रिफ्रैक्टरी उत्पादों की गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता बताई। अधिशासी निदेशक (एसआरसीएल) डी. के. मिश्रा ने इस्पात संयंत्रों में रिफ्रैक्टरी की महत्वपूर्ण भूमिका और रिफ्रैक्टरी यूनिट्स तथा इस्पात संयंत्रों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि इस्पात निर्माण की प्रक्रिया में रिफ्रैक्टरी उत्पादों की गुणवत्ता सीधे तौर पर संयंत्र की परिचालन दक्षता को प्रभावित करती है। अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने इस कार्यशाला की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि इस्पात निर्माण में रिफ्रैक्टरी की भूमिका रीढ़ की हड्डी के समान है। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों और वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक सुदृढ़ कार्ययोजना (अूड्डल्ल ढ'ल्ल) तैयार करें। उन्होंने बल दिया कि सेल की रिफ्रैक्टरी इकाइयों की क्षमताओं का पूर्ण उपयोग करते हुए सभी इस्पात संयंत्रों की जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जाना चाहिए, ताकि उत्पादन लक्ष्यों को निर्बाध रूप से प्राप्त किया जा सके। दो दिवसीय इस कार्यशाला के प्रथम दिन आज विभिन्न संयंत्रों जैसे भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी), राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी), दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी), इस्को इस्पात संयंत्र (आईएसपी) और बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) के अधिकारियों के साथ मांग के पूर्वानुमान पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही एसआरयू और एसआरसीएल के बिजनेस आउटलुक और भविष्य की संभावनाओं पर भी प्रस्तुतियाँ दी गईं।

## अस्थि विसर्जन को जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**बोकारो।** बोकारो जिले के पिंडाजोरा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक अपने पिता की अस्थियां विसर्जित करने के लिए दामोदर नदी जा रहा था। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। काशीझरिया पंचायत के उपमुखिया सुजीत बावरी ने बताया कि कुर्रा गांव निवासी हरिपद मोदी के पिता जग्गू मोदी का हाल ही में निधन हो गया था। सोमवार सुबह हरिपद मोदी अपने परिजनों के साथ दामोदर नदी में अस्थि विसर्जन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान कुर्रा मोड़ के पास सड़क पार करते समय बोकारो से पुरुलिया की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार टेलर वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हरिपद मोदी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पिंडाजोरा थाना प्रभारी अभिषेक रंजन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया गया और काफी मशक्कत के बाद सड़क जाम हटवाया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है, ताकि दुर्घटना में शामिल अज्ञात टेलर वाहन की पहचान की जा सके। थाना प्रभारी अभिषेक रंजन ने बताया कि मामले की जांच जारी है और वाहन चालक की पहचान होते ही उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक की लहर है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

# चंदनकियारी में 'काला खेल' : पुलिस की नाक के नीचे से बंगाल जा रहा अवैध कोयला

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो जिले का चंदनकियारी क्षेत्र इन दिनों कोयला तस्करों के लिए सुरक्षित चारागाह बन गया है। शासन-प्रशासन के तमाम दावों को ठेंगा दिखाते हुए अमलाबाद ओपी, बरमसिया ओपी और चंदनकियारी थाना क्षेत्र में अवैध कोयले का कारोबार चरम पर है। आखिर किसकी शह पर दिनदहाड़े दर्जनों टेम्पो और मोटरसाइकिल से कोयला पार किया जा रहा है?।

तस्वीरें झूठ नहीं बोलते है,,ये नजारा है चंदनकियारी के मुख्य रास्तों का, जहां रोजाना दर्जनों की संख्या में कोयला लदे टेम्पो और मोटरसाइकिलें फरार्टा भरते देखे जा सकते हैं। स्थानीय सूत्रों की मानें तो अमलाबाद, बरमसिया और चंदनकियारी थाना क्षेत्रों के विभिन्न इलाकों से अवैध उत्खनन कर इस 'काले सोने' को पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल भेजा जा रहा है।

हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल पुलिस और खनन विभाग की नाक के नीचे चल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि चेकपोस्ट और गश्ती दल की मौजूदगी के बावजूद ये तस्कर बेखौफ होकर सीमा पार कर रहे हैं। ऐसे में पुलिस की कार्यप्रणाली और खनन विभाग की चुप्पी पर बड़े सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। क्या यह सब महज लापरवाही है या फिर सिस्टम और तस्करों के बीच कोई गहरी साठगांठ? को दर्शता है। राहगीरों की माने तो यहां तो रोज का यही हाल है। सुबह से शाम तक गाड़ियां दौड़ती रहती हैं। धूल और प्रदूषण तो है ही, साथ ही सरकार के राजस्व को भी करोड़ों का चूना लग रहा है।

एक तरफ जहां सरकार अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस की बात करती है, वहीं चंदनकियारी की सड़कों पर दौड़ते ये अवैध वाहन उन दावों की हवा निकाल रहे हैं। अगर समय रहते प्रशासन ने इस पर नकेल नहीं कसी, तो क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों की लूट इसी तरह जारी रहेगी। अब देखना यह होगा कि इस खबर के सामने आने के बाद जिला प्रशासन और पुलिस विभाग क्या ठोस कार्रवाई करता है या फिर कागजों पर ही 'जांच जारी है' का खेल चलता रहेगा।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन

**झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा 51 सामाजिक महिला नेत्रियों को किया गया सम्मान।**

**जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, वार्ड पार्षद डॉ मधुमाला एवं मुखिया संगीता घोषाल ने महिलाओं का हौसला बढ़ाया।**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**महूदा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा संस्था के प्रधान कार्यालय ममता कुंज, महुदा, धनबाद में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सम्मान समारोह -2026 का आयोजन किया गया। उक्त समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, अतिथि मुखिया संगीता घोषाल, ट्रस्ट की अध्यक्ष पूनम वर्मा, सचिव हलिमा एजाज, ममता रवानी एवं संस्थापक शंकर रवानी जी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह की शुभारंभ सभी अतिथियों सत्कार पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। समरोह मे महिला एवं बच्चों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 51 महिलाओ को मैडल एवं प्रसस्ती पत्र देकर सम्मनित किया गया.समारोह की मुख्य अतिथि शारदा सिंह ने कहा कि आज बड़ी खुशी की बात है कि ट्रस्ट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सम्मान समारोह मनाया जा रहा है। झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट महिलाओं और बच्चों के हित में कार्य करने वाली संस्था है और समाज के हित में पूरी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। ट्रस्ट का देन है की आज धनबाद जिला बाल विवाह मुक्त की ओर है,वहीं समारोह की विशिष्ट अतिथि डॉ मधुमाला ने उपस्थित महिलाओं और किशोरियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाओं कि स्थिति किसी से छुपा नहीं है, एक जहां महिलाएं निरंतर आगे बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ आज महिलाएं हिंसा का शिकार हो रही है। महिलाओं और किशोरियों को अवसर प्रदान करके उनके हक में सच्ची सम्मान दिया जा सकता है। उन्नत और बेहतर समाज निर्माण में महिलाओं कि बराबर की भागीदारी होनी चाहिए। समारोह को गीत संगीत और नृत्य के द्वारा मनोरंजक एवं महिलामय बनाया गया। समारोह में नारी शक्ति जिंदाबाद नारी सम्मान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। उक्त अवसर पर समाज में उन्नत सेवा प्रदान करने वाली दर्जनों महिला नेतृत्व महिला मुखिया, महिला वार्ड पार्षद, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया, पोषण सखी,चाइल्ड लाइन,संस्था के महिला कार्यकर्ताओ को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन पूजा कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन सचिव हलिमा एजाज ने किया। समारोह को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष बिनोद महतो, सीता कुमारी,दीपा कुमारी, चंदा कुमारी माला देवी, पूजा कुमारी, गुलनाज बानो, मुमताज अंसारी, तिलक धारी रवानी, नईमुद्दीन अंसारी, नितेश कुमार वर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### मूल्य संवर्धित इस्पात के क्षेत्र में बीएसएल की बड़ी उपलब्धि: चार नए ग्रेड्स को मिला बीआईएस प्रमाणन

**बोकारो।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की प्रमुख इकाई, बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) ने अपने मूल्य संवर्धित इस्पात पोर्टफोलियो को सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। आईएस 513 (भाग 2) के तहत आईएससी 410 ग्रेड तक उपलब्ध मौजूदा बीआईएस लाइसेंस का विस्तार करते हुए, संयंत्र को अब इसी मानक के अंतर्गत आईएससी 440 एलए, आईएससी 470 एलए, आईएससी 510 एलए और आईएससी 550 एलए ग्रेड को शामिल करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), जमशेदपुर से औपचारिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह स्वीकृति बोकारो इस्पात संयंत्र में उत्पादित हाई स्ट्रेंथ लो अलॉय (एचएसएलए) कोल्ड रोल्ड स्टील ग्रेड के मानकीकरण की दिशा में एक बड़ी प्रगति है। आईएस 513 (भाग 2) में इन विशिष्ट ग्रेड्स के शामिल होने से यह सुनिश्चित होगा कि ये अब राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हैं, जिससे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में इनकी स्वीकार्यता और मांग में वृद्धि होगी। आईएससी एलए सीरीज के इन ग्रेड्स को उच्च तन्य शक्ति, बेहतर फॉर्मेबिलिटी और उत्कृष्ट वेल्डेबिलिटी प्रदान करने के लिए तकनीकी रूप से उन्नत बनाया गया है। ये विशेषताएं उन्हें ऑटोमोटिव और हैवी इंजीनियरिंग उद्योगों के लिए विशेष रूप से उपयुक्त बनाती हैं, जहाँ संरचनात्मक मजबूती और वजन अनुकूलन जैसे मानक अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी, प्रिय रंजन ने संबंधित सभी विभागों के समन्वित प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि उत्पाद की गुणवत्ता और प्रोडक्ट मिक्स में सुधार लाने के सेल के रणनीतिक विजन के अनुरूप है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे घरेलू इस्पात बाजार की बदलती जरूरतों को पूरा करने और ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI N0. - JHAHIN/2014/59794

# स्कूटी रैली निकालकर महिलाओं ने दिया नारी शक्ति का संदेश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**धनबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर सोमवार को समाहरणालय से 200 से अधिक महिलाओं ने स्कूटी रैली निकालकर नारी शक्ति का संदेश दिया। साथ ही नशा मुक्त और बाल विवाह मुक्त झारखंड बनाने का संकल्प लिया। रैली को उपायुक्त आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली समाहरणालय से सिटी सेंटर होते हुए रणधीर वर्मा चौक तक पहुंची। रैली को रवाना करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस नारी के अधिकारों, समानता और उनके सामाजिक, आर्थिक योगदान के सम्मान और सशक्तिकरण का वैश्विक प्रतीक बन गया है। आज हर क्षेत्र में महिलाओं का संघर्ष, उनकी उपलब्धियां, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक सहित अन्य क्षेत्र में उनके योगदान को पहचान मिली है। उपायुक्त ने कहा कि जिले में भी महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए स्वयं सहायता समूह बनाकर उनको प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं बेलगड़िया में 40-40 महिलाओं का समूह बनाकर उन्हें मशरूम की खेती, बांस और जुट की सामग्री बनाने सहित अन्य क्षेत्र में हुनरमंद बनाया जा रहा है। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के बराबर योगदान दे रही हैं। महिला सशक्त होगी तो परिवार और समाज सशक्त बनेगा। वहीं रैली को रवाना करने से पूर्व सभी को नशा मुक्त झारखंड और बाल विवाह मुक्त झारखंड की शपथ दिलाई गई। स्कूटी रैली में महिला पुलिसकर्मी, सुपरवाइजर, सीडीपीओ, आंगनबाड़ी सेविका, पोषण सखी सहित सैकडों महिलाएं शामिल हुईं।

## पूर्वी सिंहभूम में ग्रामीणों ने दो संदिग्ध बाइक चोरों को पकड़ा

संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हल्दीपोखर मुख्य बाजार में सोमवार को ग्रामीणों की सतर्कता से दो संदिग्ध बाइक चोरों को पकड़ लिया गया। ग्रामीणों ने दोनों की पहले पिटाई की और बाद में उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, तेंतला गांव निवासी अनील सरदार की होंडा स्प्लेंडर बाइक शनिवार को हल्दीपोखर के साप्ताहिक हाट से चोरी हो गई थी। बाइक चोरी होने के बाद अनील सरदार ने इसकी लिखित शिकायत कोवाली थाना में दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। सोमवार को दो युवक उसी चोरी हुई बाइक से हल्दीपोखर बाजार पहुंचे। इस दौरान बाइक का नंबर प्लेट हटाया हुआ था। बाजार में मौजूद बाइक मालिक अनील सरदार और उसके दोस्तों ने गाड़ी को पहचान लिया। उन्होंने दोनों युवकों को रोककर बाइक के कागजात दिखाने को कहा, लेकिन वे कोई वैध कागजात नहीं दिखा।

## जड़ वस्तुओं के प्रति अत्यधिक आकर्षण से बढ़ता है अवसाद : सुनील

संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से गदरा में बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान गदरा जागृति और देहात क्षेत्र में नारायण भोजन कराया गया और ग्रामीणों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आनंद मार्ग प्रचारक संघ के सुनील आनंद ने कहा कि लोगों को अधिक से अधिक कीर्तन करना चाहिए और अनन्य भाव से बाबा नाम केवलम् का कीर्तन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कीर्तन करने से मन जड़ वस्तुओं के आकर्षण से ऊपर उठता है और मानसिक शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि अवसाद (डिप्रेशन) के विभिन्न कारणों में जड़ वस्तुओं के प्रति अत्यधिक आकर्षण भी एक प्रमुख कारण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया में 34 करोड़ से अधिक लोग अवसाद से पीड़ित हैं, जबकि भारत में लगभग 5 प्रतिशत यानी करीब 6 करोड़ लोग इस समस्या से ग्रस्त हैं।

## ग्रामीणों ने खराब डीप बोरिंग को विधायक और उपायुक्त से की ठीक कराने की मांग

संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के बोडाम प्रखंड अंतर्गत बोटा पंचायत के कदोगोडा (बोटा गांव) स्थित माझी टोला के ग्रामीणों को पिछले कई वर्षों से पीने के पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में सोमवार को टोला के ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक और उपायुक्त को आवेदन देकर खराब पड़े डीप बोरिंग की मरम्मत कराकर जल्द से जल्द पीने के पानी की व्यवस्था कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि कदोगोडा के माझी टोला में लगभग 16 अनुसूचित जनजाति (सांवताल) परिवार रहते हैं। सरकार की ओर से चार वर्ष पूर्व यहां सोलर सिस्टम के साथ पानी की टंकी और डीप बोरिंग का निर्माण कराया गया था, ताकि टोला के सभी घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा सके। लेकिन निर्माण कार्य अधूरा ही छोड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि बोरिंग का गड्ढा तो खोद दिया गया, लेकिन उसमें मशीन और पाइप नहीं लगाया गया, जिससे आज तक उस डीप बोरिंग से पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। ग्रामीणों के अनुसार अधूरा पड़े बोरिंग गड्ढे में पानी भर गया है, लेकिन मशीन और पाइप नहीं होने के कारण उसका कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है। नतीजतन टोला के लोगों को आज भी पीने के पानी के लिए जंगल के अंदर स्थित एक झरना (तुडिया) पर निर्भर रहना पड़ रहा है। वहां ग्रामीणों ने अस्थायी रूप से एक छोटी हाड़ी (बाड़ी) बनाकर पानी जमा करने की व्यवस्था की है और उसी पानी का उपयोग पीने और घरेलू कामों के लिए करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि झरने का पानी स्वच्छ नहीं होने के कारण अक्सर बच्चे और बड़े बीमार पड़ जाते हैं। इसके अलावा झरना गांव से काफी दूर जंगल के अंदर स्थित है, जिससे खासकर महिलाओं और बच्चियों को पानी लाने में काफी परेशानी और जोखिम का सामना करना पड़ता है। बरसात और गर्मी के मौसम में स्थिति और भी अधिक गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने विधायक मंगल कालिंदी से मांग की है कि कदोगोडा (बोटा गांव) के माझी टोला में बने डीप बोरिंग में मशीन और पाइप लगाकर उसकी मरम्मत कराई जाए तथा सोलर सिस्टम को चालू कर पेयजल आपूर्ति शुरू कराई जाए।

## बच्चा चोर की अफवाह पर वृद्ध महिला की पिटाई, गंभीर

संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के चक्रधरपुर प्रखंड के हाथिया पंचायत अंतर्गत रामडा गांव में सोमवार को बच्चा चोरी की अफवाह के कारण ग्रामीणों ने एक वृद्ध महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को एक अज्ञात वृद्ध महिला रामडा गांव पहुंची थी। गांव में उसके आने के बाद कुछ लोगों को उस पर बच्चा चोरी करने का संदेह हुआ। देखते ही देखते यह बात पूरे गांव में फैल गई और अफवाह का रूप ले लिया। इसके बाद कई ग्रामीण इकट्ठा हो गए और महिला को घेरकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान महिला के शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। ग्रामीणों का आरोप था कि महिला गांव में बच्चा चोरी करने के इरादे से आई थी। हालांकि जब लोगों ने उससे पूछताछ की तो वह अपने बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सकी, जिससे संदेह और बढ़ गया। घटना की सूचना मिलने के बाद चक्रधरपुर थाना प्रभारी अवधेश कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला को भीड़ से सुरक्षित निकालकर पीसीआर वैन से चक्रधरपुर थाना लाया। इससे पहले पुलिस ने महिला को इलाज के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भी भेजा, जहां उसका उपचार कराया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की पहचान और उसके परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि उसे सुरक्षित उसके घर पहुंचाया जा सके।

## वार्ड-7 से निर्वाचित पार्षद के जाति प्रमाण पत्र की जांच की मांग

संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** मानगो नगर निगम चुनाव 2026 के बाद अब वार्ड संख्या-07 से निर्वाचित पार्षद के जाति प्रमाण पत्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस संबंध में मोहम्मद असगर अहमद ने सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि मानगो नगर निगम का चुनाव 23 फरवरी 2026 को संपन्न हुआ था और 27 फरवरी 2026 को इसके परिणाम घोषित किए गए थे। परिणाम के अनुसार वार्ड संख्या-7 से अशोक कुमार निर्वाचित घोषित किए गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वार्ड संख्या-7 की सीट अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षित थी ।

## रील शूटिंग के बहाने निकली युवती आठ दिन बाद सकुशल बरामद

संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** सोनारी थाना क्षेत्र के आदर्शनगर की रहने वाली 18 वर्षीय युवती तमन्ना सिंह को पुलिस ने आठ दिन बाद सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार तमन्ना सिंह 28 फरवरी 2026 को घर से यह कहकर निकली थी कि वह शूटिंग के लिए जा रही है, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद परिवार की शिकायत पर सोनारी थाना में छह मार्च को सनहा दर्ज किया गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और तकनीकी सेल की मदद से युवती की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास शुरू किया। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी क्षेत्र में छापेमारी कर युवती को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद उसे थाना लाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई और परिवार के हवाले कर दिया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि तमन्ना सिंह सोशल मीडिया पर रील बनाती है और भोजपुरी गीतों पर डांस शूट करने के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेती है। जांच के दौरान पता चला कि वह अपने डांस और इवेंट पार्टनर विक्की कुमार के साथ अपनी मर्जी से घूमने गई थी

## डीआईजी ने अपराधियों के खिलाफ अभियान तेज करने का दिया निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**धनबाद।** बोकारो (कोयला प्रक्षेत्र) रेंज के डीआईजी आनंद प्रकाश सोमवार को समाहरणालय स्थित एसएसपी कार्यालय में उन्होंने बीते शाम गैंगस्टर प्रिंस खान के शूटर के साथ हुए पुलिस मुठभेड़ मामले में जानकारी लेते हुए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में डीआईजी ने पूरे घटनाक्रम पर एसएसपी को जरूरी निर्देश भी दिया। बैठक में मुठभेड़ के बाद की स्थिति, फरार अपराधी की तलाश और गैंग से जुड़े अन्य लोगों पर सख्त कार्रवाई को लेकर भी चर्चा की गई। डीआईजी ने अपराधियों के खिलाफ अभियान और तेज करने का निर्देश भी दिया, ताकि शहर में कानून-व्यवस्था पूरी तरह बनी रहे। वहीं, बैठक में आगामी बंगाल विधानसभा चुनाव, ईद और रामनवमी को लेकर भी डीआईजी ने जिले के पुलिस अधिकारियों जरूरी दिशा निर्देश दिया। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और चुनाव के दौरान सीमावर्ती इलाकों में विशेष चौकसी रखने पर जोर दिया गया। डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरत के मुताबिक पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की जाए, सीमावर्ती इलाकों में कड़ी निगरानी रखी जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके। बैठक में एसएसपी प्रभात कुमार सहित ग्रामीण एसपी, डीएसपी विधि-व्यवस्था, डीएसपी हेडक्वार्टर-1, बैंकमोड़ थाना प्रभारी सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट चास के अध्यक्ष बने मानिक व आनन्द कोषाध्यक्ष

संवाददाता



**बोकारो :** झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट, चास प्रखंड की बैठक रविवार को चास में मानिक सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान पत्रकार हित पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन के बोकारो जिलाध्यक्ष कृष्णा चौधरी सहित जिला कार्यकारिणी के अधिकारियों की देखरेख में चास प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष मानिक सिंह, सचिव विश्वजीत झा, उपाध्यक्ष रवि कुमार वर्मा, रसिक राय, कोषाध्यक्ष आनन्द कुमार महतो, सह कोषाध्यक्ष मनोज सिंहा, सह सचिव तीरथ चौधरी, अनिल महतो, सच्चिदानंद पाठक, संतोष कुमार को बनाए गए। जिलाध्यक्ष कृष्णा चौधरी ने कहा कि जेयूजे संगठन पत्रकारों के हित के लिए बनाया गया है। प्रदेश नेतृत्व ने पत्रकार हित के लिए राज्य सरकार से कई मांगे रखी है।

## गर्भाशय ट्यूमर एवं ग्रेड 3 बवासीर से पीड़ित मरीज का पारस एचईसी हॉस्पिटल में जटिल सफल सर्जरी

**रांची।** धुर्वा स्थित पारस एचईसी हॉस्पिटल में डॉक्टरों की टीम ने एक जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक किया। बोकारो की 50 वर्षीय महिला लंबे समय से अनियमित और अत्यधिक मासिक रक्तस्त्राव से परेशान थीं। हर 20 दिन के अंतराल पर भारी ब्लीडिंग हो रही थी। जांच में उनके गर्भाशय में बड़ा ट्यूमर भी पाया गया। इसके साथ ही मरीज को ग्रेड-3 बवासीर की गंभीर समस्या थी, जिससे मलाशय से भी लगातार रक्तस्त्राव हो रहा था। हॉस्पिटल में विस्तृत जांच और आवश्यक तैयारी के बाद सर्जरी की योजना बनाई गई। डॉक्टरों की टीम ने कुशलतापूर्वक टोटल लैप्रोस्कोपिक हिस्टेरेक्टॉमी (गर्भाशय की सर्जरी) और ओपन हेमोरॉयडेक्टॉमी (बवासीर की सर्जरी) एक साथ सफलतापूर्वक की। यह सर्जरी पारस एचईसी हॉस्पिटल में चीफ जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति तेजी से सुधरी और ऑपरेशन के तीसरे दिन उन्हें पूरी तरह स्थिर हालत में हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मरीज लंबे समय से अत्यधिक रक्तस्त्राव और गर्भाशय के बड़े ट्यूमर के साथ-साथ ग्रेड-3 बवासीर की समस्या से जूझ रही थीं। पूरी जांच और आवश्यक तैयारी के बाद दोनों सर्जरी एक साथ करने का निर्णय लिया गया। ऑपरेशन सफल रहा और मरीज की स्थिति अब पूरी तरह स्थिर और बेहतर है। उन्होंने कहा कि समय पर सही उपचार मिलने से मरीज को बड़ी राहत मिली है। हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस एचईसी हॉस्पिटल में मरीजों को आधुनिक तकनीक और अनुभवी विशेषज्ञों की टीम के माध्यम से बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। इस तरह की जटिल सर्जरी का सफलतापूर्वक होना इस बात का प्रमाण है कि अस्पताल में उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि झारखंड और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को यहीं गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद इलाज मिल सके।

## रामगढ़ में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तीसरे चरण की शुरूआत




**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तीसरे चरण की शुरूआत सोमवार को की गई। इस अभियान का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार और जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. तुलिका रानी की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के तहत जिले में 09 से 23 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर संभावित कुष्ठ रोगियों की पहचान करेंगे और उन्हें समय पर जांच तथा उपचार के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही लोगों को कुष्ठ रोग के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में जागरूक किया जाएगा।

ने बताया कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से उपचार योग्य है और नियमित दवा लेने से रोगी पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति के शरीर पर दाग-धब्बे, सुन्नता या त्वचा में असामान्य बदलाव जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। अभियान के तहत आशा, सहिया और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की टीमें गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगी तथा संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें उचित उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करेंगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कई पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इनमें अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला आरसीएच पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डीपीएमयू, एपिडेमियोलॉजिस्ट सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।

## कैसरे हिंद की जमीन पर बनी दुकानों में गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई : सुदिव्य

**रांची।** झारखंड विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के 9 वें दिन सोमवार को नगर विकास, पर्यटन, पथ और उच्च शिक्षा विभाग के बजट पर चर्चा के दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि राज्य सरकार ने इस बार समावेशी बजट तैयार किया है। सदन में विपक्ष के कटौती प्रस्ताव पर असहमति जताते हुए मंत्री ने कहा कि कैसरे हिंद की सरकारी जमीन है। यहां पर दुकानें नहीं बन सकती। यदि कैसरे हिंद की जमीन पर आवंटित दुकानों में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में पथ निर्माण विभाग ने 88.89 प्रतिशत, नगर विकास विभाग ने 83 प्रतिशत, उच्च शिक्षा विभाग ने 54.27 प्रतिशत, भवन निर्माण विभाग ने 85.46 प्रतिशत और पर्यटन, खेलकूद, कला-संस्कृति विभाग ने लगभग 63 प्रतिशत बजट राशि खर्च कर ली है। उन्होंने कहा कि केवल आधारभूत संरचनाओं का विकास ही नहीं, बल्कि लोगों के पेट में अनाज होना भी उतना ही जरूरी है।

## संपादकीय

### बढ़ता तापमान

हाल के वर्षों में कम समय के सर्दी के मौसम के बाद तापमान में अचानक वृद्धि, मौसम के पैटर्न में आ रहे असामान्य बदलाव का स्पष्ट संकेत है। सर्दी के बाद वसंत के मौसम का जल्दी चले जाना और जल्दी गर्मी का आना क्षेत्रीय वायुमंडल परिवर्तनों और दीर्घकालिक जलवायु परिवर्तन का कारण माना जा रहा है। जाहिर है मौसम के मिजाज में आ रहे इस असामान्य बदलाव का हमारे जीवन और आजीविका पर गहरा प्रभाव आने वाले दिनों में नजर आएगा, जिसको लेकर देशव्यापी चर्चा जारी है। खासकर उत्तर भारत के कृषि क्षेत्र में इसके नकारात्मक आर्थिक परिणामों को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। चिंता की बात यह भी है कि हिमाचल प्रदेश के सेब के बागों में, कम होती ठंडक से उत्पादकता में गिरावट देखी जा रही है। दरअसल, मौसमी बदलाव फलों के नाजुक जैविक चक्र को बाधित कर रहा है, जिसके चलते उपज में भारी नुकसान के साथ-साथ गुणवत्ता में गिरावट की आशंका व्यक्त की जा रही है। इससे बचने के लिए अनुकूलन उपायों में जलवायु अनुरूप बागवानी पद्धतियों को अपनाने और दीर्घकाल में सेब पट्टी को ऊंचे क्षेत्रों में स्थानांतरित करने की जरूरत होगी। आवश्यकता होगी कि हम सूखा-सहिष्णु फसलों को अपनाएं। कम जल के बेहतर उपयोग के प्रयास हों। अब सिर्फ वैकल्पिक फसलों के भरोसे ही नहीं रहा जा सकता, कई मोर्चों पर पहल करने की जरूरत होगी। कुल मिलाकर एक स्पष्ट रणनीति को अपनाकर हम बढ़ती गर्मी के दुष्प्रभावों से बच सकते हैं। निस्संदेह, इसमें दो राय नहीं है कि मार्च के पहले सप्ताह में उच्च तापमान का महसूस होना, आने वाले संकट का स्पष्ट संकेत है। अध्ययनों से पता चलता है कि भारत में ग्रीष्म ऋतु में आने वाले लू के दिनों की संख्या 1980 के बाद से दुगनी से भी अधिक हो गई है। हमारे देश में तीव्र शहरीकरण, सघन निर्माण और हरित क्षेत्रों के लगातार जारी क्षरण के चलते भी तापमान में वृद्धि हुई है। ऐसे में बढ़ते तापमान से उत्पन्न जल व ऊर्जा संकट से निपटने के लिए तत्काल कारगर योजनाओं की जरूरत है। इसके साथ ही शीत ऋतु से ग्रीष्म ऋतु में तेजी से होने वाले परिवर्तन के इस नये असामान्य परिदृश्य के लिए नागरिकों की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के लिए भी एक नया चार्टर बनाने की आवश्यकता होगी। सरकारों की तैयारियों को लेकर भी स्पष्ट रीति-नीति का निर्धारण जरूरी है। निस्संदेह, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के निस्तारण के लिए रणनीतियों को लेकर सहभागी दृष्टिकोण प्रभावकारी हो सकता है। आने वाले समय में मौसम की चरम स्थितियां घातक साबित हो सकती हैं, जिनका मुकाबला मौजूदा अपर्याप्त प्रशासनिक योजनाओं के जरिये संभव न होगा। इसके लिए कारगर रणनीतियां बनाने की जरूरत होगी। हमें बिजली की अनुमानित मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को कम करना होगा। समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श जारी करने तथा प्रभावी उपचार की उपलब्धता भी जरूरी होगी।

### आज का राशिफल

**मेष :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृष :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मिथुन :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कर्क :**आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ? के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या :** आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**तुला :** आलस्य का त्याग करें। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**वृश्चिक :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग।

**धनु :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।


**मकर :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**कुंभ :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा।

**मीन :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

### दैनिक पंचांग

**10 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**मंगलवार** 2026 वर्ष का 69 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** सप्तमी 01.55 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 19.05 बजे को समाप्त।
**योग** हर्षण 08.21 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 12.41 बजे तदनन्तर बव 01.55 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 20.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 11'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872644
**जूलियन दिन** 2461109.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 20
**विशेष** शीतला सप्तमी।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.32 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मेष | 08.02 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.42 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.41 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 13.54 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.10 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.22 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.33 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.47 ब.से |
| | | धनु | 01.03 बजे से |
| | | मकर | 03.09 बजे से |
| | | कुंभ | 04.55 बजे से |

**राहुकाल** 3.00 से 4.30 बजे तक

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# पुस्तक समीक्षा: महापुरुषों का योग अर्थात महात्मा गांधी



चित्रा वर्मा व मदन मोहन वर्मा

लेखक द्वय चित्रा वर्मा व मदन मोहन वर्मा की किताब "गांधी जरूरी हैं" बाजार में आई है। बकौल मदन मोहन वर्मा यह किताब लगभग चार दशक से ज्यादा के सतत अध्ययन के बाद तैयार हो पाई। उन्हें देरी का कोई अफसोस नहीं। वह कहते हैं, " गांधी को समझना आसान नहीं। इसके लिए 132 ग्रंथों को पढ़ना पड़ा। तब समझ में आया-महापुरुषों का योग अर्थात महात्मा गांधी। " मोहन मदन वर्मा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में हैं। चित्रा उनकी पत्नी हैं। ख्यातिलब्ध कवि केदारनाथ अग्रवाल के समग्र संग्रह को संग्रहित करने वाले साहित्यकार गोपाल गोयल कहते हैं-गांधी जरूरी हैं, अनूठी कृति है। यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन की विस्तृत कहानी को चलचित्र की तरह जीवंत करती है। लेखक द्वय ने महात्मा गांधी के समर्पण और संघर्ष को गहराई से प्रस्तुत करते हुए उनके बारे में उठी नकारात्मक धारणाओं को चुनौती दी है।" वह कहते हैं- " मदन वर्मा देश सेवा में अपने अनुभवों और गांधीजी के सिद्धांतों को अपनाकर महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।"

इस पुस्तक में गांधीजी के जीवन दर्शन के मूल तत्व - सत्य, अहिंसा, निर्भीकता और सत्याग्रह को रेखांकित करने का प्रयास किया गया है। यह किताब भौतिक निर्भरता के बजाय नैतिक उत्थान, सादा जीवन और उच्च विचार पर जोर देती है। गांधीजी के विचार शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण होना चाहिए, न कि केवल अक्षर ज्ञान, पर वृहद दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। गांधी के स्वराज को सच्चे स्वराज का अर्थ स्व-शासन बताया गया है। बापू की यह धारणा अंग्रेजी प्रणाली का अंधानुकरण नहीं करने का संदेश देती है। यह पुस्तक यह स्थापित करती है कि 21वीं सदी की संकटग्रस्त दुनिया में गांधीवादी विचार प्रकाश स्तंभ की तरह अनिवार्य हैं। आमुख समेत 254 पृष्ठों में गुंथी इस पुस्तक में लेखक द्वय का आह्वान है- "गांधी से हम जितनी दोस्ती करेंगे, उतने ही अच्छे इंसान बनेंगे।" प्रस्तावना के दो शब्द में कहा गया है- "महात्मा गांधी ने स्वतंत्र भारत का आरम्भ तो देखा परन्तु आजादी के बाद के भारत और उसका विकास, समृद्धि, असमानता व वर्णित समस्याओं को वे नहीं देख सके। ...गांधी जी के जीवनकाल में जो समस्याएं थीं, वह आज भी भारत सहित मौजूदा विश्व में कायम ही नहीं बल्कि कई गुना बढ़ी हुई हैं और जटिल रूप ले ली हैं। ऐसे समय में हमें यह देखना जरूरी है कि गांधी के दिखाए मार्ग में इन समस्याओं का कोई समाधान है या नहीं। प्रासंगिक संदर्भ में गांधीजी के बारे में विश्व विख्यात वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंसटीन ने कहा है कि आने वाली पीढ़ियां यह विश्वास करेंगी ही नहीं कि हाड़-मांस का ऐसा कोई व्यक्ति इस धरती पर चला था। " सर्व सेवा संघ (अखिल भारतीय सर्वोदय मंडल) सेवाग्राम (वर्धा) के अध्यक्ष चंदन पाल प्रस्तावना के मध्यम में यह टिप्पणी करते हैं कि मदन वर्मा ने गांधी जी के तीन बंदरों सहित 11 मूर्तियां स्थापित की हैं। हरिजन सेवक संघ दिल्ली की केंद्रीय कमेटी के सदस्य और पद्मश्री से अलंकृत उमाशंकर पाण्डेय का नोट है कि यह कृति न केवल पठनीय है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। लेखक द्वय अपनी बात बिना लाग लपेट कर रखते हैं। उन्होंने लिखा- " हम कोई लेखक नहीं हैं, विगत जीवन के अनुभव और गांधी जी पर पढ़ी पुस्तकों के सकारात्मक पहलू प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। " इस पुस्तक का पहला संस्करण दो अक्टूबर 2025 को छपकर आया है। लगभग किताबों की बिक्री हो चुकी है। वर्मा दंपति द्वितीय संस्करण लाने की तैयारी कर रहा है। इस किताब में 32 अध्याय हैं। इनमें गांधी की विराटता की झलक देखने को मिलती है। इसमें उल्लेख किया गया है कि दुनिया के 100 से अधिक देशों में उनके नाम पर सड़कें और प्रतिमाएं बनी हुई हैं। एक आदमी की सेना, गुरुदेव और गांधी, राष्ट्रपिता, वस्त्रों का त्याग, गांधी और आम्बेडकर, गांधी और भगत सिंह, बनारस में गांधी, धन और श्रम का महत्व, वसुधैव कुटुम्बकम, न्याय और वकालत, निर्लिप्त गांधी, कोई पराया नहीं, मार्मिक प्रसंग, आश्रम, गांधीः हिन्दू - मुस्लिम, शराबबंदी और गांधी, अनुकरणीय व रोचक प्रसंग, गांधी ने मुसलमानों को पाकिस्तान नहीं जाने दिया, अहिंसा, क्षमा, देश की आजादी में बापू का योगदान, गांधी और जेल, आदर्श कैदी, गांधी और सुभाष, उपवास, गांधी और 55 करोड़, मजबूरी का नाम महात्मा ग ा ं ध ी !, जलियांवाला बाग, देश विभाजन और गांधी, ओआखली, दिल्ली अनशन और महापुरुषों का योग- इस किताब के अध्याय हैं। इनकी हर लाइन में गांधी के आदर्श समाए हैं। 'माउंटबेटन का गांधी जी को वन मैन आर्मी (एक आदमी की सेना) कहना" को पहले अध्याय में रोचक और विस्तार से बताया गया है। गांधी के महत्व को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के इन शब्दों में समझा जा सकता है-"यदि गांधी जी डेढ़ सौ साल पहले नहीं होते तो और उन्होंने वर्ण और वंश के खिलाफ आवाज नहीं बुलंद की होती तो अमेरिका का बराक ओबामा राष्ट्राध्यक्ष नहीं होता।" इस किताब में बड़ी बात यह है कि कबीरदास की जीविका का साधन चरखा था और गांधीजी ने चरखे को पूरे देश की जीविका का साधन बना दिया।

**(लेखक का निजी विचार है)**

**हरिजन सेवक संघ दिल्ली की केंद्रीय कमेटी के सदस्य और पद्मश्री से अलंकृत उमाशंकर पाण्डेय का नोट है कि यह कृति न केवल पठनीय है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। लेखक द्वय अपनी बात बिना लाग लपेट कर रखते हैं। उन्होंने लिखा- " हम कोई लेखक नहीं हैं, विगत जीवन के अनुभव और गांधी जी पर पढ़ी पुस्तकों के सकारात्मक पहलू प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। " इस पुस्तक का पहला संस्करण दो अक्टूबर 2025 को छपकर आया है। लगभग किताबों की बिक्री हो चुकी है। वर्मा दंपति द्वितीय संस्करण लाने की तैयारी कर रहा है। इस किताब में 32 अध्याय हैं। इनमें गांधी की विराटता की झलक देखने को मिलती है। इसमें उल्लेख किया गया है कि दुनिया के 100 से अधिक देशों में उनके नाम पर सड़कें और प्रतिमाएं बनी हुई हैं। एक आदमी की सेना, गुरुदेव और गांधी, राष्ट्रपिता, वस्त्रों का त्याग, गांधी और आम्बेडकर, गांधी और भगत सिंह, बनारस में गांधी, धन और श्रम का महत्व, वसुधैव कुटुम्बकम, न्याय और वकालत, निर्लिप्त गांधी, कोई पराया नहीं, मार्मिक प्रसंग, आश्रम, गांधीः हिन्दू - मुस्लिम, शराबबंदी और गांधी, अनुकरणीय व रोचक प्रसंग, गांधी ने मुसलमानों को पाकिस्तान नहीं जाने दिया, अहिंसा, क्षमा, देश की आजादी में बापू का योगदान, गांधी और जेल, आदर्श कैदी, गांधी और सुभाष, उपवास, गांधी और 55 करोड़, मजबूरी का नाम महात्मा गांधी!, जलियांवाला बाग, देश विभाजन और गांधी, ओआखली, दिल्ली अनशन और महापुरुषों का योग- इस किताब के अध्याय हैं। इनकी हर लाइन में गांधी के आदर्श समाए हैं। 'माउंटबेटन का गांधी जी को वन मैन आर्मी (एक आदमी की सेना) कहना"**




# हिमाचल प्रदेश में भुला दिया गया खरपतवार उन्मूलन

**कुलभूषण उपमन्यु**

हिमाचल प्रदेश की 80-85% आबादी कृषि से जुड़ी है। खेती की जोत बहुत छोटी होने के कारण पशुपालन और दस्तकारी प्राचीनकाल से लोगों की जीविका का आधार रहा है। पिछले कुछ दशकों से पशुपालन सरकार और वन विभाग की गलत नीतियों के चलते लगातार यह क्षेत्र अनदेखी का शिकार हो रहा है। परिणाम स्वरूप बहुत से लोग पशुपालन से तौबा कर चुके हैं। अत्यधिक चीड़ रोपण और लेंटाना आदि खरपतवारों के फैलने से प्रदेश की 2 लाख 35 हजार हेक्टेयर चरागाह और वन भूमि खरपतवारों की चपेट में आकर अनुत्पादक हो चुकी है। खरपतवारों ने केवल स्थानीय घासों को ही नष्ट नहीं किया बल्कि प्रदेश की बहुमूल्य जैव-विविधता को भी खतरे में डाल दिया है। इसका स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर हुआ है। पशुपालन के लिए प्रदेश के किसानों को पंजाब से महंगी तूड़ी या पराली लाकर गुजारा करना पड़ रहा है, जबकि प्रदेश के पास 67% वन भूमि है, जिसके अधिकांश भाग में चारा उपलब्ध होता रहा है। किन्तु व्यापारिक वानिकी के चलते और खरपतवार के फैलने से प्रदेश चारे के अकाल जैसी स्थिति से जूझ रहा है। हमें यह याद रखना चाहिए कि पहाड़ों में पशुपालन खुले चरागाहों में चुगान करने पर निर्भर रहा है। इससे पशुपालन की लागत कम आती थी। पशु को धन की संज्ञा दी गई थी. किन्तु अब महंगे चारे ने पशुपालन व्यवसाय को खतरे में डाल दिया है। अन्य सुविधाएं चाहे कितनी भी दी जाएं, जब तक भरपेट सस्ता चारा उपलब्ध नहीं होगा तबतक पशुपालन की हालत दयनीय ही रहेगी।

इसका परिणाम बेसहारा छोड़े जा रहे पशुओं के झुंडों के रूप में सामने आ रहा है। हमारी योजनाएं टुकड़ों-टुकड़ों की समझ के आधार पर बनती हैं, जिससे एक काम बनता है तो दूसरा बिगड़ जाता है। भूमि उपयोग से जुडी योजनाएं भूमि पर आधारित सभी आर्थिक और पर्यावरणीय प्रक्रियाओं की समझ पर समग्र दृष्टि से बनाई जानी चाहिए। प्रदेश की अधिकांश भूमि तो वन विभाग के प्रबन्धन में है। इसलिए उनकी जिम्मेदारी सबसे ज्यादा बनती है की वन, कृषि, पशुपालन, बागवानी और जलवायु प्रबन्धन की जरूरतों को देखते हुए सर्व समावेशी योजना बनाने की वकालत करें।

पिछले दिनों तमिलनाडु सरकार ने खरपतवार उन्मूलन के प्रति दृढ़ता का परिचय देते हुए व्यापक कार्यक्रम शुरू करने का साहस दिखलाया है, जिससे पशुओं और वन्य प्राणियों को भी पर्याप्त घास मिल सके। तमिलनाडु उच्च न्यायालय ने भी इस मुद्दे का संज्ञान लिया है और आदेश दिया है कि यह कार्य खरपतवार काटने तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि उखाड़ कर वहां स्थानीय घास लगाकर चरागाह विकसित करके स्थानीय पारिस्थितिकीय संतुलन को स्थापित किया जाना चाहिए। इस प्रक्रिया को टिकाऊ बनाने के लिए स्थानीय समुदायों को भी जोड़ने का काम किया गया है।

वह मॉडल हिमाचल प्रदेश के लिए भी उपयुक्त हो सकता है। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में इस कार्य के लिए बजट उपलब्ध करवा कर गतिविधि को सहज बनाने के लिए निजी उद्योगों को भी जोड़ा है। लेंटाना से बायोचार (एक तरह का कोयला) बना कर बेकार खरपतवार का उपयोग किया जा रहा है। हिमाचल में भी चीड़ की पत्तियों और लेंटाना जैसी खरपतवारों के पेलेट्स बनाकर उपयोग किये जा सकते हैं। हालांकि हिमाचल में इस तरह के कुछ प्रयास हुए भी हैं किन्तु वे सफल नहीं हो सके, क्योंकि उनको सरकार का पूर्ण सहयोग नहीं मिल सका। सरकार ने यह सोचा था कि यह अपने स्तर पर ही एक सफल उद्योग के रूप में स्थापित हो सकेगा, किन्तु बायोचार या ब्रिकेट्स बनाने के बाद जिस बाजार में वह उत्पाद बेचना पड़ता है उसका भाव लाभदायक नहीं मिलने के कारण वे उद्योग बंद पड़ गए हैं। यदि चरागाह विकास और वनों में आग नियंत्रण के कार्य को इससे जोड़ कर देखा जाए तो इन उद्योगों को सरकार द्वारा कच्चा माल उपलब्ध करवा कर उद्योग को भी सफल बनाया जा सकता है और कुछ बोझ निजी कंपनियां भी उठा सकती हैं।




मनरेगा ( वीबी जी राम जी ) कार्यक्रम को भी इस गतिविधि से जोड़ा जा सकता है। इससे विभिन्न गतिविधियों को एक-दूसरे का सहारा मिल सकता है। सस्ता घास चारागाह से उपलब्ध होगा तो पशुपालन आसन होगा, गोबर से खेत को खाद मिलेगी, खरपतवार से ब्रिकेट या बयोचार बना कर कुछ रोजगार खड़ा होगा। खेती में बेसहारा पशुओं द्वारा नुकसान कम होगा। वनों में लगने वाली आग पर कुछ नियन्त्रण हो सकेगा। हालांकि हिमाचल प्रदेश में भी समय-समय पर खरपतवार उन्मूलन के प्रयास हुए हैं किन्तु उनको लगातार बढ़ावा देकर सफलता तक पहुंचाने के प्रयास नहीं हो पाए। न ही पर्याप्त बजट का प्रावधान हो सका। 2023 में "हटेगा फुलनू, लौटेगी चारागाह" के नाम से एक जागरुकता अभियान चलाया गया था। कुछ जगह मनरेगा में भी खरपतवार उखाड़ने का काम हुआ था। किन्तु चरागाह स्थापित होने तक लगातार निगरानी और घासरोपण नहीं होने के कारण दोबारा वहां खरपतवार आ गया। क्योंकि लेंटाना आदि खरपतवार उन्मूलन का काम सघन श्रम का कार्य है। इसे स्वैछि्चक रूप से नहीं किया जा सकता। इसलिए प्रदेश को चरागाह पुनर्स्थापन के कार्य को बजट का जरूरी हिस्सा बनाना होगा जो प्रदेश की विभिन्न आर्थिक गतिविधियों को संबल प्रदान करेगा और वनों की पर्वतीय क्षेत्रों की मांग के अनुरूप भूमिका को भी परिभाषित करेगा।

**(लेखक का निजी विचार है)**

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किसान ट्रस्ट ने अपराजिता सम्मान से महिलाओं को किया सम्मानित

एजेंसी



**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में किसान ट्रस्ट ने अपराजिता सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। अन्नपूर्णा देवी ने सम्मानित महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह द्वारा स्थापित किसान ट्रस्ट का महिलाओं, विशेष रूप से एसिड हमले के पीड़ितों को आर्थिक सहयोग और हौसला देना प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने इस अवसर पर केंद्र सरकार की महिला सशक्तीकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम की आयोजक और किसान ट्रस्ट की ट्रस्टी चारू चौधरी ने कहा कि यह आयोजन उन महिलाओं को सम्मान देने का प्रयास है, जो चुनौतियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने और समाज के लिए नई राह बनाने में जुटी हैं। महिलाओं को सम्मान, अवसर और संसाधन मिलने से समाज और देश का भविष्य मजबूत होता है। समारोह के दौरान ह्यरोजगार के माध्यम से सशक्तीकरणह्व विषय पर पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। इसमें नीति आयोग की प्रिंसिपल इकोनॉमिक एडवाइजर एना रॉय, यूएन विमेन इंडिया की कांता सिंह, बैंकिंग और फिनटेक विशेषज्ञ शिंजिनी कुमार तथा पूर्व दूरदर्शन समाचार एंकर सलमा सुल्तान ने भाग लिया। चर्चा का संचालन यूपी राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत ने किया। वक्ताओं ने महिला शिक्षा, रोजगार के अवसर और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन जैसे विषयों पर विचार रखे। कार्यक्रम में ह्यमिलेट मॉमह्व के नाम से प्रसिद्ध उद्यमी पूजा शर्मा ने महिला उद्यमिता और पोषण के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर शास्त्रीय गायिका और हाल ही में पद्मश्री से सम्मानित प्रो. मंगला कपूर को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने तेजाब हमले के बाद संघर्ष करते हुए संगीत के क्षेत्र में सफलता हासिल करने की अपनी प्रेरक कहानी सुनाई। उल्लेखनीय है कि किसान ट्रस्ट की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने की थी। यह संगठन लंबे समय से किसानों और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कार्य कर रहा है तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एसिड अटैक सर्वाइवर्स के पुनर्वास में भी सहयोग देता रहा है।

## मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य का आरोप, चुनाव आयोग में डांटकर चुप कराया गया



एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक के बाद तृणमूल कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राज्य की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने दावा किया कि बैठक के दौरान उन्हें डांटकर चुप रहने को कहा गया, जिससे वह बेहद असंतुष्ट हैं। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि जब उन्होंने अपनी बात रखनी चाही तो मुख्य चुनाव आयुक्त ने उन्हें डोंट शाउट कहकर रोक दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह व्यवहार महिलाओं के प्रति सम्मान की कमी को दर्शाता है।

## महाराष्ट्र में नए ऑटो रिक्शा परमिट पर लगी रोक

एजेंसी



**मुंबई।** महाराष्ट्र में नए ऑटो रिक्शा परमिट जारी करने पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। प्रदेश के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने सोमवार को बताया कि सूबे में आज से नए ऑटो रिक्शा परमिट जारी नहीं किए जाएंगे। सरनाईक ने कहा कि नए ऑटो रिक्शा परमिट के लिए नई पॉलिसी बनाई जाएगी। इसके बाद फिर से नए ऑटो रिक्शा परमिट जारी करने का निर्णय लिया जाएगा। परिवहन मंत्री ने मुंबई में मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य के बड़े शहरों में ऑटो रिक्शा की संख्या काफी बढ़ गई है, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है। खासकर मुंबई और उसके आस-पास के इलाकों में रिक्शा की बढ़ती संख्या से ट्रैफिक पर काफी दबाव पड़ रहा है। इसे देखते हुए राज्य में ऑटो रिक्शा का परमिट जारी नहीं करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि ऑटो रिक्शा के परमिट का हस्तांतरण पूर्ववत किया जा सकता है। प्रताप सरनाईक ने कहा कि इस संबंध में महाराष्ट्र सरकार ने केंद्र सरकार से बातचीत की थी।

## लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा की कार्यवाही सोमवार को विपक्षी सदस्यों के पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष पर चर्चा कराने की मांग को लेकर किए गए हंगामे के कारण पहले दो बार स्थगित होने के बाद मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।लोकसभा की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने पश्चिम एशिया में तनाव, भारत की ऊर्जा सुरक्षा और विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया। इस कारण सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। लोकसभा की कार्यवाही अपराह्न 03 बजे फिर शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। विपक्ष ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव का भारत की ऊर्जा सुरक्षा और विदेशों में रह रहे भारतीयों पर असर पड़ सकता है, इसलिए सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए।टीएमसी सदस्य महुआ मोइत्रा द्वारा नारे लगाए जाने पर पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल नाराज हो गए और उन्होंने विपक्षी सदस्यों से बार-बार शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री ने स्थिति स्पष्ट कर दी है और भारतीयों की सुरक्षा तथा ऊर्जा आपूर्ति को लेकर आवश्यक कदमों की जानकारी भी दी है।सरकार की ओर से कहा गया कि विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है और इस पर चर्चा करने के लिए सदन तैयार है, लेकिन विपक्ष ने दूसरा प्रस्ताव पेश किया, जिस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जवाब दिया। इसके बाद लगातार हंगामे और नारेबाजी के चलते सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गयी। एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी समेत कई सदस्यों ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर सरकार से स्पष्टीकरण की मांग की।विदेश मंत्री जयशंकर ने पहले राज्यसभा और फिर लोकसभा में संबोधन दिया। उन्होंने खाड़ी देशों से भारतीयों की वापसी और ऊर्जा संकट से निपटने की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस समय ईरानी नेतृत्व से संपर्क मुश्किल है, लेकिन भारत शांति और बातचीत का पक्षधर है। राज्यसभा में उनके संबोधन के दौरान विपक्ष ने वॉकआउट किया, जबकि लोकसभा में विपक्षी सांसदों ने ह्यवी वॉन्ट डिस्कशनह्व के नारे लगाए और हंगामा जारी रखा। पीठासीन अधिकारी के बार-बार समझाने के बावजूद विपक्ष शांत नहीं हुआ। लगातार हंगामे के कारण अंततः लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

## लोकसभा की कार्यवाही में बाधा डाल रहे विपक्ष को जगदंबिका पाल ने आड़े हाथों लिया

एजेंसी




**नई दिल्ली :** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामा के चलते कल (मंगलव ार) तक के लिए स्थगित की गई है। पीठासीन अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने लोकसभा की कार्यवाही में बाधा डाल रहे विपक्षी दल के सदस्यों को समझाया और विपक्षी दलों के सांसदों को आड़े हाथों लिया। विपक्ष दलों के सांसदों ने अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग पर आज जमकर हंगामा किया। विपक्ष ने जंग के बाद पश्चिम एशिया में बने हालातों का भारत पर असर पर चर्चा की मांग करता रहा। सरकार ने कहा कि विपक्ष लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर लाई है, हम इस पर चर्चा करने पर तैयार हैं। लेकिन विपक्ष पश्चिम एशिया में बने हालातों पर चर्चा की मांग कर रहा था, जिस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सदन में विस्तार से जबाव दिया। पीठासीन अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने विपक्ष के इस व्यवहार से नराजगी जताते हुए कहा कि सदन चलाने में डेढ़ करोड़ रुपये प्रति घंटा खर्च होता है। एक-एक मिनट का ढाई लाख रुपया खर्च होता है। एक दिन में 9 करोड़ रुपये खर्च होता है। अपने गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के कारण विपक्ष एक दिन का 9 करोड़ रुपये बर्बाद कर रहा है, ये जनता का पैसा है। जगदंबिका पाल ने कहा कि देश देख रहा है कि सरकार सदन चलाना चाहती है, लेकिन आप नहीं चलाना चाहते। ये गैर-जिम्मेदाराना आचरण है, अपरिपक्व व्यवहार है।

## ईरान में खामेनेई के बेटे मोजतबा को चुना गया सर्वोच्च नेता

एजेंसी



**तेहरान :** अमेरिका-इजराइल के सैन्य अभियान में 28 फरवरी को मारे गए ईरान की इस्लामिक क्रांति के लीडर और सर्वोच्च नेता दिवंगत अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामेनेई को उनका उत्तराधिकारी चुन लिया गया। मोजतबा इस्लामिक क्रांति के लीडर और देश के सर्वोच्च नेता होंगे। 88 सदस्यीय एक्सपर्ट्स असेंबली (मजलिस-ए-खोबरे गान-ए-रहरी) ने मोजतबा का देश के सर्वोच्च नेता के रूप में चुनाव किया। एक्सपर्ट्स असेंबली को ईरान की सबसे ताकतवर धार्मिक विशेषज्ञ सभा भी कहा जाता है। तेहरान की अर्ध सरकारी न्यूज एजेंसी तसनीम ने आज सुबह यह जानकारी साझा की। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की एक्सपर्ट्स असेंबली ने अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामेनेई को इस्लामिक क्रांति का नया लीडर चुना।

## बंगाल में विनीत गोयल समेत कई अधिकारियों को मुख्य चुनाव आयुक्त ने लगाई फटकार

एजेंसी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान राज्य पुलिस के डीजी (कानून-व्यवस्था) विनीत गोयल सहित कई अधिकारियों को उन्होंने फटकार लगाई। बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ की बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ने साफ संदेश दिया कि हर अधिकारी के काम का ह्यडिजिटल फुटप्रिंटह्व मौजूद रहता है। उन्होंने कहा कि चाहे जिलाधिकारी हों या पुलिस आयुक्त, यदि किसी भी तरह की लापरवाही सामने आई तो किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, बैठक के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह सवाल उठाया कि पश्चिम बंगाल में अब तक ह्यनारकोटिक्स एडवाइजरी कमेटीह्व क्यों नहीं बनाई गई, जबकि अन्य राज्यों में इस दिशा में काफी पहले कदम उठाए जा चुके हैं। इस विषय पर स्पष्टीकरण देने की कोशिश करते समय विनीत गोयल को बीच में ही बैठने के लिए कहा गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि आयोग के पास सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध है। बैठक में अन्य संस्थाओं को भी कड़े निर्देश दिए गए। आयोग ने भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, आबकारी विभाग तथा मादक पदार्थ नियंत्रण से जुड़ी एजेंसियों से भी कई सवाल किए।

## संकटग्रस्त खाड़ी देशों से 50 हजार नेपाली नागरिकों ने लौटने के लिए आवेदन दिया

एजेंसी

**काठमांड।** अमेरिका ईरान युद्ध के कारण खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच वहां काम कर रहे 50 हजार से अधिक नेपाली श्रमिकों ने अपनी वापसी के बारे में सरकार को आवेदन दिया है। तनाव बढ़ने के बाद सरकार ने खाड़ी देशों में कार्यरत नेपाली श्रमिकों का विवरण एकत्र करने के लिए विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया था। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि खाड़ी क्षेत्र में तेजी से बदलती स्थिति पर सरकार लगातार नजर बनाए हुए है। इसके बाद कांसुलर विभाग ने ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली 3 मार्च से शुरू की, जिसमें कुल 51,405 नेपाली श्रमिकों ने अपनी जानकारी दर्ज कराई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर पौडेल के अनुसार पंजीकरण में दी गई जानकारी के आधार पर श्रमिकों की सुरक्षा स्थिति का आकलन किया जा रहा है और उसी के अनुसार प्राथमिकता तय कर बचाव प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन दर्ज जानकारी के आधार पर हमने यह पहचान की है कि कौन नेपाली सुरक्षित है और कौन असुरक्षित। जिन्होंने खुद को असुरक्षित बताया है, उनके बारे में दूतावास के माध्यम से जानकारी ली जाएगी। यदि किसी को अत्यधिक जोखिम में पाया गया तो उसे प्राथमिकता के आधार पर निकालने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रवक्ता के अनुसार समस्याओं में फंसे नेपाली श्रमिकों के लिए उनके नियोक्ताओं के साथ भी समन्वय किया जाएगा। सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में रह रहे सभी नेपाली नागरिकों से अपनी स्थिति बताने के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने का अनुरोध किया है। हालांकि अब तक कितने लोगों ने खुद को सुरक्षित या असुरक्षित बताया है, इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। युद्ध के कारण हवाई सेवा प्रभावित 28 फरवरी से शुरू हुए ईरान इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के कारण काठमांडू और खाड़ी देशों के बीच हवाई सेवा लगभग 10 दिनों तक बंद रही। फिलहाल **Emirates** और अन्य कुछ एयरलाइनों के माध्यम से यूएई से आंशिक उड़ानें शुरू हो चुकी हैं, लेकिन दोहाझ्रकाठमांडू उड़ान अभी तक शुरू नहीं हुई है। उड़ानें बाधित होने के कारण नेपाली नागरिकों सहित सैकड़ों यात्री खाड़ी के विभिन्न शहरों में फंसे हुए हैं और कई श्रमिक अभी तक स्वदेश नहीं लौट पाए हैं। ईरान के मिसाइल हमले से एक नेपाली नागरिक की मौत भी हो चुकी है। 18 फागुन को अबूधाबी स्थित जायद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरानी ड्रोन को निष्क्रिय करने के दौरान गोरखा जिला के निवासी 29 वर्षीय दिवस श्रेष्ठ की मौत हो गई थी। वे एक मिडिल ईस्ट कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत थे। यूएई सरकार के अनुसार इस हमले में नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान के एक-एक नागरिक की मृत्यु हुई थी। अबूधाबी स्थित नेपाली दूतावास की प्रवक्ता रंजिता दहाल के अनुसार शुरूआत में श्रमिकों में काफी डर था, लेकिन अब स्थिति को लेकर जागरूकता बढ़ने के साथ भय कुछ कम हुआ है।

## काठमांडू की हवा प्रदूषित,एक्यूआई 200 के पास



एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल की राजधानी काठमांडू इस समय गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में है। शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 200 के करीब पहुंच गया है। इस सूचकांक को बहुत अस्वस्थ की श्रेणी कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार हवा में मौजूद बेहद सूक्ष्म कण पीएण2.5 प्रदूषण का मुख्य कारण हैं। ये कण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक होते हैं और खासतौर पर बच्चों, बुजुर्गों तथा पहले से बीमार लोगों के लिए गंभीर जोखिम पैदा करते हैं। वातावरण विभाग के महानिदेशक ज्ञान राज सुवेदी ने बताया कि काठमांडू में खराब वायु गुणवत्ता के पीछे शहरी उत्सर्जन और प्रतिकूल मौसम की स्थिति दोनों जिम्मेदार हैं। शांत हवाएं और बारिश की कमी के कारण धुआं, धूल और अन्य प्रदूषक वातावरण में फैल नहीं पाते और घाटी में ही जमा हो जाते हैं।

## नेपाल : 165 सांसदों में 40 वर्ष से कम आयु के 60 युवा सांसदों की जीत

एजेंसी




**काठमांडू :** नेपाल में प्रतिनिधि सभा चुनाव के तहत सोमवार तक घोषित 160 निर्वाचन क्षेत्रों के परिणामों के अनुसार नई संसद में 40 वर्ष से कम उम्र के सांसदों की संख्या 60 तक पहुंच गई है। हालांकि अभी 110 समानुपातिक सांसदों में भी कई युवा सांसदों के आने की उम्मीद है। नेपाल की कुल आबादी में 16 से 40 वर्ष आयु वर्ग की हिस्सेदारी लगभग 40.35 प्रतिशत है। वर्ष 2022 के प्रतिनिधि सभा चुनाव में 165 निर्वाचन क्षेत्रों में से 40 वर्ष से कम उम्र के केवल 10 उम्मीदवार ही जीत पाए थे। उस समय 70 वर्ष से अधिक उम्र के 14 सांसद निर्वाचित हुए थे, जबकि 40 से 70 वर्ष आयु वर्ग के सांसदों की संख्या सबसे अधिक (138) थी। इस बार संसद में युवाओं की मजबूत मौजूदगी हालांकि इस बार के चुनाव परिणामों ने संसद की उम्र संरचना में बड़ा परिवर्तन दिखाया है। अब तक घोषित परिणामों के अनुसार 40 वर्ष से कम उम्र के 60 उम्मीदवार प्रतिनिधि सभा के लिए निर्वाचित हो चुके हैं। इस वर्ग में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) का स्पष्ट वर्चस्व दिखाई दे रहा है। 60 में से 52 सांसद इसी पार्टी से चुने गए हैं, जबकि नेपाली से 4, सीपीएन यूएमएल से 2 और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी तथा श्रम संस्कृति पार्टी से एकझ्रएक उम्मीदवार निर्वाचित हुए हैं। 25 वर्षीय प्रशांत सबसे युवा सांसद मकवानपुर 2 से 25 वर्षीय प्रशांत उप्रेती इस बार के सबसे युवा प्रतिनिधि सभा सदस्य बने हैं। वो आरएसपी के तरफ से सांसद में निर्वाचित हुए हैं।

## सऊदी अरब ने दक्षिण-पूर्व में ऑयलफील्ड को निशाना बना रहे ड्रोन को किया नष्ट

एजेंसी



**इस्तांबुल।** पश्चिम एशिया में पिछले 10 दिनों से जारी सैन्य संघर्ष के कारण पूरे खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। सऊदी अरब ने अपने दक्षिण-पूर्वी हिस्से में स्थित एक प्रमुख ऑयलफील्ड को निशाना बना रहे ड्रोन को मार गिराया। सऊदी एयर डिफेंस ने रियाद के पास भेजे गए दो अन्य ड्रोन और एक बैलिस्टिक मिसाइल को भी रास्ते में ही नष्ट कर दिया। उधर ईरानी हमलों के बाद बहरीन की बाप्को एनर्जीज ने इसे अप्रत्याशित घटना बताते हुए आपात योजना लागू कर दी है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ गई है। तुर्किये की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु एजेंसी के मुताबिक सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने रविवार देर रात बताया कि देश की वायु रक्षा प्रणाली ने दक्षिण-पूर्व में स्थित शायबा ऑयलफील्ड को निशाना बना रहे एक ड्रोन को मार गिराया। यह ऑयलफील्ड रब-अल-खली रेगिस्तान में स्थित है। मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, राजधानी रियाद के उत्तर में लक्ष्य बनाकर भेजे गए दो अन्य ड्रोन को भी सऊदी एयर डिफेंस ने रास्ते में ही नष्ट कर दिया। इसके अलावा प्रिंस सुल्तान एयर बेस की ओर दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को भी इंटरसेप्ट कर गिरा दिया गया। वहीं, रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी वीडियो में हाल के दिनों में लॉन्च किए गए कई ड्रोन को सऊदी वायु रक्षा प्रणाली के द्वारा नष्ट करते हुए दिखाया गया है। इससे पहले सऊदी सिविल डिफेंस ने जानकारी दी थी कि सेंट्रल सऊदी अरब के अल-खार्ज गवर्नरेट में एक मेंटेनेंस और क्लीनिंग कंपनी के रिहायशी इलाके पर किए गए हमले में एक भारतीय और एक बांग्लादेशी नागरिक की मौत हो गई, जबकि 12 बांग्लादेशी घायल हो गए थे। विगत 28 फरवरी को अमेरिका एवं इजराइल द्वारा ईरान पर संयुक्त रूप से हमला किए जाने के बाद से ही पश्चिम एशिया अशांत है। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक इस हमले में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत 1,200 से अधिक लोग मारे गए और 10,000 से अधिक घायल हुए। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल, इराक, जॉर्डन और खाड़ी देशों की ओर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं।

# पंचवटी आईवी-2 ओनर्स एसोसिएशन समिति ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया

संवाददाता

**रामगढ़।** रविवार को पंचवटी आईवी-2 ओनर्स एसोसिएशन समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचवटी परिवार के सभी सदस्य एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं, जिससे कार्यक्रम अत्यंत शानदार और यादगार बन गया। मंच का संचालन विजय सहाय ने किया 'समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार गोयल ने सभी का स्वागत, सम्मान एवं अभिनंदन किया तथा उपस्थित सभी महिलाओं को उपहार स्वरूप एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।अध्यक्ष अनिल कुमार गोयल ने अपने संबोधन में कहा की नारी हमारे समाज




की आधारशिला है और समाज की उन्नति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रामगढ़ शहर की जानी-मानी चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. सौम्या जैन रहीं। कार्यक्रम के दौरान नीरू गोयल एवं सुजाता अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया वहीं सुमन अग्रवाल एवं दीप्ति ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया ' सूरज अग्रवाल और राहुल अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया ' साथ ही साथ नैनी अग्रवाल एवं नेहा अग्रवाल ने स्मृति चिन्ह मोमेंटो प्रदान कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर सौम्या जैन जी ने पंचवटी परिवार द्वारा महिलाओं के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए समिति के इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की।इस अवसर पर सत्र 2026-27 के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने अपनी कार्यकारिणी समिति में श्रीमती पूनम वर्मा एवं भारती जी को शामिल करने की घोषणा की और दोनों का कार्यकारिणी में स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसे महिलाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया गया।कार्यक्रम में पूनम वर्मा भारती एवं सुश्री श्रुति अग्रवाल ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किये ' कार्यक्रम के पश्चात सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया।इसके पूर्व भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले 20 वर्ल्ड कप फाइनल के रोमांचक मुकाबले में भारत की जीत की कामना के लिए नेहरू रोड स्थित श्री श्याम दरबार में अध्यक्ष अनिल कुमार गोयल एवं राहुल अग्रवाल द्वारा बाबा श्री श्याम के दरबार में जीत की अर्जी लगाई गई।

राष्ट्रगान के पश्चात सभी सदस्यों ने एक साथ भारत बनाम न्यूजीलैंड T20 वर्ल्ड कप फाइनल मैच का बड़ी एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण देखा।

## डीसी ने किया पर्यटन स्थल खैवा बंदारू जलप्रपात का निरीक्षण

**चतरा :** जिले में पर्यटन के विकास और संभावनाओं की तलाश करने के उद्देश्य से सोमवार को उपायुक्त कीर्तिश्री ने चतरा और लावालौंग सीमा पर स्थित प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर पर्यटन स्थल खैवा बंदारू जलप्रपात का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जरूरी आधारभूत सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया। खैवा बंदारू जलप्रपात निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए वहां जरूरी मूलभूत व्यवस्थाओं का आकलन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पहुंच पथ की मरम्मती कराने और पर्यटकों के बैठने के लिए बनाए गए क्षतिग्रस्त शेड की मरम्मती और आवश्यकतानुसार नए शेड के निर्माण की दिशा में जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को विकसित कर जिले में पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ाया जा सकता है ।

## बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के योगदान को सराहा



संवाददाता

**रामगढ़।**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड में कार्यरत महिला कर्मियों के योगदान को सराहते हुए बीएफसीएल द्वारा एचएसपीए के कैन्टीन परिसर में उनके सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया ।कार्यक्रम में सभी महिला कर्मचारियों ने केक काटकर खुशियां साझा की। इस अवसर पर श्री जसपाल भांकर, सीनियर जी एम एच आर, ने कहा कि महिलाएँ अपनी मेहनत, रचनात्मकता, समर्पण और नेतृत्व क्षमता के माध्यम से न केवल कार्यस्थल बल्कि पूरे समाज को मजबूत बनाती हैं। किसी भी संस्था की प्रगति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। बीएफसीएल में हमेशा से ऐसा कार्य वातावरण बनाने का प्रयास किया जाता रहा है।

## एसपी की त्वरित कार्रवाई से साफ— सरकार कानून के राज के प्रति प्रतिबद्ध

संवाददाता

**रांची।** रजरप्पा मंदिर में हुई घटना को लेकर भाजपा द्वारा किए जा रहे आरोपों पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा हर घटना को धार्मिक रंग देकर समाज में तनाव फैलाने की कोशिश कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। रजरप्पा मंदिर की घटना को लेकर एसपी द्वारा संबंधित पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित किया जाना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि झारखंड में कानून का राज है और सरकार किसी भी प्रकार की अनुचित कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करती। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने त्वरित कदम उठाकर यह संदेश दिया है कि दोषी चाहे कोई भी हो, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। ऐसे में भाजपा को इस घटना को धार्मिक रंग देकर राजनीति करने के बजाय सच्चाई सामने आने का इंतजार करना चाहिए।आलोक कुमार दुबे ने कहा कि रजरप्पा मंदिर झारखंड की आस्था का केंद्र है और वहां आने वाले हर श्रद्धालु की सुरक्षा और सम्मान सरकार की प्राथमिकता है। किसी भी घटना की निष्पक्ष जांच होना चाहिए ।

## महिला सम्मान पर राजनीति करना भाजपा की पुरानी आदत - आलोक कुमार दुबे

संवाददाता

**रांची।** जल सहियाओं के मुद्दे को लेकर भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा किए गए ट्वीट पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक बार फिर महिलाओं के मुद्दे को राजनीतिक हथियार बनाकर राज्य सरकार के खिलाफ भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। आलोक कुमार दुबे ने कहा कि झारखंड की जल सहिया बहनें जल जीवन मिशन और ग्रामीण जल व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं और राज्य सरकार उनके योगदान का सम्मान करती है। सरकार लगातार उनके मानदेय और कार्य परिस्थितियों को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है। किसी भी प्रशासनिक स्तर पर यदि कोई समस्या सामने आती है तो उसका समाधान किया जाता है। दुबे ने कहा कि भाजपा नेताओं को महिलाओं के सम्मान की इतनी ही चिंता है तो उन्हें अपने शासनकाल को भी याद करना चाहिए, जब राज्य में कई योजनाएं ठप पड़ी थीं।

# भुरकुंडा के 10 वर्षीय तीन कराटे खिलाड़ियों ने झारखंड में लहराया परचम, किए गए सम्मानित

संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा के तीन नन्हे कराटे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए झारखंड का नाम रोशन किया है। मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे के कोच सेंसाई कंचन दास के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे इन बच्चों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। कोच कंचन दास ने बताया कि लादी निवासी शिवांश राज और रियांश राज ने पिछले महीने जमशेदपुर में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में फाइट कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। वहीं भुरकुंडा के विकास कुमार ने पिछले वर्ष रांची के खेल गांव में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में फाइट और काता दोनों में ब्रॉन्ज मेडल



जीतकर पूरे राज्य का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि ये तीनों खिलाड़ी प्रखंड और जिला स्तर की कई प्रतियोगिताओं में भी भाग लेकर कई मेडल, प्रमाण-पत्र और ट्रॉफियां अपने नाम कर चुके हैं। उनकी लगातार मेहनत और लगन के कारण इन्हें ब्लैक बेल्ट प्रथम डॉन की उपाधि से भी सम्मानित किया जा चुका है। कोच कंचन दास ने कहा कि विकास, शिवांश और रियांश पिछले तीन वर्षों से लगातार कराटे का प्रशिक्षण ले रहे हैं और तीनों में एक से बढ़कर एक प्रतिभा है। उन्होंने कहा कि इनकी उपलब्धियों का श्रेय जी.बी. थापा और कोच कंचन दास के मार्गदर्शन और मेहनत को जाता है, जिनकी प्रेरणा से ये खिलाड़ी आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी झारखंड का नाम रोशन करेंगे।

## सौन्दा डी ग्राम पंचायत में 27 मार्च को निकलेगा भव्य जुलूस




संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौन्दा डी ग्राम पंचायत में आगामी 27 मार्च को रामनवमी महोत्सव को भव्य रूप से मनाने को लेकर सोमवार को नवनियुक्त रामनवमी जुलूस लाइसेंस समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता नवनियुक्त लाइसेंस धारी सह पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा और संचालन पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 26 मार्च 2026 को रात्रि 8 बजे से मुख्य अखाड़ा क्लब घर हनुमान मंदिर में 12 घंटे का अखंड हरिकीर्तन प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा आयोजित किया जाएगा। वहीं 27 मार्च को शाम 4 बजे से भव्य रामनवमी जुलूस निकाला जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से दीपक सिंह को समिति का अध्यक्ष, बिशाल पांडेय को सचिव और अजीत झा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी क्रम में रामनवमी मैदान आजाद नगर हनुमान मंदिर में भी बैठक आयोजित की गई, जहां से भी रामनवमी के अवसर पर जुलूस एवं आकर्षक झांकियां हर्षोल्लास के साथ निकाली जाएंगी। सामाजिक सौहार्द का संदेश देते हुए पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा और पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय की ओर से चार हनुमान मंदिरों में चार-चार कुर्सियां, मस्जिद में दो कुर्सियां तथा चर्च में दो कुर्सियां प्रदान की गईं।

## खूंटी की जर्जर सड़कों का मुद्दा विधायक रामसूर्या मुंडा ने विधानसभा में उठाया

संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को खूंटी विधानसभा क्षेत्र की खराब सड़कों का मुद्दा जोर-शोर से उठा। खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा ने क्षेत्र की जर्जर सड़कों की स्थिति पर चिंता जताते हुए सरकार से जल्द मरम्मत कराने की मांग की। विधायक ने सदन में बताया कि नेशनल हाईवे-75 ई रांचीझ्चाईबासा मुख्य मार्ग पर स्थित खूंटी विधानसभा क्षेत्र के मुरहू प्रखंड अंतर्गत साड़ीगांव नाला से जीवनटोली तक लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क बेहद जर्जर हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा होने के बावजूद मरम्मत कार्य के दौरान अक्सर इस हिस्से को नजरअंदाज कर दिया जाता है। रामसूर्या मुंडा ने कहा कि सड़क की खराब स्थिति के कारण यहां कई बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें जानमाल का नुकसान भी हुआ है। जर्जर सड़क की वजह से इस मार्ग से गुजरने वाले स्थानीय लोगों और राहगीरों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## फिटनेस डे के रूप में मनाया गया चेयरमैन नवीन जिंदल का जन्मदिन

संवाददाता

**पतरातू (रामगढ़)।** जिंदल स्टील के चेयरमैन सह कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के सांसद नवीन जिंदल का जन्मदिन सोमवार को जिंदल स्टील पतरातू में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिंदल समूह द्वारा 9 मार्च को ह्यफिटनेस डेह्न के रूप में मनाते हुए स्वास्थ्य, खेल और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6 बजे जिंदल क्लब में आयोजित योग सत्र से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर फिट और स्वस्थ रहने का संदेश दिया। योग सत्र के बाद सभी अधिकारी, पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने मिलकर केक काटकर चेयरमैन का जन्मदिन मनाया। वहीं जिंदल



आशा के बच्चों ने भी केक काटकर चेयरमैन को शुभकामनाएं दीं, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल बन गया। इस अवसर पर आर्चरी, फुटबॉल सहित कई खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर चेयरमैन के जन्मदिन की खुशियां साझा कीं तथा प्रसाद ग्रहण किया।

# विधायक रोशन लाल चौधरी की पहल पर मेलानी बहराटोला में लगा 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर

संवाददाता

**पतरातू (रामगढ़)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी की पहल पर पतरातु प्रखंड अंतर्गत हरिहरपुर पंचायत के ग्राम मेलानी, बहराटोला में बिजली की समस्या का समाधान हो गया है। विधायक के प्रयास से गांव में 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है, जिससे पूरे टोले में बिजली आपूर्ति फिर से बहाल हो गई है। बताया गया कि होली से एक दिन पूर्व 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पूरा बहराटोला अंधेरे में डूब गया था। इससे ग्रामीणों को पेयजल की व्यवस्था, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक कार्यों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने इसकी



सूचना विधायक रोशन लाल चौधरी को दी, जिस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। विधायक के निर्देश पर गांव में 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। ट्रांसफार्मर लगने के बाद ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक रोशन लाल चौधरी हमेशा क्षेत्र की जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हैं और उनके इस प्रयास से गांव की बड़ी समस्या का समाधान हुआ है। मौके पर संजय कुमार महतो, कृष्णा महतो, राजेश महतो, दीपक कुमार, बबलू महतो, कमलेश कुमार महतो, पंचम कुमार, जागेश्वर मुंडा, चमन महतो, सुनीता देवी, पूनम देवी, रंजू कुमारी, अनिता देवी, रुपणी देवी, जगनी देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## रामगढ़ प्रधान डाकघर में नवनियुक्त सहायक डाक अधीक्षक का स्वागत

संवाददाता

**रामगढ।** शहर के थाना चौक स्थित प्रधान डाकघर में सोमवार को नवनियुक्त सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान का डाक कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। स्वागत के बाद ब्रजेश कुमार पासवान ने डाक कर्मचारियों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों की समीक्षा की और कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डाकघर की सेवाओं को जिले के हर क्षेत्र तक जनसेवा के भाव से पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने जिले के सभी सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों के शून्य बैलेंस खाते खोलने के अभियान को तेज करने का निर्देश डाक कर्मचारियों को दिया। उन्होंने कहा कि डाक विभाग का उद्देश्य है कि हर परिवार के सभी सदस्यों का डाकघर में खाता खोला जाए, ताकि लोग बचत योजनाओं और अन्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें। ब्रजेश कुमार पासवान ने डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को गांव-गांव जाकर लोगों को डाकघर की बचत योजनाओं, बीमा योजनाओं और अन्य सुविधाओं के बारे में जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर डाक निरीक्षक रामगढ़ पूर्वी आशीष कुमार पांडे, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय, नरेंद्र कुमार सिंह, रामखेलावन चौधरी, अरुण कुमार सिंह, चंद्रशेखर कुमार, प्रशांत कुमार सिंह, शम्भू दत्त सिंह, कुंदन कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## श्रीश्री हनुमान मंदिर भुरकुंडा बाजार में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ संपन्न

संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री हनुमान मंदिर भुरकुंडा बाजार में आयोजित त्रिदिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ हनुमान लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा और भव्य भंडारा के साथ श्रद्धा एवं भक्तिभाव से संपन्न हो गया। इस अवसर पर यजमान जयप्रकाश साहु एवं उनकी पत्नी रेणु देवी ने आचार्य पंडित नरेश मिश्रा के सान्निध्य में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। प्रतिष्ठित देवी-देवताओं के पूजन, मंदिर के शिखर स्नान तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हनुमान लल्ला की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम के दौरान विधिवत पूजन, हवन और आरती संपन्न हुई, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गुंजायमान हो उठा। पूजन के समापन के बाद ब्राह्मण भोज और नवकन्या भोज का आयोजन किया



गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। महायज्ञ को सफल बनाने में आचार्य पंडित नरेश मिश्रा के मार्गदर्शन में उपाचार्य पंकज शास्त्री, सच्चिदानंद पांडेय, कन्हैया मिश्रा, ब्रह्मदेव मिश्रा, धीरज मिश्रा और पुरुषोत्तम उपाध्याय सहित कई विद्वान पंडितों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रामचंद्र साहु, बंटु मिश्रा, करमु मोदी, फुलेश्वर साहु, राजेश अग्रवाल, मुकेश साव, महावीर, टीएन साहु, राजकुमार साहु, विक्की अग्रवाल, राकेश चौधरी, मनोज शर्मा, अशोक तिवारी, सीताराम, सुखदेव प्रसाद, सुशील अग्रवाल, शशी साव, आर्यन, रोहित, राहुल, विनोद और राकेश सहित कई लोगों का सहयोग रहा।

## रामगढ़ में राशन कार्ड को आधार और मोबाइल से जोड़ा जाएगा, डीसी ने दिए निर्देश

संवाददाता

रामगढ। रामगढ़ जिले में राशन कार्डधारकों के रिकॉर्ड को तकनीकी रूप से अपडेट करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके तहत सभी राशन कार्डों को आधार कार्ड और मोबाइल नंबर से जोड़ा जाएगा। उपायुक्त (डीसी) फैज अक अहमद मुमताज ने सोमवार को सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को इस कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा करने का निर्देश दिया। डीसी ने जिला आपूर्ति कार्यालय की ओर से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी भी ली। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों से आधार सीडिंग, मोबाइल नंबर सीडिंग, पीवीटीजी डाकिया योजना तथा खाद्यान्न आपूर्ति से संबंधित प्रखंडवार प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने खाद्यान्न के सुरक्षित भंडारण के लिए बनाए गए गोदामों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने विभाग की ओर से संचालित योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राशन कार्डधारकों के लंबित आधार सीडिंग और मोबाइल नंबर सीडिंग का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि लाभुकों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुचारू रूप से मिल सके।

### रांची सदर अस्पताल में 300 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित

रांची । रांची जिले में चल रहे टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोमवार को रांची सदर अस्पताल में 300 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किया गया। यह किट स्वयंसेवी संस्था आरके एचआईवी की ओर से सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार और जिला टीबी (यक्ष्मा) पदाधिकारी डॉ. सिद्धेश्वर बास्की के हाथों मरीजों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि टीबी मरीजों के उपचार के साथ-साथ उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना भी बेहद जरूरी है।

# उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंजः** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने सोमवार को समाहरणालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा एवं प्रबंधन का जायजा लिया। जहां निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से मूल्यांकन किया और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वही उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वही उपायुक्त ने वेयरहाउस में फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। साथ ही साथ उन्होंने सभी कर्मियों को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। जहां उन्होंने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए ईवीएम की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। इस मौके पर, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू समेत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## फूलो झानो डिजिटल लाइब्रेरी का उपायुक्त ने किया उद्घाटन, कैरियर गाइडेंस फेस्ट कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जिले के युवाओं व युवतियों को मिलेगा डिजिटल संसाधनों, कैरियर मार्गदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का नया मंच

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंजः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की भावना को आगे बढ़ाते हुए जिले में युवाओं व युवतियों के शैक्षणिक और कैरियर विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ह्लकैरियर गाइडेंस फेस्टह्व एवं फूलो झानो डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन सोमवार को उपायुक्त हेमंत सती के करकमलों द्वारा किया गया। जहां इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

उधर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि सही समय पर सही मार्गदर्शन भी अत्यंत आवश्यक है। आगे उन्होंने कहा कि समाज के अधिकांश छात्र छात्राओं को यह स्पष्ट जानकारी नहीं होती कि 10 वीं और 12 वीं के बाद उनके सामने कितने व्यापक कैरियर विकल्प उपलब्ध हैं। जहां प्रायः विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर या कुछ पारंपरिक क्षेत्रों तक ही सीमित जानकारी रखते हैं, जबकि आज के दौर में कैरियर के असंख्य नए अवसर उपलब्ध हैं। जहां उन्होंने सभी छात्र छात्राओं से कहा कि पढ़ाई के साथ साथ वे अपने जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य और सपना निर्धारित करना बहुत जरूरी है। जहां यह सपना केवल कल्पना नहीं, बल्कि ऐसा लक्ष्य होना चाहिए जिससे व्यक्ति के जीवन के साथ साथ परिवार और समाज पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़े। यदि विद्यार्थी समय रहते अपने लक्ष्य के बारे में सोचेंगे और उसके अनुसार तैयारी करेंगे तो वे अपने जीवन में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त कर सकते हैं। वही उपायुक्त ने कहा कि आज के समय में इंटरनेट और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से ज्ञान के असीमित स्रोत उपलब्ध हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा फूलो झानो डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। इस लाइब्रेरी में आधुनिक कंप्यूटर, उच्च गति का वाईफाई, डिजिटल अध्ययन सामग्री तथा शांत अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराया गया है, जिससे छात्र छात्राएं घर बैठे प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकें। वही उन्होंने बताया कि यह लाइब्रेरी सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी और यहां बहुत ही न्यूनतम शुल्क पर छात्रों को अध्ययन की सुविधा दी जाएगी। साथ ही साथ समय समय पर कैरियर गाइडेंस, मोटिवेशनल सेशन तथा विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं व युवतियों को सही दिशा मिल सकें। उधर उपायुक्त ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भारत आज एक ह्लडेमोग्राफिक डिविडेंडह्व वाला देश है, अर्थात देश की सबसे बड़ी ताकत उसका युवा वर्ग है। यदि युवा अपनी ऊर्जा और क्षमता का सही उपयोग करेंगे तो देश तेजी से प्रगति करेगा लेकिन यदि युवा अपनी क्षमताओं का उपयोग नहीं कर पाए तो यही अवसर चुनौती में भी बदल सकता है इसलिए युवाओं को गंभीरता से पढ़ाई, कौशल विकास और कैरियर निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। वही कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी अपने संबोधन में कहा कि फूलो झानो डिजिटल लाइब्रेरी केवल एक भवन या पुस्तकालय नहीं है बल्कि यह जिले के युवाओं व युवतियों के सपनों को साकार करने का एक सशक्त माध्यम है। जहां डिजिटल माध्यम के जरिए विद्यार्थियों को नई नई जानकारियां, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, अध्ययन सामग्री और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बेहतर अवसर मिलेंगे। साथ ही साथ आयोजित कैरियर गाइडेंस फेस्ट कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को करियर के विविध विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, कौशल विकास तथा रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने भविष्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस मतीन तारीक सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक, विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि तथा सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। जहां कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे डिजिटल लाइब्रेरी का अधिक से अधिक उपयोग करें, अपने ज्ञान और कौशल को विकसित करें तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। जहां जिला प्रशासन द्वारा ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने का प्रयास आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# ट्रेन दुर्घटना में नाबालिग किशोरी की मौत मामले में पुलिस जांच में जुटी



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंजः** मालदा रेलमंडल अंतर्गत तीनपहाड़ रेलवे रैक लोडिंग पॉइंट के समीप बीते रविवार की रात को अप हावडा जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन से कट कर एक नाबालिक किशोरी की मौत होने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार बिहार के कजरैली थाना क्षेत्र के गौराचौकी निवासी अरविंद मंडल अपने परिजनो के साथ पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट स्थित तारापीठ मंदिर पूजा अर्चना करने के लिए गए हुए थे। जहां पूजा अर्चना करने के बाद सभी लोग अप हावडा जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन से वापस अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ट्रेन के धमधमिया रेलवे स्टेशन से खुलने के बाद मृतक नाबालिग किशोरी शौच करने के लिए गई जहां इसके बाद ट्रेन तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पहुँच गई लेकिन नाबालिग किशोरी शौचालय से वापस नही आई तो यह देख मृतक नाबालिग किशोरी के फूफा विकाश कुमार ने शौचालय जाकर देखा लेकिन वो शौचालय में नही थी तब तक ट्रेन तीनपहाड़ स्टेशन से खुल गई थी। यह देख सभी लोग हो हल्ला किया लेकिन कुछ पता नही चला। इसके बाद विकास कुमार कल्याणचक रेलवे स्टेशन में उतरकर वापस तीनपहाड़ आए और तीनपहाड़ से धमधमिया की तरफ रेल लाइन के किनारे से पैदल जाने लगे तभी उसने देखा कि रेलवे पोल संख्या 192/41 और 192/38 के बीच अप लाइन में नाबालिग किशोरी का शव पड़ा हुआ था। इसके बाद इसकी सूचना आरपीएफ को दिया गया जहां आरपीएफ ने इसकी जानकारी अपने वरीय अधिकारी और तीनपहाड़ थाना क्षेत्र की पुलिस को दिया। जहां सूचना मिलने के बाद तीनपहाड़ थाना के एएसआई ललन रजवार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुँचकर जांच किया। इसके बाद बरहरवा जीआरपी रेल थाना प्रभारी रामा शंकर प्रसाद, तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे, रेल थाना के एएसआई प्राण राज, कमलेश कुमार, आरपीएफ के अजय कुमार हांसदा घटनास्थल पर पहुँच कर शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए नाबालिग किशोरी का शव अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल भेज दिया गया। इस संदर्भ में बरहरवा जीआरपी रेल थाना प्रभारी रामा शंकर प्रसाद ने कहा कि नाबालिग किशोरी का शव देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ट्रेन से कटकर उसकी मृत्यु हुई है जहां पूरे मामले का जांच किया जा रहा है।

# बोरियो प्रखंड में सभी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की बैठक संपन्न

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**बोरियोः** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। जहां इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ स्तर पर चुनाव से संबंधित कार्यों की जानकारी देना एवं विभिन्न आवश्यक दिशा निदेर्शों पर चर्चा करना था। उधर इस बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और बूथ लेवल एजेंट उपस्थित रहे। इस अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से प्रखंड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू, सचिव गफ्फार अंसारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य रिजवान अंसारी सहित लगभग 110 बूथों से पार्टी के वीएलए शामिल हुए। जहां बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बूथ स्तर पर पारदर्शिता बनाए रखने, मतदाता सूची से संबंधित कार्यों तथा निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वही बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने भी अपने अपने सुझाव रखे और निर्वाचन कार्यों में प्रशासन को सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# मालदा रेलमंडल के डीआरयूसीसी सदस्य बनाए गए सुनील कुमार सिंहा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंजः** भारत सरकार के रेल मंत्रालय के द्वारा मालदा रेलमंडल ने सलाहकार समिति के रूप में साहिबगंज शहर के रहने वाले जदयू जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंहा को इसका सदस्य बनाया है। जहां इस बाबत सुनील कुमार सिंहा ने बताया कि वे जल्द ही मालदा रेलमंडल के उच्च अधिकारियों के साथ इस कमेटी के एक महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने के लिए जा रहे है जिसमें वे पूर्व रेलवे के उपेक्षित साहिबगंज रेल क्षेत्र की रेल सुविधाओं और रेलयात्रियों को कैसे अधिक से अधिक सुविधा प्रदान हो इस दिशा में अपनी बातों को रखेंगे और इसमें अपेक्षित सुधार करवाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। वही उन्होंने क्षेत्र की जनता से अनुरोध किया है कि रेल यात्रा के दौरान होने वाली असुविधाओं या सुधार के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव उन्हें कमेंट या मैसेज में दें ताकि वे उनकी आवाज एवं महत्वपूर्ण सुझाव को इस बैठक में रखते हुए साहिबगंज शहर को उसका पुराना गौरव लौटा सकें।

# यूपीएससी परीक्षा में पास होने के बाद नई दिल्ली से साहिबगंज आवास पहुंची निहारिका सिंहा

## परिजनों व गणमान्य लोगों ने किया भव्य स्वागत

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**साहिबगंजः** अगर हौसले बुलंद हो तो कोई भी कठिनाई पार किया जा सकता है जहां घर में रहकर सिविल सर्विसेज की तैयारी करके सबसे कठिन परीक्षा यूपीएससी पास करके 365 अंक लाने वाली शहर के कृष्णा नगर निवासी निहारिका सिंहा के नई दिल्ली से साहिबगंज स्थित आवास पर पहुंचने पर परिवार जनों, दोस्त, रिश्तेदारों, स्थानीय लोग व सहकर्मियों और समाजसेवियों ने स्टेशन में बुके देकर व अंग वस्त्र देकर उसका भव्य तरीके से स्वागत किया। वही साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर उतरते ही निहारिका सिंहा का बैंड बाजा के साथ भव्य स्वागत किया गया। जहां रेलवे स्टेशन परिसर से निकलने के बाद निहारिका सिंहा अपने कृष्णा नगर स्थित बड़ी दुर्गा मंदिर और बजरंगबली मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया व मोहल्ले के बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। उधर बाद घर पहुंचने पर प्रेसवार्ता करते हुए यूपीएससी सिविल सर्विसेज परीक्षा में 365 वां रैंक हासिल करने वाली निहारिका सिंहा ने कहा कि मई 2024 में उसकी यूपीएससी परीक्षा की जर्नी शुरू हुई। जहां दूसरे प्रयास में 365 वां रैंक उसने कड़ी मेहनत के बल पर प्राप्त किया। वही स्कूल से लेकर ग्रेजुएशन तक के शिक्षक और परिवारजनों का सहयोग उसे हमेशा मिलता रहा। वही उसके अभिभावक ने हमेशा उसका साथ दिया जहां कभी भी उसे किसी भी प्रकार का कोई भी तनाव नहीं दिया। आगे उन्होंने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र छात्राओं से कहा कि यूपीएससी सिविल सर्विसेज परीक्षा के लिए ऑनलाइन मैटेरियल बहुत सारा है उससे पढ़ाई करें। अगर 3 से 4 बार भी इस परीक्षा में आप फेलियर हो गए है तो बैकअप प्लान तैयार रखें जिसमें सबसे ज्यादा मजबूत है वही सब्जेक्ट को अपना ऑप्शनल सब्जेक्ट रखें। वही सबसे पहले अपने सिलेबस को बढ़िया से देखे उसके बाद ऑप्शनल सब्जेक्ट को पसंद करें। वही खुद रिसर्च करें, सेल्फ स्टडी करें, अपने ऊपर कॉन्फिडेंस बनाए रखें आपको हर परीक्षा में निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। आगे निहारिका सिंहा ने कहा कि रैंक के हिसाब से जो भी पोस्ट मिलेगा, जनता को बेहतरीन सेवा दूंगी। वही उन्होंने कहा कि जमीन से हमेशा जुड़ी रहूंगी। वही उन्होंने अन्य अभिभावकों से अपील किया कि वे अपने बेटियों के पढ़ाई लिखाई पर पूरा ध्यान दें, बेटियों को बेहतरीन शिक्षा दें उसे पढ़ाई लिखाई को लेकर कभी भी किसी भी तरह का कोई तनाव या दबाव न दें।वही इस परीक्षा में महिलाओं को घर का सहयोग चाहिए जहां सहयोग मिलेगा तो बेटियां कुछ भी कर सकती है। वही निहारिका ने बताया कि वो प्रतिदिन 8 से 12 घंटा की सेल्फ पढ़ाई करती थी। वही सोशल मीडिया और मोबाइल का उपयोग सिर्फ डिजिटल पढ़ाई और पढ़ाई से रिलेटेड मैटिरियल उपाय करने के लिए किया करती थी जहां पूरा फोकस अपने लक्ष्य यूपीएससी परीक्षा पास करने पर था। वही निहारिका सिंहा के पिता निरंजन सिन्हा जो पेशे से एक दर्जी है ने कहा कि बेटी की इस सफलता पर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा है, कभी भी बेटी को डिप्रेशन में नहीं डालने का काम नहीं किया है। वही पढ़ाई के प्रति हर कुछ पूरा किए हैं।

# जिले में नव चयनित आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को दिया गया नियुक्ति पत्र

## एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला हुई आयोजित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंजः** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा आरएम जनमन एवं डीए जगुआ योजना के अंतर्गत जिले में नव चयनित आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं के बीच नियुक्ति पत्र वितरण तथा एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को सिद्धो कान्हू सभागार में किया गया। जहां इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त हेमंत सती एवं उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा उपस्थित रहे। उधर कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों का स्वागत नन्हा पौधा भेंट कर किया गया जिसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उपायुक्त हेमंत सती ने अपने संबोधन में नव चयनित सेविका एवं सहायिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों को भोजन कराने का स्थान नहीं है, बल्कि यह देश के भविष्य के निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है। आगे उन्होंने कहा कि बच्चे के जन्म से लेकर शुरूआती 1500 दिनों तक उसके मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं जहां इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं की देखभाल की जाती है। वही उन्होंने सभी सेविकाओं से आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें तथा आंगनबाड़ी केंद्र को अपने दूसरे घर की तरह संचालित करें। वही उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि नव नियुक्त सेविका एवं सहायिकाओं के लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। जहां उन्होंने केंद्र को नियमित रूप से समय पर खोलने, बच्चों की उपस्थिति, पोषण, स्वच्छता, पेयजल एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से केंद्र की गतिविधियों की ऑनलाइन निगरानी की जाती है, इसलिए सभी पैरामीटर को सही तरीके से दर्ज करना अनिवार्य है। उधर कार्यक्रम के दौरान कुल 17 नव चयनित आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आईटीडीए सह प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार दास सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# रेलवे पुल की सीढ़ी से गिरकर कमल टोला निवासी व्यक्ति घायल

## सदर अस्पताल में भर्ती



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंजः** मालदा रेलमंडल अंतर्गत साहिबगंज रेलवे स्टेशन के समीप बने रेलवे पुल की सीढ़ी से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया। जहां घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। उधर सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने फौरन घायल व्यक्ति का प्राथमिक इलाज किया। बताया जा रहा है कि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कमल टोला निवासी नींदचंद्र राय किसी काम को लेकर हाट बाजार गए हुए थे जहां वापस घर लौटने के दौरान रेलवे पुल की सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां घायल के चेहरे पर गंभीर चोट आई है जिसका सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज किया गया।

# राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लाई जाएगी प्रोत्साहन नीति : सम्राट चौधरी

## नकारात्मक लोगों के कारण बंद हो गई थी बिहार की चीनी मिलें : विजय सिन्हा

एजेंसी



**पटना।** बिहार में बंद पड़ीं चीनी मिलों के चालू करने के साथ ही 25 नई चीनी मिलों की स्थापना और गन्ना की पैदावार बढ़ाने को लेकर सोमवार को गन्ना उद्योग विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय गन्ना प्रौद्योगिकी सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन राज्य के उपमुख्यमत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा, उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। अध्यक्षता गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने की।

इस अवसर सम्राट चौधरी ने कहा कि शीघ्र ही प्रोत्साहन नीति-2026 लाई जाएगी और इसके माध्यम से राज्य में उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग मजदूरी करने के लिए बाहर जाते हैं, उन्हें पांच वर्ष के अंदर चिन्हित कर बिहार में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। यह सरकार की प्राथमिकता है और इस पर कार्य भी शुरू कर दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था का ज्ञान इसी बिहार ने दिया है। गन्ना उत्पादन और चीनी उत्पादन के क्षेत्र में बिहार बहुत आगे था, लेकिन हम गन्ना के क्षेत्र में काफी पीछे छूट गए हैं। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों और गन्ना किसानों से अपील करते हुए कहा कि नई तकनीकी के साथ पुरानी पद्धति की ओर लौटना है, तभी हम अच्छी खेती कर पाएंगे। खेती की पुरानी पद्धति में कैसे लौटे इसपर भी चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने प्राकृतिक खेती, उन्नत बीज, औषधि और किसानों को होने वाली चुनौती का समाधान कराने पर बल दिया।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में पहले जितने चीनी मिले थीं, वह धीरे-धीरे बंद होती गईं। अब सरकार ने बंद मिलों को चालू कराने के साथ ही नई चीनी मिलें लगाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। आज बिहार में 10 चीनी मिलें चालू हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने चुनावी सभा के दौरान मंच से बिहार में 25 नई चीनी मिलें लगाने की घोषणा की थी। वह आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में धरातल पर उतरने जा रही है। उन्होंने कहा कि अब एआई को ताकत बनाने का समय आ गया है। नई तकनीक को अपनाकर आगे बढ़े।

सेमिनार को संबंधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सह राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आजादी के समय हमारा बिहार गन्ना के क्षेत्र में काफी आगे था, लेकिन बदहाली के कारण इसे गर्त में पहुंचा दिया गया। अब मौसम बदला है और डबल इंजन की सरकार विकास को गति देने में लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि बिहार अब तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। नीयत साफ होगी, तो सफलता जरूर मिलेगी। राज्य में पहले 16 चीनी मिलें थी, लेकिन कुछ नाकारात्मक लोगों के कारण यह चीनी मिलें बंद हो गई थीं। आज 10 चीनी मिलें चालू हैं। वर्षों की बीमारी को दूर करने के लिए हम सभी मिलकर कार्य करेंगे, तो बिहार आगे बढ़कर रहेगा।

उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि अपनी खोई हुई विरासत को पाने के लिए सरकार तेजी से कार्य कर रही है। गन्ना वासंतिक फसल के रूप में जाना जाता है और बसंत हमारे मिठास के प्रतिक है। गन्ना उद्योग विभाग ने किसानों के हित के लिए कई योजनाएं शुरू की है, ताकि किसानों को इसका लाभ मिल सके। गन्ना किसानों को पांच एक-ड़ तक मुफ्त बीज दिया जा रहा है। अनुदान पर यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सरकार ने छोटे किसानों और मजदूरों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। बिहार के मजदूर अब मजबूर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सहकारिता विभाग भी चीनी मिलें चलाने जा रही है। उत्तर बिहार के साथ ही दक्षिण बिहार के जिलों में भी चीनी मिलें स्थापित की जाएंगी। गन्ना की खेती के लिए उन्नति तकनीक को अपनाया जा रहा है।

उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार का इतिहास गवाह है कि हम चीनी उत्पादन में देश के अग्रणी राज्य में थे। गन्ने की खेती के लिए बिहार बरदान है। उत्तर बिहार की भूमि बेहतर है। राज्य में गन्ना की खेती को बेहतर बनाने की दिशा में विभाग तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना 2016 बनाई गई है। नई एथनॉल प्रोत्साहन नीति बनाई गई है। गन्ना केवल चीनी ही नहीं, बल्कि इंधन बनाने का कार्य करेगा। गन्ने की खेती में जलजमाव एक समस्या है। कीटों के प्रकोप से गन्ना को बचाने और किसानों को भुगतान पर भी सरकार तत्पर है। उन्होंने कहा कि गन्ना उद्योग विभाग तेजी से कार्य कर रहा है। आने वाले समय में यह विभाग आर्थिक गाथा लिखने वाला है। उन्होंने किसानों से बेहतर करने के साथ ही गन्ना की पैदावार बढ़ाने की अपील की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने कहा कि गन्ना किसानों के हितों के लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। किसानों की मांग पर गन्ना का मूल्य भी बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि बिहार के चीनी मिलों से चीनी का उत्पादन होगा, तो मिठी चाय पीएंगे। उस दिशा में कार्य शुरू कर दिए गए हैं। सरकार गठन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहली कैबिनेट की बैठक में ही बंद पड़ी चीनी मिलों और नई चीनी मिलों को स्थापित करने का प्रस्ताव लाया था। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि किसान कैसे खुशहाल हो, गन्ना उत्पादन कैसे बढ़ेगा इस पर लगातार चर्चा की जा रही है। गन्ना किसानों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। राज्य के 66 हजार एकड़ जमीन को जल जमाव से मुक्ति के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि उद्योग स्थापित कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सात निश्चय-3 के अंतर्गत उद्योग के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में सबसे पुरानी और पहला चीनी मिल मढ़ौरा की थी, जिसे सबसे पहले 1904 में स्थापित किया गया था। उन्होंने कहा कि राज्य की बंद चीनी मिलों को खोलने और 25 नई चीनी मिलों को स्थापित कराने का सरकार ने संकल्प लिया है। गन्ना उद्योग के क्षेत्र में और उद्योग के क्षेत्र में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं जो आने वाले समय में देखने को मिलेगा।

### एक नजर

### छह माह से लापता युवक को सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात यादव ने परिवार से मिलाया



**अररिया।** फारबिसगंज में मानवता और इंसानियत की एक मिसाल उस समय देखने को मिली,जब सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात यादव की पहल से छह माह से लापता एक युवक अपने परिवार से मिल सका। जानकारी के अनुसार,जमुई जिले का निवासी विनोद तुड़ी पिछले छह महीने से घर से लापता था और उसका मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक नहीं बताया जा रहा था। परिवार के लोग लंबे समय से उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। शनिवार की रात करीब 11 बजे फारबिसगंज के बथनाहा फोरलेन सड़क किनारे एक युवक को सोए हुए अवस्था में देखकर सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात यादव की नजर उस पर पड़ी। संदिग्ध स्थिति में सड़क किनारे सोए युवक को देखकर उन्होंने मानवीय संवेदना दिखाते हुए उससे बातचीत की और उसके बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम विनोद तुड़ी बताया और अपने घर का पता जमुई जिला बताया। युवक की मानसिक स्थिति को देखते हुए प्रभात यादव उसे अपने घर ले आए और उसे भोजन,रहने की व्यवस्था तथा जरूरी देखभाल उपलब्ध कराई। प्रभात यादव ने न केवल उसे सुरक्षित स्थान दिया बल्कि दो दिनों तक अपने घर पर रखकर उसकी सेवा भी की और उसके परिवार तक सूचना पहुंचाने का प्रयास किया। इसी दौरान उन्होंने जमुई जिले के लोगों से संपर्क साधा तथा सहरसा विधायक इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता और जमुई के सामाजिक कार्यकर्ता अनुराग कुमार सिंह से संपर्क कर युवक के बारे में जानकारी साझा की। इसके बाद युवक के परिजन तक सूचना पहुंची। सूचना मिलने के बाद रविवार को युवक के पिता गुली तुडी फारबिसगंज पहुंचे और अपने बेटे को सकुशल देखकर भावुक हो उठे। प्रभात यादव ने पूरे सम्मान के साथ विनोद तुड़ी को उसके पिता के सुपुर्द कर विदाई दी। बेटे को वापस पाकर पिता ने प्रभात यादव का आभार जताते हुए कहा कि यदि समय पर मदद नहीं मिलती तो पता नहीं उनके बेटे का क्या होता। स्थानीय लोगों ने भी प्रभात यादव की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में जहां लोग अनजान व्यक्ति की मदद करने से कतराते हैं, वहीं प्रभात यादव ने मानवता का परिचय देते हुए एक परिवार को उसकी खोई हुई खुशी वापस दिलाने का काम किया है। प्रभात यादव ने कहा कि समाज में मानवता सबसे बड़ा धर्म है और यदि कोई व्यक्ति असहाय अवस्था में मिलता है तो उसकी मदद करना हर इंसान का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अगर समाज के लोग मिलकर ऐसे लोगों की मदद करें तो कई परिवारों को उनकी खोई हुई खुशियां वापस मिल सकती हैं।

### असहाय,निराश्रित एवं नि:शक्त महिलाओं को किया गया सम्मानित




**पूर्वी चंपारण।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लायंस क्लब इंटरनेशनल से जुड़े लायंस क्लब रक्सौल (भारत) और वीरगंज (नेपाल) के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को शहर के बाईपास रोड स्थित माहेर ममता निवास में आवासित असहाय, निराश्रित एवं निःशक्त महिलाओं के साथ सम्मानपूर्वक महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लायन बिमल सर्राफ, लायन मोहम्मद निजामुद्दीन, लायन डॉ सुशील सिंह, लायन पिया सिंह, लायन प्रभात आनंद, लायन प्रसिद्धि आनंद, थाना प्रभारी हरैया किशन पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर लायंस क्लब रक्सौल की ओर से महिलाओं के बीच वस्त्र एवं पौष्टिक अल्पाहार वितरित किया गया, जबकि नेपाल के बीरगंज स्थित लायंस क्लब ऑफ सेस्मी एकेडमी द्वारा आटा, चावल, आलू, प्याज सहित अन्य गृहपयोगी खाद्य सामग्री प्रदान कर महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लायंस क्लब रक्सौल के अध्यक्ष लायन बिमल कुमार सर्राफ, लायन मोहम्मद निजामुद्दीन एवं लायन डॉ सुशील सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति समाज की प्रतिबद्धता को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और नेपाल के बीच सदियों से सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध रहे हैं और इस संयुक्त आयोजन के माध्यम से दोनों देशों के अंतरराष्ट्रीय संबंधों को और सुदृढ़ करने के साथ एक नया आयाम प्रदान करने का प्रयास किया गया है। लायंस क्लब ऑफ सेस्मी एकेडमी, बीरगंज (नेपाल) की अध्यक्षा लायन पिया सिंह ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग की सेवा ही सच्ची मानवता है। महिला दिवस के अवसर पर जरूरतमंद महिलाओं के बीच सहयोग और सम्मान का यह प्रयास प्रेरणादायक है।मौके पर माहेर ममता निवास के परियोजना प्रभारी वीरेंद्र कुमार, लेखापाल सुप्रिया बोदरा, चालक छोटे लाल माली के साथ हरैया थाना के पुलिस बल की भी मौजूदगी रही।

### पार्षद का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल, मेयर पर मनमानी और भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

**भागलपुर।** भागलपुर नगर निगम में मेयर की कार्यशैली और कथित भ्रष्टाचार को लेकर विवाद सामने आया है। वार्ड संख्या 13 के पार्षद रंजीत मंडल ने पार्षदों के अधिकारों के हनन और नगर निगम में हो रही कथित मनमानी के विरोध में सोमवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। रंजीत मंडल नगर निगम परिसर में ही धरने पर बैठ गए हैं। उनका आरोप है कि नगर निगम में नियमों को दरकिनार कर काम किया जा रहा है और पार्षदों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों और ठेकों में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। पार्षद का यह भी आरोप है कि नगर निगम में असामाजिक तत्वों को ठेकेदारी दी जा रही है। जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने मांग की है कि नगर निगम प्रशासन इस मामले की जांच कराए और पार्षदों को उनके अधिकार दिए जाएं। उन्होंने कहा है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती तब तक उनका अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत




**पूर्वी चंपारण।** हरसिद्धि थाना क्षेत्र के हरसिद्धि-अरेराज मुख्य मार्ग पर घीवाढार पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, मृतक की पहचान तुरकौलिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर बैरिया निवासी ध्रुव राम के पुत्र गुड्डु कुमार (30) के रूप में की गई है । बताया जाता है कि गुड्डु कुमार यादवपुर के चैनपुर से अपने घर ग्लैमर बाइक **BR05 AA** 2104 से लौट रहे थे, इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम और हरसिद्धि थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान के लिए जांच की जा रही है, वहीं स्थानीय मुखिया वीरेंद्र कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है।

## खनन निरीक्षक से मारपीट और ट्रैक्टर छुड़ा ले जाने के मामले में दो गिरफ्तार

**सारण।** नगर थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई करने गए खनन निरीक्षक के साथ मारपीट करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना बीते 8 मार्च 2026 की है, नगर थाना क्षेत्र में खनन निरीक्षक प्रदीप कुमार बिना वैध चालान के पीला बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को रोककर कार्रवाई कर रहे थे। इसी दौरान अन्य ट्रैक्टर चालकों और लाइनरों ने एकजुट होकर खनन निरीक्षक और उनके चालक पर हमला कर दिया। उपद्रवियों ने न केवल उनके साथ मारपीट की, बल्कि सरकारी वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और अपने साथी को छुड़ाकर फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 1 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने त्वरित छापेमारी करते हुए इस मामले में दो अप्राथमिकी अभियुक्तों को पकड़ा लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान नागेन्द्र राय पिता स्व जनार्धन राय, और बृज किशोर राय, पिता स्व जगदेव राय थाना मुफ्फसिल के रूप में हुई है। इस मामले में नगर थाना में कांड दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम अन्य फरार अभियुक्तों की पहचान के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन में संलिप्त माफियाओं और कानून-व्यवस्था हाथ में लेने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी 49 फरियादियों की समस्याएं

एजेंसी



**सारण।** सबका सम्मान, जीवन आसान के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए जिलाधिकारी द्वारा समाहरणालय में जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने जिले के विभिन्न कोनों से आए 49 आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही दिशा-निर्देश जारी किए।

अमनौर में करीब 20 परिवारों का रास्ता दबंगों द्वारा बाधित किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को तत्काल स्थल जांच कर रास्ता खुलवाने का आदेश दिया। मशरक में दखल दिहानी के अदालती आदेश का पालन न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने अंचलाधिकारी मशरक को अनुपालन का निर्देश देते हुए कहा कि इस मामले की स्वयं अपने स्तर से भी सुनवाई करेंगे।

मढ़ौरा के एक बुजुर्ग द्वारा अपने पुत्र पर मारपीट और घर से निकालने की धमकी देने की शिकायत को प्रशासन ने अत्यंत संवेदनशीलता से लिया। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी को भरण पोषण अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। राम जानकी पथ परियोजना में दस्तावेज नष्ट होने के कारण रुके मुआवजे के मामले में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को जांच कर भुगतान प्रक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

दरियापुर में गलत दाखिल-खारिज की शिकायत पर डीसीएलआर सोनपुर को जाँच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मढ़ौरा के एक आवेदक द्वारा सामुदायिक विवाह भवन हेतु जमीन दान देने पर लगने वाले निबंधन शुल्क को माफ करने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने सकारात्मक रुख अपनाया और प्रखंड विकास पदाधिकारी को अविलंब प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का पारदर्शी और समयबद्ध समाधान है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया जाएगा।

## स्कूली बच्चों ने वर्ल्ड कप चैंपियन भारत को अनोखे अंदाज में दी बधाई, टी 20 का बनाया मानव श्रृंखला

एजेंसी



**अररिया।** गुजरात के अहमदाबाद स्टेडियम में टी 20 वर्ल्ड कप क्रिकेट के फाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा न्यूजीलैंड को परास्त करने के बाद लगातार भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई मिल रही है और हरेक क्रिकेट प्रेमी जीत के जश्न में शामिल है।देर रात से ही विभिन्न चौक चौराहों पर क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर पटाखे फोड़े और आतिशबाजी की।

क्रिकेट प्रेमियों के होली,दिवाली और ईद एक साथ मनाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।इसी क्रम में फारबिसगंज प्रखंड के तिरसकुंड पंचायत के प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा के स्कूली बच्चों ने सोमवार को अनोखे अंदाज में चैंपियन बने भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी।बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर टी 20 लिखकर विश्व विजेता भारतीय टीम को शुभकामनाएं दी। साथ ही स्कूली बच्चों ने भारत माता की जय,इंडिया जिंदाबाद आदि नारे लगाए।पूर्व स्कूल प्रधान कुमार राजीव रंजन के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व विजेता बनने का जश्न मनाया गया।

मौके पर स्कूल के प्रधान शिक्षक मिथिलेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम की मेहनत और जज्बे ने आज हर भारतीय का सिर ऊंचा कर दिया है। वहीं कवि सह शिक्षक संजीत कुमार निगम ने स्व रचित कविता गाकर भारतीय टीम को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शिक्षक रंजीत कुमार मंडल ने भारत की प्रचंड जीत पर अपने ओर से सभी विद्यालय परिवार को रसगुल्ला खिलाकर मुंह मिठा करवाया।पूर्व प्रधान शिक्षक कुमार राजीव रंजन ने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम तीन बार विश्व कप जीतने वाला पहला मुल्क है और न केवल भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार जीत दर्ज की,बल्कि जीत के साथ कई मिथक को भी तोड़ दिया।गुजरात के अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम भारत के लिए यादगार बन गया।

## सत्संग श्रवण से सज-संवर जाता है मानव जीवन : राजन जी महाराज

एजेंसी

**सीवान।** सीवान नगर के वी.एम.एच.ई. इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा के प्रथम दिन अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य राजन जी महाराज ने सत्संग और श्रीरामचरितमानस की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सत्संग की महिमा निराली है, जो लोग नियमित रूप से सत्संग का श्रवण करते हैं, उनका जीवन स्वतः ही सज-संवर जाता है। जिस प्रकार मोटर वाहनों को समय-समय पर सर्विसिंग की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार मनुष्य के बेहतर मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए सत्संग एक सर्विस सेंटर की तरह कार्य करता है। कथा के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि मनुष्य की जितनी पात्रता होती है, उसके पात्र में उतनी ही सामग्री आती है। सत्संग वास्तव में पात्रता का निर्माण करता है और जीवन को सकारात्मक दिशा देता है। कथावाचन के दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या धाम की महिमा का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रामनवमी के अवसर पर जो श्रद्धालु अयोध्या पहुंचते हैं, उन्हें अनेक तीर्थों के दर्शन का पुण्य फल प्राप्त होता है। इसलिए जीवन में समय रहते आस्था और श्रद्धा को व्यक्त करते हुए तीर्थ यात्रा अवश्य करनी चाहिए। राजन जी महाराज ने कहा कि श्रीरामचरितमानस केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि एक महान ग्रंथ है, जो मन में बंधी ग्रंथियों को खोलने का कार्य करता है।

## अंचल कार्यालय में हड़ताल का असर, दाखिल-खारिज से लेकर आरटीपीएस सेवा तक ठप

एजेंसी

**अररिया।** जिले के नौ प्रखंडों में स्थित अंचल कार्यालय के अधिकारी अंचलाधिकारी और राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो गया है। हड़ताल के कारण जमीन से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सामान्य दिनों की तुलना में काफी सन्नाटा पसरा हुआ नजर आया। सामान्य दिनों में जहां अंचल कार्यालय और आरटीपीएस काउंटर पर लोगों की भीड़ लगी रहती है, वहीं हड़ताल के कारण प्रखंड परिसर में काफी कम लोग नजर आए। कई लोग काम के सिलसिले में अंचल कार्यालय पहुंचे, लेकिन अधिकारियों के हड़ताल पर रहने के कारण उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। आरटीपीएस काउंटर भी लगभग खाली पड़ा रहा और वहां कामकाज काफी धीमी गति से चलता दिखा। जानकारी के अनुसार, राजस्व सेवा से जुड़े अधिकारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राज्यव्यापी हड़ताल पर हैं। इसका सीधा असर अंचल कार्यालय के कामकाज पर पड़ा है। हड़ताल के कारण जमीन से जुड़े मामलों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है और कई महत्वपूर्ण फाइलें लंबित हो गई हैं।अंचल कार्यालय में सबसे अधिक प्रभावित होने वाले कार्यों में दाखिल-खारिज, जमीन की ऑनलाइन रसीद कटाना, जमाबंदी सुधार, परिमार्जन, सीमांकन, एलपीसी जारी करना, भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई, जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़े कागजातों की प्रक्रिया तथा अन्य राजस्व कार्य शामिल हैं। इन सेवाओं के प्रभावित होने से किसानों,जमीन की खरीद-बिक्री करने वाले लोगों, छात्रों और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। किसानों का कहना है कि खेती से जुड़े कई कामों के लिए जमीन का कागजात आवश्यक होता है। दाखिल-खारिज और रसीद नहीं कटने से उन्हें बैंक से ऋण लेने में परेशानी हो रही है। वहीं छात्र और नौकरी के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को भी जमीन और निवास से जुड़े प्रमाण पत्रों के सत्यापन में कठिनाई हो रही है। कई ग्रामीण इलाकों से आए लोगों ने बताया कि वे सुबह से ही अंचल कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन अधिकारियों के हड़ताल पर रहने के कारण उनका काम नहीं हो सका। बार-बार कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

इस संबंध में फारबिसगंज के अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी ने बताया कि राजस्व पदाधिकारियों के हड़ताल पर रहने के कारण अंचल कार्यालय के कई कार्य प्रभावित हुए हैं।